वर्ष-31, अंक- 303, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
20 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों रुपये की संपत्ति जलकर हुई खाक

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मिडिल स्कूल में मंगलवार को आयोजित दिव्यांगता शिविर के दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस घटना में स्कूल परिसर में रखे बैट्री-इनवर्टर, विद्युत तार हारमोनियम समेत कई उपकरण जलकर राख हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगते ही शिविर में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान प्रखंड भर के स्कूलों से आए दिव्यांग बच्चे व उनके गार्जियन भयभीत हो गए। हालात गंभीर होते देख स्कूल के सहायक शिक्षक मिथलेश कुमार सोनू और विजय कुमार ने तुरंत अपनी सूझबूझ दिखाई और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद विद्यालय में मौजूद अग्निशामक यंत्र हुआ फेल तब तत्काल प्रतापपुर थाना और ब्लॉक कार्यालय से लाए गए अग्नि रोधक यंत्र की मदद से आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया गया।

### आईएएस अधिकारी विनय चौबे को मिली जमानत

**रांची।** राज्य में हुए शराब घोटाला मामले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को मंगलवार को एसीबी कोर्ट से बड़ी राहत मिली। एसीबी कोर्ट ने बीएनएसएस की धारा 187(3) के तहत मंगलवार को उन्हें जमानत दे दी। विनय चौबे की गिरफ्तारी के 92 दिनों बाद भी एसीबी ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की थी। इसी आधार पर उन्हें राहत मिली। उनकी ओर से अधिवक्ता देवेश आजमानी ने पक्ष रखा।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# यूरिया खाद पर कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं, अनुज्ञप्ति रद्द होगी : उपायुक्त

● वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए सख्त निर्देश, एमआरपी से अधिक बिक्री पर कड़ी कार्रवाई का आदेश

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** धान की फसल के इस अहम मौसम में किसानों को यूरिया खाद की सबसे अधिक ज़रूरत है, लेकिन जिले में इसकी कालाबाजारी और मनमानी बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। किसान आरोप लगा रहे हैं कि कई थोक व खुदरा विक्रेता यूरिया खाद एमआरपी से अधिक दर पर बेच रहे हैं और यूरिया के साथ अनावश्यक सामग्री (जैसे एंजाइम, बाल्टी) खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। इस पर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने सोमवार



को जिले के सभी अंचल अधिकारियों और अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य 266 रुपये प्रति पैकेट है, उससे अधिक दर पर बिक्री करने वाले दुकानदारों पर सीधे अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने आदेश दिया कि सभी थोक और खुदरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाए और रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध कराई जाए।

शेष पेज 11 पर...

## पलामू सांसद ने लोकसभा में उठाया अतिवृष्टि का मुद्दा

# विशेष सहायता राशि, आवास व सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने झारखंड राज्य विशेषकर पलामू और गढ़वा जिलों में हुई अतिवृष्टि से जनजीवन को हुए व्यापक नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लगातार हुई बारिश से कई घरों में पानी भर गया, मकान ढह गए, लोग बेघर होकर सड़कों पर टेंट में रहने को मजबूर हो गए हैं। अस्पताल,



स्कूल और सड़कें पानी में डूब जाने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि झारखंड को विशेष सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अतिरिक्त मकान दिए जाएं और सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए अलग बजट आवंटित किया जाए ताकि प्रभावित लोगों का जीवन पटरी पर लौट सके। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि सांसद विष्णु दयाल राम लगातार प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और केंद्र व राज्य सरकार के साथ संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद की प्राथमिकता हर हाल में पलामू और गढ़वा के लोगों को राहत और सहायता दिलाना है।

## आईजी अभियान ने नक्सल उन्मूलन अभियान को ले दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की, कहा-

# पलामू में सक्रिय माओवादियों के खिलाफ तेज हो अभियान

● फरार नक्सलियों के विरुद्ध लंबित इश्तेहार एवं कुर्की-जब्ती की भी हुई समीक्षा

नवीन मेल डेस्क




**रांची।** राज्य के पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) डॉ माइकलराज एस. ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में नक्सल उन्मूलन अभियान के संदर्भ में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने 10 जून 2025 को नक्सल उन्मूलन अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की थी और कई निर्देश दिए थे।

डॉ माइकलराज एस. ने समीक्षा बैठक में कहा कि पलामू क्षेत्र में सक्रिय माओवादियों एवं स्प्लिंटर ग्रुप्स के विरुद्ध अभियान तेज किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षकों ने इस वर्ष अभी तक जेल से बाहर जमानत पर छूटे सभी नक्सली एवं उनके सहयोगियों के सत्यापन के संबंध में जानकारी दी। इस पर आईजी (अभियान) ने उन सभी की नियमित रूप से निगरानी करने के लिए निर्देश दिया।

पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) ने समीक्षा के क्रम में कहा कि पूर्व में लंबित 17 सीएलए एक्ट/यूएपी एक्ट के कांडों के अनुसंधान को पूर्ण करते हुए इसका त्वरित निष्पादन किया जाए। बैठक में फरार नक्सलियों के विरुद्ध लंबित इश्तेहार एवं कुर्की-जब्ती की भी समीक्षा की ई। आईजी (अभियान) ने उनके विरुद्ध पुरस्कार प्रस्ताव समर्पित करने का भी निर्देश दिया। साथ ही, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थापित पुलिस पिकेट पर उपलब्ध व्यवस्था के संबंध में भी व्यापक रूप से चर्चा की गई। बैठक में चौथे मनोज रतन, पुलिस उप-महानिरीक्षक, एसआईबी, अमित रेणु पुलिस अधीक्षक, अभियान एवं नाथु सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक (एसआईबी) भौतिक रूप से एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू, पुलिस अधीक्षक लातेहार / पलामू / गढ़वा एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है हेमंत सरकार



हेमंत सोरेन सरकार राज्य में नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले छह-सात महीने से नक्सलियों के खिलाफ अभियान में राज्य पुलिस को लगातार सफलता मिली है। वर्ष 2025 में जून तक 17 कुख्यात नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया। कुल 113 हथियार बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, 8591 गोली, 176.5 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए हैं। 4,51,047 रुपए लेवी की राशि भी बरामद हुई। साथ ही, नक्सलियों द्वारा बिछाए गए 179 आईईडी को बरामद कर नष्ट किया गया। जून 2025 तक कुल 197 नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया गया है। कई नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण भी किया है।

## संसद में उठे झारखंड के कई मुद्दे

# सांसद चौधरी ने उठाया नाइजर में श्रमिकों के अपहरण का मामला

लोकसभा

नवीन मेल न्यूजनेटवर्क



**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के गिरिडीह लोकसभा सीट से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मंगलवार को लोकसभा में पश्चिमी अफ्रीकाके नाइजर के तिल्लाबेरी में काम कर रहे गिरिडीह के पांच मजदूरों के अपहरण कामामलाउठाया। उन्होंने कहा कि यह घटना पिछले 25 अप्रैल की है। इस घटना हुए तीन महीने से ज्यादा समय गुजर चुका है, लेकिन उनके संबंध में अभी तक कोई ठोस सूचना परिजनों को नहीं मिली है। स्थिति यह है कि इन अपहृत मजदूरों के परिवार भावनात्मक एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोकसभा में बताया कि इस घटना में 12 सुरक्षाकर्मी की हत्या भी हो चुकी है। ये सभी कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड परियोजना में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि एमईए (मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटरनल अफेयर्स) और भारतीय दूतावास में स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराई जाए कि अपहृत मजदूरों की स्थिति क्या है, वे कहां है, और किस प्रकार की रिहाई की कारवाई जारी है? यदि कोई जीवित प्रमाण (प्रूफ ऑफ लाइफ) प्राप्त हुआ है, तो उसका विवरण साझा किया जाए। सांसद ने अपहृत मजदूरों की रिहाई एवं सुरक्षा सुनिश्चित सुनिश्चित करने के लिए क्या विशेष मिशन, समयबद्ध, आर्थिक कार्य योजना और राहत पैकेज, जैसे चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक समर्थन, आर्थिक सहायता आदि तैयार की गई है, के बारे में भी जवाब मांगा है। उन्होंने मजदूरों की परिवारों को सरकार द्वारा क्या सहायता और मुआवजा दिया प्रदान किया जा रहा है, विशेष कर तब जब ये परिवार वित्तीय रूप से बेहद निर्बल हैं, को लेकर भी जवाब मांगा है। उन्होंने इस मामले को नियम 377 के अधिसूचना क्रम संख्या 29 के तहत लोकसभा में उठाया।

### खनन माफिया के इशारे पर हुई सूर्या हांसदा की हत्या : सांसद आदित्य साहू

**रांची/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को राज्यसभा में सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि आदिवासी की हितैषी बनने का ढोंग करने वाली हेमंत सरकार युवा आदिवासी नेता की हत्या करवाती है। कहा कि सदन में कांग्रेस व राजद के लोग जोर-जोर से चिल्लाते हैं, सदन नहीं चलने देते हैं, लेकिन दूसरी ओर इन दलों के समर्थन से चलने वाली राज्य सरकार में अत्याचार, अन्याय, अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने वाले सूर्या हांसदा जैसे लोगों की हत्या की जाती है। आदित्य साहू ने कहा कि सूर्या हांसदा का परिवार जनजाति समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक व्यवस्था का अगुआ है। स्वयं स्व. सूर्या हांसदा सैकड़ों अनाथ बच्चों को शिक्षा देते थे। उनके लिए भोजन, आवास की व्यवस्था करते थे।

## आज / कल




## पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

● दो पिस्टल, 50 राउंड कारतूस और लेवी के 22 हजार बरामद

● विदेशी ब्लॉक वेपन भी पुलिस ने किया बरामद

● सिंगरा फ्लाई ओवर गोलीकांड में शामिल थे अपराधी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। एएसपी अभियान राकेश सिंह ने प्रेसवर्ता में बताया कि नेशनल हाइवे में चल रहे काम में लेवी लेने के लिए चार अपराधी हावी है और फायरिंग करने के फिराक में हैं। सूचना के आधार पर एसडीपी सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने पोखराहा अकड़ाही आहर नेशनल हाइवे के पास दो बाइक पर चार व्यक्ति संदेहास्पद पाये गए। संदेह होने पर पुलिस ने चारों की तलाशी लिया गया।


शेष पेज 11 पर...

# कुलदीप द्विवेदी बनाए गए सीबीआई के संयुक्त निदेशक

● झारखंड कैडर के आईपीएस हैं, रांची के एसएसपी भी रह चुके हैं

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक बनाया गया है। इससे पहले वे सीबीआई में डीआईजी के पद पर थे। ज्ञात हो कि कुलदीप द्विवेदी झारखंड के कई जिलों सहित रांची के एसएसपी पद पर भी सेवा दे चुके हैं। कुलदीप द्विवेदी के सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार सीबीआई के डीआईजी के रूप में कार्यरत कुलदीप द्विवेदी (आईपीएस) को



सीबीआई का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। कुलदीप द्विवेदी झारखंड कैडर के 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उनका कार्यकाल 17 जनवरी, 2029 तक रहेगा, जब तक वे पांच वर्ष की प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी नहीं कर लेते या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो। कुलदीप द्विवेदी राजधानी रांची के एसएसपी के पद पर भी अपनी सेवा दे चुके हैं। वे गढ़वा एवं कई अन्य जिलों में भी एसपी के पद पर रहे हैं। द्विवेदी को उनकी ईमानदार छवि और सख्त अनुशासनप्रिय कार्यशैली के लिए जाना जाता है। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। राज्य में उन्होंने कई दुर्दांत नक्सलियों और अपराधियों को गिरफ्तार किया था। कई का एनकाउंटर भी किया था। असम-मेघालय कैडर (वर्ष 2007 बैच) के आईपीएस अधिकारी सी वेंकट सुब्बा रेड्डी, डीआईजी, सीबीआई को भी सीबीआई का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 29 अक्टूबर 2029 तक, पांच वर्ष की प्रतिनियुक्ति पूरी होने तक, या अगले आदेश तक रहेगा।

## इंडिया

# काम कम सोशल मीडिया पर ढोल ज्यादा की नई राजनीति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक समय था जब अच्छे काम से पहचान मिलती थी और लोग स्वेच्छा से अच्छे लोगों को चुनकर बड़े पदों तक पहुंचाते थे आज विज्ञापनों से भी काम नहीं चलता तो सोशल मीडिया की पूरी टीम एक से बढ़कर एक मुद्दे लेकर किसी भी बदनाम को संत और अच्छा काम करने वाले की कमियां निकालने के लिए एक साथ लग जाती है । कभी बूथ कैप्चरिंग वाले बिहार में तरह तरह के हथकंडे अपनाकर प्रॉडक्ट से लेकर ब्रांड बनते कुछ नेता काम करने के बजाय चुनावी रणनीति बनाने वाली पीआर एजेंसियों के निर्देश पर प्रचार युद्ध से जनता का दिल जीतना चाहते हैं । इस बार बिहार चुनाव में वैसे तो इस नई दौड़ में कोई किसी से कम नहीं पर इसमें अग्रणी बने हुए हैं कभी चुनावी रणनीतिकार होने का दावा करने वाले प्रशांत किशोर और उनकी जन सुराज पार्टी के नेता के अलावा चारा घोटाले सहित नौकरी के बदले जमीन मामले में जमानत पर चल रहे लालू यादव और चर्चित कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नीतीश से मुकाबला बहुत दिलचस्प है । जैसे-जैसे 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव नज़दीक आ रहे हैं व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और अन्य प्लेटफ़ॉर्म ने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है, विवाद छिड़ते हैं और नेता बेचैन, युवा मतदाताओं से जुड़ते हैं।बिहार की 12 करोड़ की आबादी में से 60% से ज़्यादा लोग 30 साल से कम उम्र के हैं, इसलिए उम्मीद जगाने वाले वायरल अभियानों से लेकर भ्रम फैलाने वाली ग़लत सूचनाओं तक ये प्लेटफ़ॉर्म बिहार के 243 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने नेताओं के चुनाव के तरीक़े को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। राज्य में 5 करोड़ से ज़्यादा स्मार्टफ़ोन उपयोगकर्ता हैं और इंटरनेट की पहुंच लगभग 40% (2024 तक) तक बढ़ रही है ।सोशल मीडिया अनपढ़ मतदाताओं तक भी बिना किसी फ़िल्टर के, रीयल-टाइम पहुंच प्रदान करता है, पारंपरिक मीडिया के द्वारपालों को दरकिनार करते हुए और पार्टियों को ऐसे कथानक गढ़ने में सक्षम बनाता है जो तुरंत लोगों तक पहुंचते हैं। ऐसे राज्य में जहां जाति, आर्थिक चुनौतियां और युवाओं की आकांक्षाएं राजनीति को संचालित करती हैं, सोशल मीडिया में



एक नेता की गलती कुछ ही घंटों में राज्यव्यापी कांड बन जाती है।राजनीतिक दल—चाहे वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) हो, महागठबंधन हो, या जन सुराज जैसे नए दल—मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए डिजिटल रणनीतियों में भारी निवेश कर रहे हैं, प्रभावशाली लोगों, कंटेंट क्रिएटर्स और डेटा विश्लेषकों को नियुक्त कर रहे हैं। लेकिन यह डिजिटल सेना एक दोधारी तलवार है, जो अभूतपूर्व अवसर और जोखिम दोनों प्रदान करती है जो अभियानों को सफल या असफल बना सकते हैं।भावनाओं को आकार देने की यह शक्ति दोनों तरफ़ असर डालती है। सोशल मीडिया अक्सर ध्रुवीकृत विचारों को बढ़ावा देता है, जाति-आधारित बयानबाज़ी और क्षेत्रीय विभाजन चर्चाओं पर हावी हो जाते हैं। एक प्रमुख उदाहरण जून 2025 में गया में दशरथ मांझी के परिवार से मिलने गए राहुल गांधी के आलीशान शौचालय विवाद का है। आरोप फैले कि मांझी परिवार की मिट्टी की झोपड़ी के पास गांधी की सुविधा के लिए एक उच्च-स्तरीय शौचालय बनाया गया था, जिससे आक्रोश फैल गया। कांग्रेस समर्थकों ने इस दावे का खंडन किया इसी तरह अक्सर तथ्यों को फैलाया जाता है जैसे नीतीश कुमार की कथित बीमारी और शासन संबंधी विफलताओं या तेजस्वी यादव के अतीत के "जंगल राज" से संबंधों जैसे अन्य विवाद के वायरल पोस्ट हफ़्तों के प्रचार अभियान पर पानी फेर सकती है।इस ढोल राजनीति में चुनावी रणनीति बनाने वाली पीआर एजेंसियों के मुस्कुराने का समय है और शेष तो तमाशाई हैं जो कितने प्रभावित हुए समय बताएगा।

# हाईकोर्ट ने मांगी सीजीएल पेपर लीक मामले में उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट

● अगली सुनवाई 16 सितंबर को

नवीन मेल संवाददाता


**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले में मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि मामले की जांच की निगरानी उच्च अधिकारियों की एसआईटी करे और शपथ पत्र भी एसपी स्तर के अधिकारी द्वारा ही दाखिल किया जाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को तय की है। इससे पूर्व, सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सीआईडी जांच में किसी तरह की गड़बड़ी सामने नहीं आई है और इसकी रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत की गई है। हालांकि, अदालत ने डीएसपी स्तर के अधिकारी द्वारा दाखिल शपथ पत्र को स्वीकार करने से इनकार करते हुए इसे वापस लेने का आदेश दिया। वहीं, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजीत कुमार ने तर्क दिया कि सरकार दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जब्त मोबाइल में रिकॉर्ड किए गए प्रश्न और उत्तर परीक्षा से पहले ही उपलब्ध थे, जो परीक्षा प्रश्नपत्र से मेल खाते हैं। इससे स्पष्ट है कि पेपर लीक हुआ है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई जांच की मांग की।

## दुर्गा पासवान की सर्पदंश से मौत

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के अलीनगर गांव निवासी 55 वर्षीय दुर्गा पासवान की मौत सर्प दंश से हो गई। दुर्गा पासवान की असामयिक मौत से घर के लोगों का रो- रोकर बुरा हाल है। न्यायिक मानवाधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने बताया कि घर में दुर्गा पासवान अकेला कमाने वाला था। सर्पदंश से मौत होने से परिजनों का बुरा हाल है। उन्होंने अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार से दुर्गा पासवान के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से आर्थिक सहायता करने की मांग की है।

# उत्साही युवाओं ने भौंराहा पर्वत की ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

## पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय उत्साही युवाओं ने भौंराहा पर्वत की हजारों फीट ऊंची चोटी पर तिरंगा को लहराकर देश और प्रकृति के प्रति प्रेम का अतुलनीय व प्रशंसनीय उदाहरण पेश किए हैं। उन्होंने यह भी साबित कर दिया है कि यदि मन में जुनून और जज्बा हो, तो दुर्गम और जोखिम भरी मंजिल को भी प्राप्त किया जा सकता है। यह कारनामा उन्होंने जन्माष्टमी के दिन कर दिखाया है। इस प्रकार युवाओं के इस साहस से स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन और वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के पहले नयनाभिराम दृश्यों के छायांकन ने एक रिकार्ड कायम कर जनमानस को अलग ही अनुभूति प्रदान की है। जिसके संबंध में जानकारी और तस्वीर मुखिया कमला देवी के सुपुत्र युवा समाजसेवी रौशन कुमार ने राष्ट्रीय नवीन मेल को साझा कर बताया कि काफी समय से इस पर्वत की चोटी पर चढने की सोंच थी। जिसके पूरा होने से उन्हें बड़ी खुशी के साथ ही तन-मन को नई ऊर्जा भी मिली है। उन्होंने कहा कि पर्वत की चोटी से दूरदराज के प्राकृतिक सौंदर्य का दृश्यावलोकन और छायांकन करना सुकून व आनंद दायक लगता है। चढ़ाई को सावधानी पूर्वक चलते हुए पगडंडी जैसे रास्ते से पूरा किया जा सकता है। इस दौरान उनके साथ विवेकानंद पटेल वीएलडब्ल्यू सह पंचायत सचिव प्रभारी कल्याण पदाधिकारी, रवि कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर (थाना) के अलावा मनीष और प्रेम कुमार शामिल थे।

## पांकी में नाबालिग से दुष्कर्म, मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** कोचिंग का संचालन करने वाले एक शिक्षक ने नौवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया है। दुष्कर्म की घटना 31 जुलाई की है। पीड़िता ने पूरे मामले में 19 अगस्त को मेदिनीनगर टाउन महिला थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है। दुष्कर्म का आरोपी शिक्षक फरार हो गया है। घटना के दिन पीड़िता अपने रूम में अकेले मौजूद थी, जबकि बगल में ही रहने वाले शिक्षक की पत्नी भी बाहर गई थी। देर रात शिक्षक पीड़िता के कमरे में गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया है। घटना के बाद पीड़िता अपने गांव गई थी और पूरे मामले की जानकारी अपने मां को दिया था। मां के माध्यम से परिजनों को जानकारी भी इसके बाद पूरे मामले में टाउन महिला थाना में आरोपी शिक्षक तुकेश्वर यादव के खिलाफ पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

## जलसहिया ने बच्चों की हाथ धुलाई कराई, दिखा उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां की जलसहिया शकुंतला देवी ने मासिक हाथ धुलाई दिवस पर मंगलवार को स्थानीय राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों की हाथ धुलाई कराई। इस दौरान उन्होंने भोजन करने से पहले और शौच के बाद की साबुन से हाथ धुलाई के 5 अलग-अलग तरीके खुद की हाथ धुलाई कर बताए। उन्होंने यह भी बताया कि हर स्थिति में हाथ धुलाई क्यों जरूरी है। उन्होंने बच्चों को बताया कि इन तरीकों से साबुन से हाथ धुलाई नहीं करने से खुजली और अन्य कई संक्रामक रोग पैदा हो जाते हैं। जो सेहत के लिए खतरनाक साबित होते हैं। बिना हाथ धुलाई के भोजन करने से ऊंगलियों और तलहथी के माध्यम से जीवाणुओं के पेट में चले जाने से रोग का खतरा बना रहता है। इस मौके पर मौजूद हेडमास्टर राकेश पांडेय, शिक्षक अजय कुमार गोस्वामी, दिलीप कुमार सिंह, महेंद्र, संतोष, सुनील और अरविंद कुमार ने जलसहिया को सहयोग प्रदान किए। हाथ धुलाई को लेकर बच्चों में खुशी और उत्साह दिखा। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि हर माह की 19 तारीख को बच्चों की हाथ धुलाई कराई जानी है। इसे मासिक हाथ धुलाई दिवस के रूप में मनाया जाना है।इस मामले में भजनियां की जलसहिया की दायित्व के प्रति समर्पण और निष्ठा सराहनीय व अनुकरणीय कदम है।

## सुनील बने निकासी व व्ययन पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार को इस प्रखंड का भी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का प्रभार आवंटित किया गया है। इससे पूर्व के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के कारण इस प्रखंड के शिक्षकों के वेतन का जुलाई माह के बाद भुगतान प्रभावित हो गया था। अगस्त के वेतन भुगतान में कठिनाई को देखते हुए सुनील कुमार को इस प्रखंड के डीडीओ के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए अखिल झारखंड प्राथमिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार ने निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शिक्षकों में काफी खुशी और उत्साह है। क्योंकि वेतन भुगतान को लेकर अब संशय समाप्त हो गया है। अगस्त माह से ससमय वेतन मिलेगा। उन्होंने बताया कि सुनीलकुमार ही हुसैनाबाद, हैदरनगर तथा मोहम्मदगंज के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बनाये गए हैं।

## महुडंड में खैरानाला तालाब जीर्णोद्धार फर्जी

● पंचायत गठन कर राशि गबन करने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव ने हुसैनाबाद एसडीओ को आवेदन देकर महुदंड के खैरानाला तालाब जीर्णोद्धार योजना में मुखिया द्वारा लाभुक क्षेत्र से अलग गांव का अध्यक्ष सचिव बनाकर खैरानाला तालाब जीर्णोद्धार का बिना कार्य कराए पैसे की निकासी कर ली गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दूसरा तालाब दिखाकर अध्यक्ष शिव प्रसाद रजवार सड़ेया एवं सचिव राजेश्वर यादव डंडीला के द्वारा राशि निकाल ली गई है। जबकि भूमि संरक्षण विभाग के नियामानुसार उसी गांव या पंचायत के रहने वाले लाभुक को अध्यक्ष एवं सचिव चुनने की व्यवस्था है। आरोप है कि मुखिया द्वारा नियम बिरूद्ध पानी पंचायत का गठन कर मुखिया एवं अध्यक्ष सचिव के द्वारा सरकारी राशि का गबन किया गया है, जो जांच का विषय है। उन्होंने कहा है कि योजना का प्राक्कलित राशि लगभग एक लाख 60 हजार रुपए है, जिसमें लगभग एक लाख 20 हजार रुपए की निकासी कर ली गई है। पूर्व मुखिया विजय यादव ने जांचोपरान्त मुखिया एवं अध्यक्ष सचिव पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## उद्घाटन के 5 साल में ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के विकास में कई आयाम जुड़े

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के विकास में इसके उद्घाटन के 5 साल में कई आयाम जुड़े हैं। इसका उद्घाटन 16 अगस्त 2021 को तत्कालीन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया था। जो कोरोना काल के बाद उनके कार्यकाल में पर्यटन विकास को लेकर बड़ी उपलब्धि बताई जाती है। पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने बताया कि तब से लेकर अबतक इस पर्यटक स्थल के प्रति जहां सैलानियों का आकर्षण बढा है,वहीं, भगवान शिव और भीमबलि के प्रति आस्था का संचार होता चला गया है। तत्कालीन विधायक के वादा के अनुरूप 63 केवीए का ट्रांसफार्मर भी लग गया है। जबकि बोटिंग और होटल सेवा सुलभ कराने की योजना पर जिला पर्यटन संवर्धन परिषद ने फैसला ले लिया है। अन्य पर्यटकीय सुविधा के विस्तारीकरण के लिए पर्यटन विशेषज्ञ दल ने मुआयना भी किया है। बताया जाता है कि इस स्थल के पर्यटकीय विकास के क्षेत्र में आने वाले वर्षों में और भी कई आयाम स्थापित होंगे। महाभारत काल की किंवदंतियों को लेकर प्रसिद्ध इस ऐतिहासिक पर्यटक स्थल की स्थापना और विकास में तत्कालीन विधायक के योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। इस प्रकार देखा जाए, तो इन 5 वर्षों में यह पर्यटक स्थल पर्यटकीय और धार्मिक दृष्टिकोण से खुबियों की वजह से देश और राज्य के मानचित्र पर देदीप्यमान हो गया है,कहना गलत नहीं होगा। अंतरराष्ट्रीय सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक क्लिक में इसे सर्च किया जा सकता है।

## अर्जुन मुंडा ने की दिवंगत भाजपा नेता टिकैत चौबे के परिजनों से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को रेहला थाने के केतात गांव पहुंचकर पार्टी के दिवंगत भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के परिजनों से मुलाकात कर न सिर्फ हाल चाल लिया बल्कि हरसंभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान दिवंगत नेता के सभी परिजन मौजूद थे.मालूम हो कि सुशील कुमार चौबे का निधन हृदयाघात से पिछले माह में हो गया था। उनके निधन के दूसरे दिन ही पूर्व मुख्यमंत्री अर्जन मुंडा उनके गांव आकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुंडा ने काफी देर तक उनके परिजनों से मिलकर एक- एक सदस्यों से हाल चाल पूछ कर पारिवारिक स्थिति की जानकारी लिया। उन्होंने दिवंगत नेता के कई स्मृतियों को परिजनों से साझा किया। श्री मुंडा ने कहा पार्टी में उनके योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने काफी ईमानदारी, निष्ठा व समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया था। यही कारण था कि उनकी छवि अन्य लोगों से अलग थी।

## जपला में नवाह्न परायण यज्ञ कमेटी का 45वां वर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नवाह्न परायण यज्ञ कमिटी, महावीर जी भवन जपला की 45वीं वर्षगांठ पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से पुरानी समिति को भंग कर नई समिति के गठन की घोषणा की गई। बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र पाल ने की एवं संचालन श्रवण अग्रवाल ने किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025 के नवाह्न परायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष पद पर उदय कुमार सोनी को मनोनीत किया जाए। अध्यक्ष की घोषणा के साथ ही अन्य पदों पर भी मनोनयन किया गया। सूची के अनुसार कमिटी के संरक्षक श्रवण कुमार अग्रवाल, राजेन्द्र पाल, राजकुमार कश्यप और संजय प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष, अनिमेष अग्रवाल, प्रदीप कुमार कांस्यकार एवं सुबोध कुमार कश्यप, सचिव राजेश कुमार सिंह, सह-सचिव, मनीष कुमार कश्यप और कोषाध्यक्ष, सन्नी कुमार को मनोनीत किया गया।जबकि व्यवस्थापक रवि कुमार चंदेल एवं गोपाल सोनी,चंदा प्रमुख, जीतेन्द्र रावत,सह-चंदा प्रमुख , दीपक कुमार, सुनील शर्मा, राज जायसवाल एवं मनीष कुमार को बनाया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में संतोष कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रिंकी गुप्ता का चयन किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी बैठकों में आवश्यकता अनुसार अन्य नामों को समिति में शामिल किया जा सकेगा।माननीय अध्यक्ष ने अगली बैठक की तिथि 05 सितम्बर 2025 घोषित की हैं।

## सत्यनारायण बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व रामजन्म संयोजक

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय महादेव-विश्वकर्मा मंदिर परिसर में मंगलवार को आयोजित ग्रामीणों की बैठक में सत्यनारायण सिंह को एक बार फिर से सार्वजनिक दुगापूर्जा समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि रामजन्म राम संयोजक चुने गए। इनके अलावा राजकुमार मेहता उपाध्यक्ष, नीरज कुमार अग्रवाल सचिव, पंकज कुमार कोषाध्यक्ष, रुपेश कुमार सिंह, सिद्धार्थ कुमार संगठन मंत्री, राकेश कुमार सिंह, रविशंकर सिंह मीडिया प्रभारी चुने गए हैं। वहीं,धीरज कुमार यादव, महेश चौरसिया सक्रिय सदस्य, गुड्डू पासवान, दिलीप, अंगद, धीरज, राकेश, संजय कुमार व विजय मेहता को सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

## बिजली समस्याआ को लेकर पूर्व विधायक से मिले ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बिजली की समस्याओं को लेकर रेड़िया गांव में ट्रांसफार्मर मे आयीं तकनीकी खराबी के कारण पिछले कुछ दिनों से खराब पड़ा है। इस मामले को लेकर पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह से मुलाकात की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर जीएम से बात की। उन्होंने शीघ्र मरम्मत कराकर चालू कराने का आश्वासन दिया है। उधर जनता जब किसी समस्याओं से घिर जाता है और उसका जब समाधान वर्तमान जन प्रतिनिधियों से नहीं हो पाता है, तो क्षेत्र के पूर्व के जनप्रतिनिधि से ही गुहार लगाने को अपना रास्ता अख्तियार करते हैं। यह घटना हुसैनाबाद के बीते दिन की है, जहां हुसैनाबाद क्षेत्र के बेल बिगहा पंचायत अंतर्गत रेड़िया गांव के ग्रामीणों ने हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह मंत्री कमलेश कुमार सिंह के आवास पर उनसे मिलने पहुंचे। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह को बताया कि उन लोगों के गांव में काफी दिनों से बिजली की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके समाधान हेतु वह दर-दर भटक रहे हैं लेकिन इसका समाधान नहीं हो पा रहा है। पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल बिजली विभाग के जीएम को फोन कर उक्त समस्याओं को उनके सामने रखकर कहा, इस समस्या का समाधान जल्द कराये। वहीं जीएम ने जल्दी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों में जितेंद्र सिंह, विनय साव,सुनील साव, उमेश साव, दिनेश साव,, चंदन साव, सिकंदर समेत दर्जन भर लोग मौजूद थे।

## जेपीएससी में सफल उज्जवल को मुखिया ने किया सम्मानित

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपरांत पंचायत सचिवालय पिपराखुर्द में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के मौके पर मुखिया पूर्णिमा सिंह ने डीएसपी पद के लिए चयनित उज्जवल कुमार एवं उनके पिता दीपक मेहता को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। कहा कि प्रखंड क्षेत्र के ओरिया ग्राम निवासी उज्जवल कुमार, पिता दीपक मेहता ने जेपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने गांव, बल्कि पूरे प्रखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मैं धन्यवाद देना चाहूंगी ऐसे पिता को जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम के साथ अपने पुत्र को इस योग्य बनाया कि प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थी उनके पुत्र से प्रेरणा लेकर अपने भविष्य का नवनिर्माण की आधारशिला रखेंगे। साथ ही आपकी सफलता प्रखंड ही नहीं बल्कि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## स्मार्ट पीडीएस का मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों को स्मार्ट पीडीएस वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण की प्रक्रिया समझाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को यह प्रशिक्षण हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले से आए तकनीकी विशेषज्ञ जीतू गुप्ता ने दुकानदारों को नए सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब लाभुकों को राशन वितरण स्मार्ट प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें पारदर्शिता और ट्रैकिंग की सुविधा रहेगी। प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सितंबर माह से लाभुकों को स्मार्ट पीडीएस के माध्यम से राशन दिया जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों को अनाज का उठाव करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल्द अनाज वितरण का काम शुरू होगा। एमओ ने बताया कि अभी लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की ओर से चावल, गेहूं दिया जाएगा। जबकि राज्य सरकार द्वारा दाल, नमक, चावल तथा धोती-साड़ी का वितरण लाभुकों को किया जाता है। स्मार्ट पीडीएस के तहत अब यह वितरण डिजिटल तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर नवनिर्वाचित पीडीएस संघ के अध्यक्ष मिथिलेश राम, जमील अहमद, अरबिंद सिंह, प्रवीण चौधरी,अजीत चौधरी,पिन्टू कुमार, बिजेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, सूरज पासवान, सूर्य नारायण राम सहित कई पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

बैठक — बीडीओ ने की जल सहिया के साथ बैठक

# नियमित जल जांच व एमआईएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित योजना जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन को लेकर बीडीओ ने जल सहिया के साथ बैठक की। इस दौरान बीडीओ ने जल संयोजन एवं जलकर,स्कीम संचालन एवं रख-रखाव ,हर घर जल प्रमाणीकरण, एफटिके के माध्यम से नियमित जल जांच एवं एमआईएस पोर्टल पर डाटा आपलोड करने का निर्देश दिया। स्वच्छता कॉर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत लक्ष्य के अनुसार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, शौचायल प्रयोग करने हेतु जागरूकता फैलाने, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की संरचनाओं के निर्माण, उपयोग एवं रख-रखाव, 15 वें वित्त से निर्मित संरचनाओं एवं भस्मक के उपयोग एवं रख-रखाव के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करने पर बल दिया। मौके पर मुखिया श्रवण राम समेत दर्जनों की संख्या में जल सहिया मौजूद थे।

### हैदरनगर में जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक



**हैदरनगर।** पलामू जिला जल एवं स्वच्छता समिति मेदिनीनगर के निर्देश के आलोक में मंगलवार को हैदरनगर के प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह ने की। इस बैठक में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मिशन के अंतर्गत जल संचयन एवं जल कर पर भी विचार विमर्श किया गया। पूर्ण पेयजल योजना का ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को हस्तांतरण, स्कीम संचालन एवं रखरखाव की स्थिति, हर घर नल जल प्रमाणन, फील्ड टेस्ट किट से जल जांच एवं आईएमआईएस पोर्टल पर डाटा अपलोड, जल एप के उपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत से चर्चा हुई। वहीं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, शौचालय उपयोग के प्रति जन जागरुकता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (नाडेप, सोख्ता गड्ढा, कचरा वाहन आदि) की संरचनाओं के निर्माण एवं रखरखाव, 15 वें वित्त आयोग से बनी संरचनाओं के उपयोग तथा एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर रोक जैसे मुद्दों पर विमर्श किया गया। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि सहित अन्य अधिकारियों ने कहा कि योजनाओं की स्थायी सफलता के लिए आपसी समन्वय और जनसहभागिता अनिवार्य है। बैठक में आरती देवी, निर्मला देवी, रिंकी कुमारी सहित बड़ी संख्या में जलसहिया शामिल थी।

## सतबरवा के तीन मुखिया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में प्रखंड के तीन मुखिया को पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पोंची पंचायत के मुखिया गिरवर प्रसाद राम, बारी पंचायत की मुखिया निरोत्तमा कुमारी तथा दुलसुलमा पंचायत के मुखिया ब्रह्मदेव सिंह शामिल रहे। इन्हें स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने, सतत विकास कार्यों और जनहित में किए गए सराहनीय प्रयासों के लिए चुना गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी और बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम ने कहा कि जनता ने हमें विश्वास से चुना है, हमारी जिम्मेदारी है कि समस्याओं का त्वरित समाधान करें और गांव के विकास में कोई कमी न छोड़ें। वहीं मुखिया निरोत्तमा कुमारी ने कहा कि यह सम्मान उनके कार्यों को और मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। समारोह में पंचायत सेवक रमेश कुमार मेहता समेत बड़ी संख्या में प्रखंड कर्मी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बिहार-झारखंड की संयुक्त बैठक में नक्सल पर कड़ा रुख

# डीआईजी नौशाद आलम बोले- नितेश यादव को मुख्यधारा में लाना या अभियान से पकड़ना ही लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को पलामू में डीआईजी नौशाद आलम की अध्यक्षता में बिहार-झारखंड संयुक्त नक्सल अभियान की उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दोनों राज्यों के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया और नक्सल मोर्चे पर साझा रणनीति तय की। खासकर कुख्यात नक्सली कमांडर नितेश यादव को मुख्यधारा में लाने या फिर विशेष अभियान चलाकर जीवित पकड़ने पर जोर दिया गया।

बैठक में एडिशनल एसपी (एसआईजी बिहार) रमाकांत प्रसाद, डीएसपी (अभियान मगध) अखिलेश कुमार, अभियान इंस्पेक्टर रवि शर्मा, एसआईजी बिहार के बिनीत कुमार और एएसपी अभियान राकेश (पलामू) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। नितेश यादव पर 100 से अधिक हमलों में शामिल होने का आरोप है, जिनमें करीब 25 जवान शहीद हो चुके हैं। झारखंड सरकार ने उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। नितेश जी, इरफ़ान, नंदू, किरानी जी नामों से कुख्यात यह नक्सली संगठन में रीजनल कमांडर रह चुका है। हाल ही में पलामू में उसके खिलाफ चले अभियान में आईईडी और हथियार बरामद हुए थे। अदालत के आदेश पर पुलिस ने उसके घर पर इश्तेहार भी चिपकाए हैं ताकि जनता उसकी पहचान कर सके। बैठक के बाद डीआईजी नौशाद आलम ने स्पष्ट कहा कि नक्सलवाद अब क्षेत्र में किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नक्सली गतिविधियाँ राज्य और समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। नितेश यादव जैसे बड़े नक्सली को या तो मुख्यधारा में लाना होगा या फिर अभियान के जरिए पकड़ना ही हमारा लक्ष्य है। बिहार और झारखंड पुलिस की साझा कार्रवाई से नक्सलियों की कमर तोड़ी जाएगी। बैठक के अंत में दोनों राज्यों के सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान को और तेज करने का संकल्प लिया।

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने बाल संरक्षण को लेकर बैठक की

# माइंस व ईंट भट्ठे में कोई भी बच्चा न रहे सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तिवारी ने बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी अलग-अलग विभागों के पदाधिकारी से लेते हुए बाल अधिकार के प्रति संबंधित पदाधिकारी को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत बिना रजिस्टर्ड स्कूलों की जानकारी लेते हुए सभी का जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने की बात कही साथ ही ड्राप आउट बच्चों को चिन्हित कर पुनः शिक्षा से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि माइंस, इट भट्टे, बीड़ी पत्ता चुनने के कार्य में बच्चों की भागीदारी शून्य हो,इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को श्रम विभाग,आपूर्ति विभाग,स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न जगहों पर बाल मजदूरी के रोकथाम हेतु लगातार छापामारी करने हेतु निर्देशित किया।

**बस स्टॉपेज बनाने पर हुई चर्चा**

बैठक में आयोग के सदस्य तिवारी ने कहा कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि अक्सर कई बस संचालक बस की गति को धीमा करके बच्चों को बस से उतार देते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में बच्चों के लिये अलग से डेडीकेटेड बस स्टॉपेज की आवश्यकता है। उन्होंने नगर निगम, ट्रैफिक डिपार्टमेंट,सीडब्लूसी समेत अन्य संबंधित विभाग को इस दिशा में कार्य करने की बात कही। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल, डीआरडीए निदेशक रतन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नीरज कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पीपीए की फोटोग्राफी प्रतियोगिता में 56 प्रतिभागी, सुभाष कुमार को मिला प्रथम पुरस्कार




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर मंगलवार को पलामू फोटो एसोसिएशन (पीपीए) द्वारा चियांकी संगम तट पर स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 56 फोटोग्राफरों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में मौजूद जेपीए के पूर्व सचिव सुशांत प्रसाद बंटी ने कहा कि पलामू में युवाओं का फोटोग्राफी की ओर बढ़ता रुझान सकारात्मक संकेत है। वहीं निर्णायक सैकत चटर्जी ने कहा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और युवाओं को इसे पेशेवर दृष्टिकोण से अपनाना चाहिए। पीपीए अध्यक्ष विनय सिन्हा ने फोटोग्राफी को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की जरूरत पर बल दिया। संरक्षक विजय कुमार कश्यप ने कहा कि अब पलामू में फोटोग्राफी सिर्फ शौक तक सीमित नहीं है, बल्कि युवा महंगे गैजेट और एक्सेसरीज़ के साथ इस क्षेत्र को गंभीरता से अपना रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष अनुज कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, सुमित कुमार, उमेश कुमार और प्रेम कुमार गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

**विजेता फोटोग्राफर सम्मानित :** प्रतियोगिता में सुभाष कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विवेक कुमार को द्वितीय और प्रेम चंद्रा को तृतीय पुरस्कार मिला। अमित शर्मा और रमेश कुमार को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार मासूम आर्ट ग्रुप की ओर से प्रायोजित किए गए।

# उर्वरक बिक्री पर सख्ती : पैक्स और विक्रेताओं को पॉस मशीन से ही करनी होगी बिक्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला कृषि पदाधिकारी पलामू की अध्यक्षता में आत्मा सभागार में मेदिनीनगर, चैनपुर, रामगढ़, सतबरवा, पाटन, लेस्लीगंज एवं पड़वा प्रखंड के पैक्स और निजी उर्वरक विक्रेताओं की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी पैक्स और दुकानदार उर्वरक की बिक्री पॉस मशीन के माध्यम से ही करेंगे। बिना पॉस मशीन के किसी भी हालत में बिक्री नहीं होगी। साथ ही प्रत्येक दुकानदार को अलग से स्टॉक पंजी संधारित करने का आदेश दिया गया, जिसमें किसानों की संपूर्ण विवरणी दर्ज करनी होगी।

जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में यूरिया की कमी को देखते हुए नैनो यूरिया के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया दानेदार यूरिया की तरह ही प्रभावी है, इसलिए किसानों को इसके प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

बैठक में दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि वे एसेंशियल कमोडिटी एक्ट का कड़ाई से पालन करें। प्रत्येक दुकान में भंडार एवं मूल्य तालिका अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी होगी। यूरिया की बिक्री केवल उचित मूल्य पर ही की जाएगी, अधिक कीमत वसूलने या कीटनाशक के साथ मिलाकर बेचने पर दोषी विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# उपायुक्त ने जिले के सभी तकनीकी अभियंताओं के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंताओं के साथ बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ उनके विभाग की ओर से संचालित विभिन योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गयी। कार्य समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि विभिन्न विभागों द्वारा शिलान्यास की प्रत्याशा में कई योजनओं पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। उन्होंने इस विषय पर गंभीरता बरतते हुए संबंधित जनप्रतिनिधियों संग बेहतर समन्वय स्थापित कर ऐसे सभी योजनओं त्वरित रूप से शिलान्यास कराने तत्पश्चात कार्य प्रारंभ कराने पर बल दिया। डीसी ने अनाबद्ध और डीएमएफटी मद से क्रियान्वित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में खत्म करने की बात कही। निविदा का कार्य पूर्ण होने का पश्चात कार्य प्रारंभ नहीं होने वाले योजनओं को लेकर डीसी ने ऐसे सभी योजनाओं का शीघ्र शिलान्यास करते हुए कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को संवेदक के साथ बेहतर समन्वय बनाने व योजनाओं को तत्काल प्रारंभ करने में बेवजह देरी न हो, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उपायुक्त ने विभिन्न तकनीकी पदाधिकारियों के साथ उनके संबंधित विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं,परियोजनाओं एवं कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। कई योजनाएं ऐसे पाये गये,जो स्वीकृत तो हो गये लेकिन जमीन की उपलब्धता नहीं रहने के कारण महीनों से लंबित हैं।उन्होंने ऐसे सभी मामलों को अगली जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में संबंधित चिट्ठी के साथ उपस्थित रहने की बात कही।

# पूर्व संघचालक ध्रुव नारायण सिंह पंचतत्व में विलीन

- पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व पलामू विभाग संघचालक एवं बीजेपी झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के पिता ध्रुव नारायण सिंह का आज अंतिम संस्कार किया गया। राजा हरिश्चंद्र घाट पर आयोजित अंत्येष्टि के दौरान उनके बड़े पुत्र प्रताप सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी।

ध्रुव नारायण सिंह के अंतिम यात्रा में राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संघ परिवार और बड़ी संख्या में मोहल्लावासी शामिल हुए। इस अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, बीजेपी झारखंड संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पलामू प्रमंडल प्रभारी विकास प्रीतम, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह, पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। अंत्येष्टि में प्रेम सिंह, अलख पांडे, मुकेश निरंजन सिंहा, विभाकर नारायण पांडे, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, विजय आनंद पाठक, मंगल सिंह, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कृष्णकांत मिश्रा (कामेश्वर कुशवाहा), रामप्रवेश सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, अविनाश देव, जुगल किशोर, भोला सिंह, शिवकुमार मिश्र, विजय ओझा, प्रदीप सिंहा, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला, दिलीप तिवारी, मनोज दुबे, सोमेश सिंह, शिवदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, बिट्टू सिंह, धनंजय सिंह, विजय ठाकुर, ज्योति पांडे, धर्मेंद्र उपाध्याय, अभिमन्यु तिवारी, सुनील पासवान, धीरेंद्र दुबे, श्वेतांग गर्ग, छोटू सिंहा, सरवन गुप्ता, शशि भूषण पांडे, अजय सिंह, संजय सिंह, विजय शर्मा, भोला पांडे, जय दुबे, कृष्ण गुप्ता, अरुण सिंह, विपुल गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, भीष्म चौरसिया, राजेश सिंह, बैद्यनाथ आर्य, प्रधान सक्सेना, अर्जुन सिंह, अजय सिंह, पिंकू सिंह, कमलेश सिंह, विकास सिंह, गिरीश जोरिहर, सतीश कुमार, मुख्तार सिंह, मणिकांत उपाध्याय सहित भाजपा और विभिन्न संगठनों के सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**ध्रुव नारायण सिंह का जीवन परिचय :** ध्रुव नारायण सिंह लंबे समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे और पलामू विभाग संघचालक के रूप में संगठन को नई दिशा दी। वे अपने सामाजिक कार्यों और सरल व्यक्तित्व के लिए पहचाने जाते थे। क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता फैलाने में उनका विशेष योगदान रहा। वे अनुशासनप्रिय और समाजहितैषी व्यक्तित्व के धनी थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने अनेक कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देकर संगठन और समाज को मजबूत आधार प्रदान किया। ध्रुव नारायण सिंह की अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ ने उनके व्यक्तित्व और समाजसेवी योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# रामदास सोरेन झामुमो के स्तंभ थे : राजेंद्र सिन्हा

- जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता एवं राज्य के शिक्षा मंत्री रहे स्व. रामदास सोरेन के निधन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला समिति पलामू की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की।

श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत स्व. सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि रामदास सोरेन केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन के महान योद्धा थे। कोल्हान में उन्हें झामुमो का भीष्म पितामह कहा जाता था। विधायक, मंत्री और जिलाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूत किया। उनके निधन से झारखंड ने एक सच्चा मार्गदर्शक और जननायक खो दिया है।

इस अवसर पर केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, चंदन सिन्हा, सुशीला मिश्रा, जिला सचिव रंजन चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा, संगठन सचिव देवानंद भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज कुमार, महिला मोर्चा की मंजू देवी, रज़िया नियाज़ी, व्यापार मोर्चा के दीपू चौरसिया, क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष सुमित वर्मन, बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष मनोज सिन्हा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ध्रुव नारायण सिंह के अंतिम यात्रा में शामिल हुए अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्व. ध्रुव नारायण सिंह के अंतिम यात्रा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। अर्जुन मुंडा ने कहा, सामाज को लेकर चलने वाले थे ध्रुव नारायण सिंह। वे स्वयं सेवक से जुड़े व्यक्ति थे। उनकी निधन की सूचना मिलने पर श्रद्धांजलि देने आये हूं। ध्रुव नारायण सिंह का राजनीतिक जीवन का बहुत लंबा रहा है। स्वयं सेवक के नाते जो उन्होंने काम किया हमारे लिए प्रेरणा श्रोत है।

अर्जुन मुंडा ने रामदास सोरने के निधन पर कहा कि सोरेन हमारे अभिन्न मित्र और हमारे गांव के पड़ोसी हैं। हम लोगों ने एक साथ काम किया है। रामदास सोरेन एक नेक और समझ वाले व्यक्ति थे। रामदास सोरेन का निधन अत्यंत ही दुखद है।

**सूर्या हांसदा मुठभेड़ एक साजिश**

गोड्डा के ललमटिया से लौट कर आया हूं। ललमटिया में सूर्याहांसदा को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। वहां जाकर मैंने कई चीजों का अध्यन किया। सूर्य हांदसा की मुठभेड़ गहरी साजिश और अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ जो एकदम फेंक है। मुठभेड़ में जो सम्मलित उन्हें दंड मिलेगा।

### जीएलए कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# पीजी इतिहास के विद्यार्थियों को शोध व प्रोजेक्ट लेखन की मिली दिशा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज के स्नातकोतर इतिहास विभाग एवं एनपीयू के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला पीजी सत्र 2022–24 (सेमेस्टर 4) के छात्र-छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट/डिज़र्टेशन विषय पर केंद्रित है। इसमें जीएलए कॉलेज, एनपीयू, जेएस कॉलेज और वाईएसएनएम कॉलेज के कुल 143 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. आई. जे. खलखो और एनपीयू इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्य डॉ. खलखो ने इसे विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न सिर्फ शोध कार्य में दक्षता बढ़ाते हैं बल्कि लेखन कला को भी निखारते हैं। वहीं डॉ. राजेंद्र सिंह ने कार्यशाला की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए शोध विषय चुनने से पहले ध्यान देने योग्य बिंदुओं को रेखांकित किया। पहले दिन के सत्र में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. संजय बाड़ा (शोध प्रारूप), डॉ. भावना सिंह (शोध पद्धति एवं उद्देश्य) और वाईएसएनएम कॉलेज की डॉ. संगीता कुजूर (फुटनोट्स एवं एंडनोट्स) ने विस्तृत व्याख्यान दिया। कल यानी 20 अगस्त को दूसरे दिन के सत्र में डॉ. माधुरी प्रियदर्शिनी (स्रोत एवं संदर्भग्रंथ सूची), डॉ. वीरेंद्र कुमार (परिकल्पना एवं शोध प्रतिमान), जेएस कॉलेज के रवि रोशन मिंज (टूल्स एवं प्लेज़रिज़्म) और डॉ. नरेश साव (रिसर्च स्टेप्स) अपने विचार रखेंगे। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. खुर्शीद आलम, अरुणा खाखा और डॉ. सौरभ भी उपस्थित रहे।

# आरसीयू के गेस्ट हाउस में पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ किया मंत्रणा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू दौरे पर आए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को विश्रामपुर के आरसीयू परिसर स्थित गेस्ट हाउस में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। इस दौरान आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अर्जुन मुंडा पूर्व को मोमेंटों व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं भाजपा कार्यकतार्ओं ने भी पुष्पगुच्छ देकर श्री मुंडा का स्वागत किया। मुंडा ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से एक- एक कर बातें कर सबका हालचाल लिया वहीं पार्टी व संगठन की मजबूती पर भी विस्तृत चर्चा किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी से मेडिकल कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों को जानकारी ली। श्री चंद्रवंशी ने उन्हें बताया कि करीब एक सौ एकड़ में फैले क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दस से पंद्रह हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, बिहारी लाल गुप्ता, बबन राम, अमरेश तिवारी, धीरन तिवारी, उपेंद्र तिवारी, रजनीश चंद्रवंशी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लातेहार जिले में हालिया भूमि सर्वे की त्रुटियों का सुधार जरूरी : प्रतुल शाहदेश

नवीन मेल संवाददाता



● भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने जिले में व्याप्त जमीन संबंधी विसंगतियों पर जताई चिंता

● सर्वे में त्रुटि के कारण गहराता जा रहा है विवाद, अंचल व कोर्ट कहचरी का चक्कर काटते थक रहे लोग

**चंदवा।** लातेहार जिले में हुए जमीन संबंधी हाल में हुए सर्वे में व्यापक पैमाने पर त्रुटियों के कारण जिले वासियों को हो रही परेशानी पर भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने गहरी चिंता व्यक्त की है। साथ ही जिले के उपायुक्त से सर्वे में त्रुटि व विसंगतियों को दूर करने की दिशा में समुचित पहल करने की मांग भी की है। श्री शाहदेव कहा कि गत लंबे समय से चंदवा अंचल समेत संपूर्ण लातेहार जिले के रैयत व आम लोग हाल सर्वे में हुई त्रुटि के कारण परेशान हैं। पूर्वजों की खतियानी जमीन भी सर्वे में आनाबाद बिहार सरकार में चली गई है, लोगों के जमीन का रकबा में त्रुटि है। जिस कारण लोगो के बीच विवाद भी बढ़ता जा रहा है व जमीन संबंधी विसंगतियों को दूर करने को लेकर आमलोग अंचल व कोर्ट कहचरी का चक्कर काटते काटते थक रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि जिनके पूर्वजों का नाम भी रजिस्टर टू में अंकित है उनके जमीन को भी सरकारी बता दिया जा रहा है।

प्रतुल ने कहा कि सर्व में हुई त्रुटि का फायदा उठाकर भू माफिया जमीन की हेरा फेरी भी कर रहे हैं, जो गंभीर समस्या बनती जा रही है।प्रतुल शाहदेव ने आगे कहा कि लातेहार जिले में हिंडाल्को चकला कोल परियोजना, बनहरदी कोल परियोजना, रजवार कोल परियोजना, एनएच 39 फोरलेन सड़क चौड़ीकरण योजना से प्रभावित हो रहे रैयतों के माध्यम से भी त्रुटि से संबंधित मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हाल सर्वे में त्रुटि के कारण रैयत जमीन के बदले मिलने वाले मुआवजे व हक से भी वंचित हो रहे है। लगातार विरोध के कारण कोल परियोजनाएं शुरू होने में भी देरी हो रही है व क्षेत्र का विकास भी प्रभावित हो रहा है। प्रतुल शाहदेव ने जिले के उपायुक्त से उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जमीन संबंधित त्रुटि के मामलों के सुलभ निष्पादन में पहल की मांग की है।

# न्यूज बॉक्स

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत कार्यशाला

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन बीडीओ चंदन प्रसाद, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा व पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेदारी विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई। बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम सभा अस्थाई समिति, ग्राम पंचायत अस्थाई समिति, ग्राम सभा कोरम एवं पेसा कानून से संबंधित जानकारी, अधिकार एवं जिम्मेदारी से संबंधित जानकारी साझा की। मास्टर ट्रेनर सह चकला मुखिया रंजीता एक्का, मास्टर ट्रेनर राजन कुमार एवं दीपक कुमार ने विषय प्रवेश करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कराया। मौके पर मुखिया दुर्गावती देवी,फुलजेंसिया टोप्पो,अनिता भगत,सुनीता खलखो,पुष्पा देवी,पंचायत सचिव फेकू मोची समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया,पंसस,उप मुखिया वार्ड सदस्य,रोजगार सेवक,वीएलई समेत अन्य मौजूद थे।

## साल्वे में डीएफएस कैंप का हुआ आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत साल्वे गांव में डीएफएस कैंप का आयोजन ग्रामीण बैंक के एफएलसी मुनी कुमारी के अध्यक्षता में किया गया। आयोजित कैंप में लोगों को बैंक से संबंधित जानकारी एवं बैंक के फायदे के बारे में विस्तार रुप से बताया गया। साथ ही लोगों को पीएमएसवाई, पीएमजेजेवाई, एसएसवाई, ऐएपीवाई, रिकेवाईसी इत्यादि योजनाओं और बीमा के बारे में लोगों को विस्तार से समझाया गया। साइबर फ्रॉड के बारे में बताया गया और बचाव के लिए भी जानकारी दी गई। मौके पर कैंप में जेआरजीबी के बैंक मैनेजर, नाबार्ड से डीडीएम सोरेन, पंचायत प्रतिनिधि एवं पंचायत के मुखिया, ग्रामीण बैंक से बीसी संचालक एवं हेरहंज से स्वधार फाइनक्सेस से सीएफएल ट्रेनर विनोद कुमार रवि, अशोक राम, जल छाजन से पिंटू लाल, जेएसएलपीएस के सीसी दीदी बैंक सखी दीदी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस का बोदा पंचायत कमिटी का गठन

**चंदवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बोदा पंचायत में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अख्तर अंसारी को अध्यक्ष चुना गया वहीं 12 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लातेहार जिला कार्यकारी अध्यक्ष गूंजर उरांव ने कहा कि कांग्रेस के मजबूती के लिए संगठन सृजन अभियान जरूरी है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिये हम सबों को राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में लातेहार जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी मजबूत होगा तभी कांग्रेस केन्द्र तक मजबूत होगा। निर्मल भारती ने कहा कि भाजपा के शासन में बड़े पूंजीपति खुशहाल रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में नव-निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, महासचिव का स्वागत कर उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम का समापन एकता, भाईचारे और जनसेवा की शपथ के साथ हुआ। मौके पर अख्तर अंसारी अध्यक्ष सागर प्रजापति, अपराजिता कुमारी, श्रीराम शर्मा, लक्ष्मण साहू, दामोदर उपाध्याय, रिझरूस पॉल एक्का, अब्दुल अंसारी,अकबर अंसारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह में सोमवार को आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेलवे कॉलोनी स्थित नेताजी की प्रतिमा स्थल पर यह आयोजन रेलवे महिला समिति के तत्वावधान में हुआ। समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और नेताजी के योगदान को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर शामिल हुईं। उन्होंने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि भारत की आजादी में नेताजी का योगदान अविस्मरणीय है। उनके बलिदान और संघर्ष की बदौलत आज हम संविधान और अधिकारों के साथ स्वतंत्र भारत में जीवन जी रहे हैं। संतोषी शेखर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस सिर्फ एक नेता नहीं बल्कि प्रेरणा के स्रोत हैं। उनका साहस और त्याग हर भारतीय के दिल में अमर रहेगा रेलवे महिला समिति ने इस अवसर पर सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि दी और स्थानीय लोगों को नेताजी के विचारों को अपनाने की अपील की। समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक ने कहा कि युवा पीढ़ी को नेताजी की जीवन गाथा से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जिनमें अमृता रश्मि, सोनी देवी, नैना कुमारी, रत्ना सिंह, वंदना कुमारी, ज्योति कुमारी, आरती देवी, अभिषेक कुमार पासवान, सोनू पासवान, राजन कुमार, आशीष कुमार सोनी और वैभव सिन्हा शामिल थे। सभी ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। नेताजी का जीवन आज भी भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके साहस, निडरता और राष्ट्रभक्ति ने लाखों लोगों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अगर आज की पीढ़ी नेताजी के आदर्शों को आत्मसात करे तो समाज और देश और अधिक सशक्त हो सकता है।

## ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लातेहार।** अंचल कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहारा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख परशुराम लोहारा, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी और अन्य सभी मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर इचाक के मुखिया शशि कुजूर और पंचायती राज विभाग के कर्मी दीपक कुमार ने विशेष भूमिका निभाई. कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा की भूमिका, अधिकार एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर शशि कुजूर ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों का क्षमता निर्माण करना है ताकि वे सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें और ग्रामीण विकास को गति प्रदान कर सकें।

# पुलिस की तत्परता से भटका बच्चा परिजनों से मिला

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** मंगलवार की एक बच्चा अपने घर से खेलने के लिए निकला था पर वह भटक गया और लातेहार मनिका के बॉर्डर तक पहुंच गया। जहां पेट्रोलिंग कर रही लातेहार पुलिस की नजर उस पर पड़ गया और उसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपने साथ लातेहार थाना ले आई और इसकी जानकारी पत्रकारों के माध्यम से उसके परिजनों तक पहुंचाने में अपनी तत्परता दिखाई। जिसका परिणाम यह हुआ कि परिजनों को इसकी सूचना मिल गई और परिजन लातेहार थान पहुंच गए, अपने बच्चे को देख भावुक हो गए। बच्चा बोलने में असमर्थ है। बच्चे के पिता का नाम प्यारी भुईयां और माता का नाम सुखिया देवी है। वहीं बच्चे का नाम नौरंगी भुईयां है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि हमारा घर नामुदाग थाना मनिका है और बच्चा अपने घर से खेलने के लिए निकला हुआ था और वह कैसे मनिका और लातेहार के बॉर्डर पर पहुंच गया हमें पता ही नहीं चला। पर कुछ लोगों ने बताया कि आपका बच्चा लातेहार थाना में सुरक्षित है, जिसके बाद हम लातेहार थाना पहुंचे अपने बच्चे को पाकर खुश है। लातेहार के पुलिस जवानों और अधिकारियों के इस मानवीय कार्य के लिए उन्होंने धन्यवाद दिया है। साथ ही उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों को भी इसके लिए आभार व्यक्त किया है। बच्चे को परिजनों को सौंपने के दौरान लातेहार सदर प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो, नागेश्वर महतो मौजूद रहे।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की शिकायतें



● समस्याओं के समाधान के लिए दिए कई दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच करा कर शिकायतों का समाधान कराने का भरोसा दिया। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, पेंशन संबंधित कार्य पूर्ण न होने के संबंध में, काम करवाकर पैसा नहीं देने के संबंध में, नव निर्मित पीसीसी सड़क पर घर का गंदा पानी के बहाव पर रोक लगाने, सहायता राशि प्रदान करने से संबधित जुड़े आवेदन आये.जन शिकायत में सभी शिक की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

## प्रखंड कार्यालय में सप्ताह में दो दिन लगेगा जनता दरबार

**चंदवा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में मंगलवार को चंदवा मंडल कार्यकर्त्ता बीडीओ चंदन प्रसाद से मिले। प्रखंड मे चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि विधायक प्रकाश राम के निदेर्शानुसार सप्ताह में दो दिन (सोमवार एवं शुक्रवार) को जनता दरबार लगाया जायेगा जिसमे आम जनता की समस्याओ का निष्पादन कराया जायेगा। विधायक श्री राम की सोच है कि जनता को अपने कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। मौके पर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुरेश यादव, लातेहार विधानसभा शिक्षा एवं पर्यटन विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज, स्वास्थ्य विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे, शिक्षा विभाग प्रखंड प्रतिनिधि इरशाद मुन्ना, अमृत गंझु, मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता कास्य पदक



**मयूरहंड (चतरा)।** झारखंड स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 41 किलो वेट में मयूरहंड प्रखंड की बेटी रूपाली राज वर्मा ने कास्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रही। कोडरमा के आरपी मोदी नेशनल स्कूल में 15 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले के प्रतिनिधित्व कर रही थी रूपाली राज वर्मा।रूपाली राज हजारीबाग के आरसी मिशन स्कूल में पढ़ाई कर रहीं है जो कक्षा 8 की छात्रा है। रूपाली राज लगातार ताइक्वांडो के क्षेत्र में ढोढ़ी मंधैनिया के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही है। इससे पहले रूपाली राज वर्मा नेशनल लेवल भी खेल चुकी है जिसमें वह कास्य पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रही थी।

## प्रखंड में डिग्री कॉलेज को लेकर उपयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के फुलांग पंचायत की मुखिया रेणु देवी ने मंगलवार को उपायुक्त कीर्ति श्री से मुलाकात कर प्रखंड में डिग्री कॉलेज खुलवाने की मांग किया। मुखिया ने ज्ञापन के माध्यम से फुलांग उच्च विद्यालय को +2 विद्यालय में तब्दील करने के साथ पीसीसी पथ निर्माण करवाने की भी. मांग किया है। उपायुक्त से मुलाकात के दौरान मुखिया ने अवगत कराते हुए कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने को लेकर खास कर छात्राओं को काफी परेशानियों से जुझना पड़ता और अभिभावकों को आर्थिक नुकसान होता है। मुखिया द्वारा दिए गए ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए उपयुक्त ने अति शीघ्र समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शंकर रजक उपस्थित थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

### आवश्यक सूचना।

( गुमशुदा लड़की साक्षी कुमारी, उम्र- 12 वर्ष)



कांडी थाना कांड सं0-66/25 दिनांक-16.07.2025 में गुमशुदा लड़की साक्षी कुमारी, उम्र-12 वर्ष, पिता-जयप्रकाश पासवान, ग्राम+पो0+थाना-कांडी, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड के रहने वाली हैं। गुमशुदा लड़की के पिता एवं आवेदक जयप्रकाश पासवान के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनकी बेटी साक्षी कुमारी दिनांक-04.07.2025 को समय करीब 09-10 बजे सुबह अपने घर से बाजार जाने के लिए बोलकर निकली परन्तु घर वापस नहीं आयी है। उक्त गुमशुदा लड़की साक्षी कुमारी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अत: आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा लड़की साक्षी कुमारी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0-9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0-9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया-** उम्र-12 वर्ष, रंग-सांवला,
लम्बाई- करीब 04 फीट, 05 इंच, बाल-काला,
पहनावा-हरा रंग का सूट एवं स्कूल का एक
बैग रंग-काला, लाल, उजला, पहचान चिन्ह-
दाहिना साईड के नाक में तील का निशान।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 359779 (Police) 25-26 (D)



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2025

दिनांक : 22/08/2025 — सूचना — समय–10 बजे पूर्वा0 से 4 बजे अप0 तक

स्थान : जिला नियोजनालय स्थित मैदान, डालटनगंज।

राज्य के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से **जिला नियोजनालय स्थित मैदान, डालटनगंज में दिनांक 22/08/2025** को **समय पूर्वा0 10 बजे से अप0 4 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत एक दिवसीय "रोजगार मेला"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S.No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Experience | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Chaitanya India Fin Credit Pvt Ltd, Daltonganj | CRE | 100 | 10th | -- | 18-32 | 12770/- | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 2 | L&T Construction Skill Training Institute | Civil, Welder, Fitter, Electrician | 200 | 8th,10th, 12th, ITI | -- | 18-35 | 15500/- | Odisa, Chhatisgarhg, MP |
| 3 | Satin Crediture Network Ltd | TSCO | 50 | 12th | -- | 18-30 | 19000/- | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 4 | Raxa Security Services Ltd | Security Guard | 100 | 10th | -- | 18-38 | As per minimum wages | All over India |
| 5 | Modern automotive Ltd | Machine Operator | 100 | 10th | -- | 18-35 | 18,232/- | Sirhind, Punjab |
| | | Associate | 100 | 12th | -- | 18-35 | 17,960/- | |
| 6 | Svatantra Microfin Pvt Ltd | Field Officer | 70 | 10th | -- | 18-28 | 15,000/- +other allowance | Palamu, Garhwa |
| | | Relationship Officer | 20 | 10th | -- | 18-35 | | |
| 7 | G R Management Solution | Machine Operator | 150 | ITI, Diploma | -- | 18-30 | 20,000/- | Bangalore |
| | | Mobile Assembly Operator | 100 | 10th | -- | 18-30 | 20,000/- | |
| 8 | LMS Corporate Services Pvt Ltd | Operators Quality Store | 150 | 10th, 12th, ITI, Diploma | -- | 18-26 | 14,500/- | Husur |
| 9 | Fusion Finance Ltd | Relationship Officer | 20 | 12th | -- | 18-35 | 13,200/- | -- |
| 10 | Nevedha Kints | Sewing Machine Operator | 500 | 8th Pass | -- | 18-25 | 14,500/- | Tripur, Tamilnadu |
| 11 | Airtel Payments Bank | Promoter | 28 | 10th | -- | 18 | 12,700/- | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 12 | GSA Foundation | CNC/VMC Machine Operator | 100 | 10th, 12th, ITI, Graduation, Diploma | -- | 18-35 | 14,000/- | Gujrat |
| 13 | LIC of India | Bima Sakhi Agent | 100 | Matric | -- | 18 & above | 7,000/- +Commision | Palamu |
| 14 | Aatmasamman Foundation | Operator | 20 | 10th Pass | -- | 18-30 | 20,000/- | Banglore |
| 15 | Maett Skill, Ranchi | District Manager | 1 | PG | 1-2 Yrs any Field Work | 25+ | 25K+TA | Palamu |
| | | Block Coordinator | 10 | Graduate | -- | 20+ | 20K+TA | Palamu |
| | | Mobiliser | 50 | 12th | -- | 18+ | 18K+TA | Palamu |
| | | SMO Tranee | 120 | 5th | -- | 18-28 | 13K | Jharkhand/ Tamilnadu/ Banglore/ Delhi |
| | | Computer Trainee | 120 | 10th | -- | | 14K | |
| | | GDA Trainee | 120 | 10th | -- | | 10K | |
| | | Electrician Trainee | 120 | 10th | -- | | 14K | |
| 16 | Construction Industry Development Council :- Tata Projects Ltd. | Technical Apprentice Trainee | 100 | 12th | -- | 18-30 | 10,000/- | Any state for Tata Projects |
| 17 | Samavesh Finance Pvt Ltd | Field Service Officer | 110 | 12th | -- | 18-30 | 8,000-10,000/- | UP, Bihar, Rajasthan, MP, Jharkhand etc |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल jharniyojan.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है।
इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR 359885 District(25-26).D


# मुस्कान क्लब की ओर से आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

● चरका पत्थर पतरातू को हराकर शाति निंद्रा की टीम बनी विजेता

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत सरना खेल मैदान में मां का आशीर्वाद बेटा का मुस्कान क्लब के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग समापन मंगलवार को हो गया। समापन समारोह में पहुंचे अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक तरीके से अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य झामुमो नेता जुनैद अनवर,शितमोहन मुंडा समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्र गान व फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला चरका पत्थर पतरातू बनाम शाति निंद्रा के बीच खेला गया, जिसमें चरका पत्थर की टीम को हराकर शाति निंद्रा की टीम ने एक गोल से खिताब पर कब्जा जमा लिया। विजयी होने वाली टीम को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। कलाकारों के नृत्य ने सबका मन मोहा। फाइनल मुकाबले में उमड़ी भीड़ ने कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो नेता जुनैद अनवर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल को खेल भावना से खेलनी चाहिए किसी भी खेल में अनुशासन बेहद जरूरी चीज होता है। बगैर अनुसाशन के खेल का कोई औचित्य नहीं होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है एक टीम जीतती है तो दूसरी टीम की हार होती है लेकिन इससे हारने वाली टीम हतोत्साहित होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि अपनी गलती से सबक लेते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने इस प्रकार के भव्य आयोजन के लिए मुस्कान क्लब को बधाई भी दी। वंही झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा ने कहा कि ग्रामीण इलाकों से बेहतर खिलाड़ी निकल कर अपने क्षेत्र व राज्य का नाम रौशन कर सकते हैं लेकिन जरूरत है उन्हें उचित मंच प्रदान करने की। कार्यक्रम को मो इजहार, साजिद उर्फ धन्नू खान,जमीरा मुखिया जतरु कुमार मुंडा, कुंवर अजीत लाल नाथ शाहदेव,डब्लु प्रजापति आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर ब्रह्मदेव प्रजापति,राजेश यादव,डब्लु प्रजापति, कुश यादव, कुशेश्वर यादव, शंकर उंराव, मो वसीम, आयोजन समिति के अध्यक्ष नितेश प्रजापति,सचिव बालक उंराव समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# श्रम विभाग के संचालित योजनाओं का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा ।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवासी मजदूर, दूसरे राज्य में काम करने जाने वाले मजदूरों को झारखंड सरकार द्वारा प्रदत योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने को लेकर जन प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला श्रम अधीक्षक अंद्रेश कुल्लू ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों को निबंधन कराने पर जोर दे रही है, ताकि प्रवासी मजदूरों को कार्य के दौरान किसी भी तरह की कोई घटना या मजदूर की मौत हो जाती है, तो श्रम विभाग उसके परिवार को मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि कोई मजदूर ठेकेदार या एजेंट के माध्यम से दूसरे प्रदेश काम करने जाते है, तो मजदूर संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव के पास जाकर निबंधन करा लें। निबंधन कराने के बाद निःशुल्क हरा रंग का परिचय पत्र प्राप्त करें। इसी तरह कोई मजदूर स्वयं अपने इच्छा से बगैर कोई एजेंट के दूसरे प्रदेश काम करने जा रहा है, तो वैसे मजदूर भी पंचायत सचिव से मिलकर अपना निबंधन कराना सुनिश्चित करे। जिसे निःशुल्क लाल रंग का परिचय कार्ड मिलेगा।

# गरीब नवाज रिलीफ़ फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



लोहरदगा। मंगलवार को गरीब नवाज रिलीफ़ फाउंडेशन (दावत-ए-इस्लामी इंडिया) के सौजन्य से अंजुमन इस्लामिया अस्पताल, ईदगाह रोड, लोहरदगा में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 57 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।जिसे बाद में सदर हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को सुपुर्द किया गया। सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम ने अंजुमन हॉस्पिटल के डॉक्टरों और दावत-ए-इस्लामी के सदस्यों के साथ मिलकर शिविर को सफल बनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन, सदर अस्पताल डॉ. राजू कच्छप एवं थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर उपस्थित रहे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान करने से न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह दान करने वाले के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और व्यक्ति स्वस्थ बना रहता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की। शिविर को सफल बनाने में अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू,सलमान अंसारी, असद रेहान फारूक अत्तारी और शहनवाज़ अत्तारी का विशेष योगदान रहा।

# रोहित उरांव ने किया चेहल्लुम मेले का उद्घाटन



**कुडू/लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी आजाद बस्ती चेहल्लुम खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम का उद्घाटन समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता रोहित उरांव द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। उन्होंने मुस्लिम जवानों को इमाम हसन और इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलने की अपील की और कहा कि मेले के आयोजन से मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक सौहार्द बना रहता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह चहल्लुम कमिटी चीरी के संयोजक निशिथ जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ,रेहान अख्तर, मुख्य संरक्षक ऐनुल अंसारी, कमरूल इस्लाम, हलीम,रोजामत अंसारी,शाकिर,अंसारी, सुभान अंसारी,आदि उपस्थित थे।

# यूरिया खाद की समस्या से किसानों को निजात दिलाएं : सांसद प्रतिनिधि



**कैरो / लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद नही मिलने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।किसानों द्वारा इन दिनों धान खेत से घास निकवन का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया जा रहा है जंहा यूरिया का छिड़काव के लिए यूरिया की जरूरत पड़ रही है।जिस कारण औने-पौने मूल्य पर यूरिया खरीदारी को विवश है।किसानों की समस्या को देखते हुए मंगलवार को सांसद सुखदेव भगत के प्रखंड़ प्रतिनिधि समीद अंसारी के अगुवाई में क्षेत्र के किसान यूरिया की किलत को लेकर बीटीएम ज्ञान साहू से मिलकर इस समस्या की समाधन करने व वैसे दुकानदार जो स्टॉक कर के रखे हैं और किसानों को नही दे रहें हैं उन पर करवाई करने की बात की।उन्होंने कहा कि अगस्त माह में यूरिया की कमी दुकानों में हो जाती है परन्तु विभाग इसके लिए कोई ठोस कदम नही उठा रही है जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।अभी यूरिया डालना खेती में अच्छी पैदावारी के लिए जरूरी है इसके लिए यूरिया का कोई भी कीमत किसान चुकाने को तैयार है परंतु यूरिया कालाबाजारी से सभी परेशान हैं।प्रखण्ड के बीटीएम ज्ञान साहू का कहना है यूरिया की कमी को पूरा करने के लिए बाजार में नैनो यूरिया उपलब्ध है साथ ही जल्द से जल्द यूरिया आने वाला है जैसे ही प्रखंड़ में आता है किसान दुकानों से खरीद सकते हैं।

# लोगों के साथ संवेदनशील होकर कार्य करें बैंक: डॉ. ताराचंद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम तिमाही में हासिल की गई उपलब्धि व द्वितीय तिमाही में हुई प्रगति पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश बैंकों को दिये गये। इसमें कृषि, एमएसएमई, कुल अग्रिम, प्राथमिक क्षेत्र में एसीपी उपलब्धि, कृषि में अग्रिम, शिक्षा ऋण, बचत व निकासी अनुपात, केसीसी ऋण, एसएचजी लिंकेज, मुद्रा ऋण, एनपीए व रिकवरी मामलों, आकांक्षी जिला अंतर्गत वित्तीय समावेषण की स्थिति, जनसुरक्षा अभियान अंतर्गत उपलब्धि और री-केवाईसी के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। सीडी रेश्यो बढ़ाये जाने के लिए सभी बैंकों कों गांवों में फाइनेंसियल लिटरेसी कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह अनुसूचित जनजातीय बहुल क्षेत्र है। आप सभी को गांवों में जाकर बैंकिंग सेवाओं का लाभ उन्हें दिये जाने की आवश्यकता है। लोगों के साथ संवेदनशील होकर कार्य करें। किसी भी प्रकार के ऋण के आवेदन लंबित नहीं रखें। केसीसी के ऋण में किसानों का क्रेडिट लिमिट बढ़ाने हेतु किसानों को दूसरे केसीसी ऋण भी लिये जाने के लिए प्रेरित करें।



**गांवों में प्रत्येक माह फाइनेंसियल लिटरेसी कैंप करें बैंक**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी संबंधित बैंकों के जिला समन्वयकों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) और पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को निष्पदित करने का निर्देश दिया गया। योजनाओं की जानकारी के लिए ग्रामीणों के बीच जाकर प्रत्येक माह फाइनेंसियल लिटरेसी कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया गया।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्र अंतर्गत पुराना नगर परिषद गेट, सदर अस्पताल के सामने अवस्थित दुकान/भूखण्ड के संचालक श्री रवीन्द्र गुप्ता को कार्यालय पत्रांक 140/रा0शा0 दिनांक–12.02.2024 एवं पत्रांक 330/रा0शा0 दिनांक 18.03.2024 तथा श्री दिनेश गुप्ता को पत्रांक 139/रा0शा0 दिनांक 12.02.2024 एवं पत्रांक–339/रा0शा0 दिनांक 18.3.2024 तथा गोपीलेन में अवस्थित दुकान/भूखण्ड का संचालक रवीन्द्र नाथ राय को पत्रांक 147/रा0शा0 दिनांक 12.02.2024 एवं पत्रांक–336/रा0शा0 दिनांक 18.03.2024 द्वारा बकाया राशि जमा करने हेतु पत्राचार किया गया बावजूद इनके द्वारा किराया राशि का भुगतान नहीं किया गया है । जिससे निकाय को राजस्व की क्षति हो रही है। माह जुलाई 2025 तक रवीन्द्र गुप्ता का मासिक किराया राशि 41286.00, दिनेश गुप्ता का मासिक किराया राशि 43526.00 तथा रवीन्द्र नाथ राय का बकाया किराया राशि 93217.00 है ।

अतः आम सूचना के माध्यम से अंतिम रूप से स्मारित करते हुए सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर बकाया किराया राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा उक्त दुकान/भूखण्ड को जब्त कर अन्य इच्छुक व्यक्ति को आवंटित कर दी जाएगी।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 359871 Lohardaga (25-26)_D



## कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा
आम सूचना
राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना

दिनांक 13.09.2025 स्थानः– व्यवहार न्यायालय, चतरा।
निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के द्वारा व्यवहार न्यायालय, चतरा में दिनांक 13.09.2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से कार्य समाप्ति तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। वादो की सूची निम्नवत है :–

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस पर व्यवहार न्यायालय, चतरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा। | पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा। | उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा। | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा।

PR 359870 Law(25-26)D


# ट्रैफिक नियमों के अनुपालन से हादसों में होगी कमी : डीटीओ

नवीन मेल संवाददाता

- परिवहन विभाग ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, लगभग 2 लाख राजस्व की वसूली



**लोहरदगा।** ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने और सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर परिवहन विभाग लगातार वाहन चेकिंग अभियान चला रहा है। इस क्रम में मंगलवार को शहरी क्षेत्र के कचहरी मोड़ चौराहा एवं समाहरणालय चौराहा में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी जयाशंखी मुर्मू, एमवीआई रोबिन सिंह एवं डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी ने जांच अभियान चलाकर ट्रिपल लोडिंग, बिना हेलमेट एवं ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक सवारों से लगभग 2 लाख फाइन राजस्व की वसूली किया। इस दौरान लगभग 79 बाइक की गहन जांच पड़ताल किया गया। इस संदर्भ में डीटीओ जया शंखी मुर्मू ने कहा कि, उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद के निर्देश पर परिवहन विभाग जिले के विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्र में अभियान चला रहा है। कहा कि, इन दिनों ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने से सड़क हादसों में वृद्धि हो रही थी। परिवहन विभाग के अभियान के तहत बाइक चालकों को सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। वाहन संबंधी कागजातों को दुरुस्त करने के साथ शराब पीकर व बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलाने की कड़ी चेतावनी दी गई। एमवीआई रोबिन सिंह ने कहा, जागरूकता से सड़क हादसों में कमी आएगी। बाइकर्स के परिवार प्रतीक्षा करते रहते हैं। लापरवाही और जल्दबाजी में हादसा हो जाता है। इस पर नियंत्रण लगाने की नितांत आवश्यकता है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक.......... दिनांक................

**प्रेष विज्ञप्ति**
**PR NO.-359680**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, RCPLWEA/PM-JANMAN अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु पुर्न कोटेशन आमंत्रण सूचना (3rd Call) निकाला गया है जिसमें दिनांक 19.08.2025 से 26.09.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा करने हेतु तिथि निर्धारित की गई है जिसमें अंतिम तिथि 26.09.2025 के स्थान पर 30.08.2025 पढ़ा जाए ।

शेष यथावत रहेंगी ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 359863 Rural Development (25-26)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–29.07.2025 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा सं0–**7/RCD/Daltonganj/2025-26/658** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No.- 358924 Road(25-26)D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 359830 Road(25-26)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–अतिअल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–अति अल्पकालीननिविदा संख्या– 01/2025-26/RWD/CHATRA
दिनांक– 18.08.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/01/ 2025-26 | टण्डवा | राहम/ नावाटांड | Construction of PCC Road from Chatar BT Road to Nawatanr (CH-0.0 to CH-1100M) | 9988600.00 | निन्यानबे लाख अट्ठासी हजार छः सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/02/ 2025-26 | टण्डवा | राहम/ नावाटांड | Construction of PCC Road from Chatar BT Road to Nawatanr (CH-1100 to CH-1990M) | 9430900.00 | चौरानबे लाख तीस हजार नौ सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ CHATRA/03/ 2025-26 | टण्डवा | राहम/ नावाटांड | Construction of RCC Culvert Size-2x6Mx3M in Chatar BT Road to Nawatanr Road Section | 6952400.00 | उनहत्तर लाख बावन हजार चार सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **22.08.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **30.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **01.09.2025 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 359834 (Rural Work Department)25-26*D


# स्कूल में मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

**लोहरदगा।** ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को फूलों, झंडियों और झूमरों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और मनमोहक बन गया। प्री-नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने श्रीकृष्ण भजनों और गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हें विद्यार्थियों के मंच पर आते ही तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। माखन चोरी", "गोवर्धन उठाने" और कन्हैया की बाल लीलाओं" पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रहीं। विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं। प्रधानाध्यापक शोभा रानी साहू ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है।

### मतदाता अधिकार रैली में शामिल होने बिहार पहुंचे पूर्व सांसद

# लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकार का हनन बर्दाश्त नहीं करेंगे : धीरज



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा आयोजित मतदाता अधिकार रैली में शामिल होने एवं राहुल गांधी के संकल्प को मजबूती प्रदान करने के लिए झारखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू मंगलवार की सुबह बिहार राज्य के नवादा जिला पहुंचे। जहां महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा,बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम एवं युवा नेता कन्हैया कुमार से मुलाकात कर मतदाता अधिकार रैली की समस्त जानकारी से अवगत होते हुए संगठनात्मक मुद्दों पर विचार विमर्श किया। इस निमित महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा से झारखंड में संगठन की मजबूती और महिला कांग्रेस की सशक्त भागीदारी पर गहन चर्चा हुई। इन नेताओं के बीच लगभग एक घंटे तक अहम राजनीतिक चर्चा हुई। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस मतदाता अधिकार रैली को पूरे देश में सफल बनाना एवं मतदाताओं के अधिकार के लिए केंद्र की मोदी सरकार के इशारों पर चलने वाली निर्वाचन आयोग से लड़ाई लड़कर उनका हक दिलाना कांग्रेस पार्टी की प्रथमिक जिम्मेदारी है। जिस प्रकार देश की भोली-भाली जनता को गुमराह करने का कार्य केंद्र सरकार ने निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर किया है। इसका जवाब उन्हें देश की जनता को देना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर चुप रहने वाली नहीं है, हमारे नेता माननीय राहुल गांधी जी के द्वारा इस भ्रष्टाचार के खिलाफ जो कदम बढ़ाया गया है। उसमें हम सभी साथी राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़े हैं। जब तक हमारे देश के मतदाताओं के अधिकार से खेलना निर्वाचन आयोग बंद नहीं करती है,तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
(गुमशुदा लड़की पुष्पा कुमारी, उम्र–करीब 18 वर्ष)



हरिहरपुर ओ0पी0 सनहा सं0–08/25, दिनांक–08.08.2025 में गुमशुदा लड़की पुष्पा कुमारी, उम्र–करीब 18 वर्ष, पिता–मुन्ना रजवार, सा0–मझिगांवा, थाना–भवनाथपुर (हरिहरपुर ओ0पी0), जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। गुमशुदा लड़की की मॉ आवेदिका अनिता देवी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है उनकी बेटी पुष्पा कुमारी दिनांक–06.08.2025 को बिना बताये कहीं चली गई है।

आवेदिका की बेटी पहले भी गॉव के ललन रजवार के साथ कहीं चली गई थी। ललन रजवार का मो0नं0–8809322723 है जो बंद आ रहा है। उक्त गुमशुदा लड़की पुष्पा कुमारी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा लड़की पुष्पा कुमारी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया–** उम्र–करीब 18 वर्ष, रंग–गेहुआ,लम्बाई– करीब 05 फीट, बाल–काला,ऑख–समान्य, पहनावा–सलवार सूट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 359781 (Police)25-26*D



## पीएम श्री स्कूल,जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा(झारखण्ड)

**आम सूचना**

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (सत्र 2026–27) का कक्षा–6 में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **13rd August'2025** से बढ़ा कर दिनांक **27th August,2025** तक कर दी गई है।

अधिक जानकारी हेतु समिति के वेबसाइट www.navodaya.gov.in अथवा कार्यालय ज.न.वि. चतरा से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
ज0न0वि0,चतरा

PR 359772 (School Education and Literacy)25-26*D

# न्यूज बॉक्स

## अरमाई बायपास रोड में परिवहन विभाग की कार्रवाई, वसूला गया 2.05 लाख जुर्माना



**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में मंगलवार को अरमाई बायपास रोड में वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटरसाइकिल, ट्रक, हाइवा, कंटेनर, पिकअप और ट्रेलर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान में बिना हेलमेट सवारी करने वाले चालकों के साथ-साथ उन वाहनों पर विशेष कार्रवाई की गई, जिनके पास बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र, टैक्स और अन्य जरूरी कागजात नहीं थे। परिवहन विभाग ने जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों से कुल 2,05,000 (दो लाख पाँच हजार रुपये) की दंड राशि वसूली। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा और परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## ताला तोड़कर लाखों की चोरी, पुलिस की तत्परता से एक चोर गिरफ्तार

**गुमला।** नगर थाना क्षेत्र के बुढ़वा महादेव करमटोली मोहल्ले में एक बंद मकान का ताला तोड़कर की गई चोरी के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी गए सामानों में से एचसीएल कंपनी का लैपटॉप बरामद कर लिया गया है, जबकि बाकी नकदी व गहनों की तलाश जारी है। पीड़िता सुनीता कुमारी गुप्ता, पत्नी श्री अशोक कुमार गुप्ता, ने पुलिस को बताया कि वे 18 अगस्त को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपने घर में ताला लगाकर रांची अपनी बेटी से मिलने गई थीं। उनके पति डुमरी प्रखंड में जनसेवक के पद पर पदस्थापित हैं और वहीं निवास करते हैं, इस कारण घर में कोई नहीं था। घटना का पता 19 अगस्त की सुबह चला जब पड़ोसी अनुज कुमार सिंह ने फोन कर जानकारी दी कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही सुनीता गुप्ता रांची से गुमला पहुंचीं और उनके पति भी डुमरी से लौटे। घर पर पहुँचने पर देखा गया कि मुख्य गेट के दो ताले टूटे थे, और मास्टर बेडरूम में घुसने के लिए चोरों ने दरवाजे का एल-ड्रॉप काटा था। अंदर अलमारी और लॉकर का सीक्रेट ताला भी तोड़ दिया गया। चोरी गए सामानों में लगभग 80,000 नकद, एक सोने की चेन, सोने की बालियों का एक जोड़ा, दो सोने की नथ, 11 चांदी के सिक्के, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का ब्रेसलेट, एक चांदी की राखी और दो लैपटॉप शामिल था। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक चोर की गिरफ्तारी हुई है और एक लैपटॉप बरामद कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और बाकी चोरी गए सामानों की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## वनटोली में अंतर-ग्रामीण हॉकी प्रतियोगिता का आगाज़, जामगाई की टीम विजयी



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के वनटोली गांव स्थित खेल मैदान में नेहरू युवा क्लब वनटोली के तत्वावधान में अंतर-ग्रामीण हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी विक्रम सिंह, कमिटी अध्यक्ष हरिराम उरांव एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह ने कहा कि वनटोली जैसे ग्रामीण क्षेत्र में हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय कदम है। हॉकी हमारी राष्ट्रीय खेल है और ऐसे आयोजनों से गांव के युवाओं की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से खिलाड़ी अपना भविष्य भी उज्ज्वल बना सकते हैं। शुभारंभ मैच हॉकी क्लब पाण्डेपारा और हॉकी क्लब जामगाई के बीच खेला गया, जिसमें कड़े मुकाबले के बाद जामगाई की टीम ने एक गोल से जीत दर्ज की। विजेता टीम को अतिथियों द्वारा एक खस्सी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में कमिटी अध्यक्ष हरिराम उरांव, अंशु उरांव, विनोद गोप, मेझरस खाखा, पिंटू सिंह, लालचंद महतो, दिलीप गोप, मुन्ना गोप सहित सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने नवनियुक्त श्रम अधीक्षक का किया स्वागत



**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल आज चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में नवनियुक्त श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो से उनके कार्यालय में मिला। चेंबर पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और संगठन की कार्यशैली से अवगत कराया। बैठक की शुरुआत सचिव बबलू वर्मा ने पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए की। इसके बाद श्रम विभाग और गुमला के व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर सकारात्मक तरीके से कार्य करने तथा व्यापारियों की समस्याओं को समाधान करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने विशेष रूप से बाहर से प्रतिदिन काम करने आने वाले दैनिक मजदूरों के लिए स्थायी शेडयुक्त पड़ाव की व्यवस्था करने की मांग रखी। श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो ने इस पर सकारात्मक आश्वासन दिया और आने वाले दिनों में व्यापारियों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित कर अन्य बिंदुओं पर चर्चा करने की बात कही। मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पी.आर.ओ. प्रतीक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकास सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार

**डुमरी।** गुमला जिले के चैनपुर में एसडीपीओ ललित मीणा के नेतृत्व में डुमरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर नवाडीह चौक स्थित एक घर में की गई. चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा ने बताया कि पुलिस को नवाडीह चौक के पास एक घर में ब्राउन शुगर रखे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद एडिक एक्का 19, पिता जोहान एक्का के घर पर छापा मारा गया. छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर से 11 पुड़िया और 2.96 ग्राम खुला ब्राउन शुगर बरामद किया।पुलिस ने मौके से एडिक एक्का के साथ उसके एक और साथी अमित टोप्पो उर्फ बॉयलर को भी गिरफ्तार किया है. एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में आगे की छानबीन की जा रही है और जो भी लोग इस गिरोह में शामिल हैं, उन सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर जिला स्तरीय ओरिएंटेशन बैठक आयोजित

# अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के आदेशानुसार मंगलवार को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय ओरिएंटेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने की। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, पीएचईडी, विद्युत एवं आरईओ के कार्यपालक अभियंता, सहायक वन संरक्षक (एसीएफ), जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, सामाजिक कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं पंचायत सेवक भी शामिल हुए। प्रत्येक गांव में एक भवन को आदि सेवा केन्द्र के रूप में चिन्हित किया जाएगा।

इन केन्द्रों पर नोडल पदाधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित रहेगा, ताकि ग्रामीण सीधे वहां संपर्क कर योजनाओं की जानकारी ले सकें और अपनी समस्याओं का समाधान पा सकें। प्रखंड स्तर पर क्लस्टरिंग ऑफ विलेजेज की जाएगी और पंचायत एवं ग्राम स्तर पर कार्यशालाओं की तिथियां तय की जाएंगी। इनमें एनआरएलएम, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्यालय प्रबंधन एवं सामुदायिक संस्थाएं सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

गांवों में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बीच मौजूद अंतराल (जीएपी) की पहचान कर, विभागों के सहयोग से विशेष कैम्प लगाए जाएंगे। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि अभियान की सफलता के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करें और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ समय पर पहुंचाना है। इस मौके पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



## ग्रामीण आवास योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति करें सुनिश्चित

ग्रामीण आवास योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति करें सुनिश्चित

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार मंगलवार को उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमएवाई-जी), पीएम जनमन एवं मनरेगा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक (पीएमएवाई-जी) एवं खराब प्रदर्शन करने वाले 50 पंचायतों के पंचायत सचिव शामिल हुए। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि 30 सितंबर 2025 तक सभी लंबित आवासों को पूर्ण करना अनिवार्य है। इसके लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा में पाया गया कि कई लाभुकों ने प्रथम किश्त प्राप्त करने के बावजूद 60 से 150 दिनों के भीतर भी कार्य प्रारंभ नहीं किया है।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि में गड़बड़ी से लाभुक परेशान

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड में मइयां सम्मान योजना के लाभुकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। योजना की राशि कई महिलाओं के खाते में कुछ महीनों तक आने के बाद अचानक रुक गई है, जिससे दर्जनों लाभुक बैंक और ब्लॉक कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। ब्लॉक कार्यालय पहुंची लाभुक विद्या कुमारी, आरती कुमारी, संगी देवी, सुकरमुनि उराँव, पूर्णिमा कुमारी, सलिखा खातून, प्रमिला मिंज, रेहाना परवीन समेत अन्य महिलाओं ने बताया कि किसी के खाते में एक बार, तो किसी के दो या तीन बार तक राशि आई, लेकिन उसके बाद भुगतान पूरी तरह बंद हो गया। लाभुकों का कहना है कि बैंक और ब्लॉक कार्यालय जाकर जांच करने पर अकाउंट नंबर, आधार, डीबीटीएल और आधार लिंकिंग सभी सही पाए गए। इसके बावजूद राशि का आना बंद हो गया है, जिससे वे काफी हैरान और परेशान हैं। इस संबंध में ब्लॉक के कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार ने बताया कि फिलहाल मइयां सम्मान योजना का पोर्टल बंद है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि आखिरकार राशि क्यों रुक गई है और कब से इसका समाधान होगा।

## भरनो ब्लॉक चौक पर ऑटो चालकों की मनमानी

**भरनो (गुमला)।** भरनो के ब्लॉक चौक स्थित एनएच-23 पर सर्विस रोड के किनारे ऑटो चालकों की मनमानी से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। ओवरब्रिज के समीप ऑटो चालकों द्वारा जहां-तहां वाहनों को खड़ा कर पैसेंजर चढ़ाने-उतारने के कारण सड़क पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। एक ओर सड़क निर्माण कार्य से चौक पर अक्सर जाम लग जाता है, वहीं दूसरी ओर ब्लॉक जाने वाली सड़क के दोनों किनारों पर दुकानों के अतिक्रमण ने स्थिति को और विकट बना दिया है। बीच सड़क पर ऑटो खड़े कर दिए जाने से न केवल राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है बल्कि कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सारी समस्या सामने होने के बावजूद प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। लोगों का कहना है कि लगता है प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है, तभी ऑटो चालकों की मनमानी पर कार्रवाई होगी।

## जन शिकायत निवारण दिवस में कई समस्याओं का हुआ समाधान

**गुमला ।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए नागरिकों ने राशन, आवास, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नशा मुक्ति और नगर निकाय व्यवस्था से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं। बैठक के दौरान कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष पर संबंधित विभागों को त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। तिर्रा गांव की समस्या : ललिता देवी ने अपने घर के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट और एलटी तार हटाने की गुहार लगाई।

# सर से उठा मां का साया, मुर्गी घर में पिता के साथ रहने को मजबूर हैं बच्चे

- सरकारी योजनाओं से वंचित गरीब परिवार

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा प्रखंड के नौडीहा महुआ टोली गांव का एक गरीब परिवार सुनील लोहरा आज भी अपने लिए छत की तलाश में भटक रहा है। मजबूरी ऐसी कि इनके पास रहने के लिए खुद का मकान नहीं है कई वर्षो से अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ अपने बड़े भाई की मुर्गी फार्म में रहने को विवश है । उन बच्चो का उम्र 7 वर्ष से 16 वर्ष के बीच है । हालात इतने दयनीय हैं कि परिवार के सदस्य जमीन पर सोने को मजबूर हैं। रात-दिन उन्हें सांप, बिच्छू और जहरीले कीड़ों का डर बना रहता है। छोटे-छोटे बच्चे भी इसी असुरक्षित वातावरण में रहने को विवश हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई समृद्ध परिवारों को भी पक्का घर मिला है, लेकिन वास्तव में जरूरतमंद यह परिवार अब तक किसी योजना का लाभ पाने से वंचित है। स्थिति न केवल प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाती है, बल्कि सरकारी योजनाओं की हकीकत पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। नाबालिक बच्चों का भविष्य संकट में है 6 वर्ष पहले मां की मौत हो जाने के बाद बच्चों की देखरेख पिता अकेले कर रहे हैं, लेकिन बच्चों के ना तो जन्म प्रमाण पत्र है और ना ही आधार कार्ड । इसी कारण वे ना तो किसी सरकारी स्कूल में दाखिला ले पा रहे हैं और न ही किसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले पा रहे हैं । बच्चों की पढ़ाई की पहली सीढ़ी भी अधूरी रह गई है । स्थितियां यह है कि अब तक वह स्कूल के गेट तक भी नहीं पहुंच पाए हैं । आधार कार्ड न होने से बच्चे शिक्षा के साथ-साथ चिकित्सा और राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित है। अब इसे सरकारी लापरवाही बोले या कागजी अड़चनों पर इस मासूम की जिंदगी को कठिन बना दिया है ।

इस गरीब परिवार के पास राशन कार्ड तक नहीं है। यही कारण है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाला सस्ता अनाज भी उन्हें उपलब्ध नहीं है। इतना कह ही नहीं, केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना – प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ भी परिवार को नहीं मिला। नतीजा यह है कि परिवार को आज भी लकड़ी जलाकर ही चूल्हा जलाना पड़ता है। बरसात के दिनों में सूखी लकड़ी मिलना बेहद कठिन हो जाता है। गीली लकड़ियों से भोजन पकाने में घंटों समय लग जाते हैं और धुएं के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है।



## व्यवस्था की सुस्ती और कागजी अड़चनों ने परिवार की पीड़ा को और गहरा कर दिया

व्यवस्था की सुस्ती और कागजी अड़चनों ने इस परिवार की पीड़ा को और गहरा कर दिया है
सवाल उठना लाज़िमी है कि जब योजनाएं गरीबों के लिए बनी हैं, तो फिर यह परिवार किन कारणों से अब तक लाभ से वंचित है?
अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस परिवार की सुध लेती है और सरकार की योजनाओं का लाभ इन्हें कब तक मिलता है?

## खेलकूद प्रतियोगिता व एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिसई प्रखण्ड के ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा में नवजीवन एथलेटिक्स खेलकूद क्लब के सौजन्य से भव्य खेलकूद प्रतियोगिता एवं एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में केनरा बैंक परिवार सिसई शाखा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी ने फीता काटकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत बालक वर्ग की 5 किमी तथा बालिका वर्ग की 3 किमी लंबी दौड़ से हुई। इसके बाद 1500, 800, 400, 200, 100 व 60 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, जलेबी रेस, महिलाओं की कुर्सी रेस और घड़ा फोड़ प्रतियोगिता ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।


### कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा (सामान्य शाखा)

Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

नगर परिषद, लोहरदगा क्षेत्रान्तर्गत साफ–सफाई, स्ट्रीट लाईट, नाली संबंधी समस्या, अतिक्रमण, पेयजल एवं अन्य नागरिक सुविधाओं इत्यादि समस्याओं के संबंध में शिकायत प्राप्त करने हेतु नगर परिषद, लोहरदगा में आम जनों हेतु **Help Line No.** जारी की जाती है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

**Mobile No. 6204135806**

प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम एवं पदनाम :– श्रीमती संगीता कुमारी, सहायक

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 359868 Lohardaga(25-26).D

### कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर (पलामू)।

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code-822132
Email id:-nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1117, दिनांक 18.08.2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत प्रथम किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना :–**

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1708 दिनांक 23.12.2024 से प्राप्त निदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के पुराने स्वीकृत लम्बित पड़े आवास को दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 के भीतर पूर्ण कराने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में **प्रथम किस्त** प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों की सूची कार्यालय नगर परिषद्, विश्रामपुर के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया गया है। प्रकाशित सूची में वर्णित लाभुको को सूचित करना है कि विभाग द्वारा निर्धारित समय–सीमा दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 के अन्दर अपने आवासो को पूर्ण कर लें तथा संबंधित प्रतिनियुक्त कार्यालय कर्मियों अथवा कार्यालय को सूचना देकर ससमय किस्त की राशि प्राप्त कर एक सजग एवं जागरूक नागरिक होने का परिचय दें।

उक्त निर्धारित समय–सीमा दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 के अन्दर आवास पूर्ण करने की सम्पूर्ण जवाबदेही लाभुको की होगी अन्यथा उक्त अवधि के बाद लाभुकों को अपने संसाधनो से आवास को पूरा करना पड़ सकता है तथा विभाग से राशि अप्राप्त रहने की स्थिति में भुगतान करना न ही लाभुको के किसी आवेदन/दावा पर विचार करना संभव होगा।

विषय अति–महत्वपूर्ण।

प्रशासक,
नगर परिषद्, विश्रामपुर

PR.NO.359828 District(25-26):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

**E-mail :-** eengbcdlatehar-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–03/2025–26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **Dismantling and Salvage of Old Condemned Building in Campus of Proposed Ayurvedic-Cum- Yogaush Centre, Netarhat in Latehar District** के नीलामी हेतु मुहरबन्द लिफाफे द्वारा **दिनांक–26.08.2025 को 3:00 बजे अपराह्ण तक** इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | न्यूनतम सुरक्षित राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling and Salvage of Old Condemned Building in Campus of Proposed Ay urvedic -Cum - Yogaush Centre, Netarhat in Latehar District | 104088 - | 10500 /- |

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है:–**

1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) के माध्यम से जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से सात दिनों के अन्दर कचरा को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
5) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 359803 (Building) 25-26 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 14/2025–26**
**दिनांक– 18.08.2025**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.09.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 02.09.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.09.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के ग्राम–बिरबिर में मंडप से पाहनटोला होते हुए डैम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2235200/- | 45000/- | 5000/ - | 45 (Forty Five )Days |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के ग्राम–चुम्बा में देवी मंडप से बिरहोरी पतरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2069600/- | 41500/- | 5000/ - | 45 (Forty Five )Days |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के ग्राम–मनातु में छापर नदी से बुलबुलीया धाम मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 745100/- | 15000/ - | 1250/ - | 30 (Thirty ) Days |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 359790 (Building)25-26*D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अगर मैं एक दरवाज़े से नहीं निकल पाया, तो मैं दूसरे दरवाज़े से निकल जाऊंगा या फिर एक दरवाज़ा बना लूंगा। चाहे वर्तमान कितना भी अंधकारमय क्यों न हो, कुछ शानदार ज़रूर होगा। - **रवींद्रनाथ टैगोर जी**


## संपादकीय

# टैरिफ युद्ध पुराना हथियार डटे रहनेवाले की जीत

किसी विशेष देश के साथ व्यापार को नियंत्रित करने के लिए टैरिफ का चुनिंदा ढंग से उपयोग केवल संरक्षणवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उससे आगे की चीज है। कई समीक्षकों का मानना है कि इस नीति के पीछे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को अन्य देशों के सस्ते निर्यात से बचाने या देश में विनिर्माण को पुनर्जीवित करने जैसे आर्थिक कारण कम, बल्कि अमेरिका द्वारा अपनी राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन और वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश अधिक है। इस नीति के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं-एक ओर जहां चीन ने इस नीति का कड़ा विरोध किया, तो यूरोपीय संघ समझौते के दबाव में झुक गया और जापान ने ऐसा व्यापार करार किया, जिससे वास्तविक लाभ अमेरिका को ही मिला। भारत इसका डटकर विरोध कर रहा है। संभावित समझौतों से जुड़े किसी सकारात्मक फैसले पर पहुंचने के लिए दोनों देशों के बीच जारी बातचीत का भविष्य भी फिलहाल संकट में ही दिख रहा है। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसमें रूसी तेल की निरंतर खरीद के दंडस्वरूप अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क भी शामिल है। इस लेख का उद्देश्य पारस्परिक शुल्कों और व्यापार समझौतों की विघटनकारी प्रकृति को देखते हुए, भारत पर इसके प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों ही स्तरों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों का विश्लेषण करना है। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा फैलाई गई व्यापारिक अनिश्चितताओं के कई वैश्विक निहितार्थ हैं। विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि चालू वर्ष में वैश्विक आर्थिक वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ने की आशंका है। ऐसी अनिश्चितताओं का भारत की प्रगति पर भी असर पड़ेगा ही। विभिन्न अनुमान बताते हैं कि पारस्परिक शुल्क के कारण भारत की वृद्धि में 50 से 100 आधार अंकों की गिरावट आ सकती है। दूसरा, रूस कच्चे तेल का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता देश है, जो कुल वैश्विक उत्पादन का 12 फीसदी से अधिक हिस्सा अकेले प्रदान करता है और उत्पादन की दृष्टि से तीसरे स्थान पर आता है। ऐसे में, रूसी तेल की खरीद पर रोक लगाने या रूस पर व्यापक प्रतिबंध थोपने के प्रयास लंबे समय तक टिक पाएंगे, ऐसी उम्मीद कम ही है। लेकिन अल्पावधि में कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान पैदा होने से ऊर्जा आपूर्ति में कमी आएगी, जिसके कारण बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति की समस्या बढ़ सकती है। भारत को भी इस चुनौती पर ध्यान देना होगा। तीसरा, आर्थिक शक्ति के जिस वैश्विक पुनर्गठन की बात की जा रही है, उससे भी कई चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के आर्थिक हितों की रक्षा के नाम पर भागीदार देशों को धमकाते-डराते रहेंगे। इसके प्रत्यक्ष प्रभावों को आसानी से समझा जा सकता है। सर्वविदित है कि अमेरिकी टैरिफ भारत से निर्यात होने वाले क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगे। ये प्रभावित क्षेत्र मुख्यतः श्रम-प्रधान उद्योग हैं, जिनमें वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़े के सामान, रसायन तथा ऑटो-पाट्र्स प्रमुख हैं। स्पष्ट है कि इन क्षेत्रों पर नकारात्मक असर का सीधा संबंध भारत में रोजगार की स्थिति पर भी पड़ेगा। चूंकि, भारत पहले से ही उच्च बेरोजगारी दर की चुनौती से जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में 'ट्रंप-टैरिफ' के कारण रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव का गहन विश्लेषण किया जाना नितांत आवश्यक है, ताकि उचित नीतिगत कार्रवाई की जा सके और जिसमें टैरिफ के कारण नौकरी खो सकने वाले लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा/आय हस्तांतरण भी शामिल हो।

*अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसमें रूसी तेल की निरंतर खरीद के दंडस्वरूप अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क भी शामिल है।*

# विकसित भारत के लिए पीएम मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र



मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षित–ब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त-छोड़ा गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे-साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा। उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है। ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और "नो गो" क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में "नो गो" क्षेत्रों को लगभग 99% तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है।

ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है-हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे। लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है। यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है।

लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।

साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50% स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं, इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व, निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें। राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली-सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है। एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। पीएम ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया। उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60% का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों। घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है। नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है। दिवाली तक लॉन्च किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है।

आज की **बात**



**हरदीप एस पुरी**
केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री

## आपकी बात

### सड़क दुर्घटनाओं पर एक अच्छा आलेख

**आलेख** "1 प्रतिशत वाहन संख्या वाले भारत में हर 4 मिनट पर मौत क्यों?" के माध्यम से कार्यकारी संपादक सुनील बादल जी ने जो चिंता व्यक्त की है वह जायज ही है और वर्तमान परिदृश्य में चिंतनीय भी। आज के समय में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या और उससे होनेवाली मौत के आंकड़े परेशान करनेवाले हैं। इसे विभिन्न उदाहरणों एवं आंकड़ों के माध्यम से बखूबी समझाया गया है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों से न केवल मृत व्यक्ति का परिवार मानसिक रूप से दुखी होता है बल्कि आर्थिक रूप से तबाह भी हो जाता है। बच्चों का भविष्य भी खराब हो जाता है। सड़क दुर्घटना के लिए केवल यातायात विभाग ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि हम सब भी जिम्मेदार हैं। सड़क दुर्घटना के कारणों की चर्चा की जाय तो सबसे बड़े कारणों में लापरवाही से गाड़ी चलाने, स्टंट करने, नशा करके वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन नहीं करने जैसे कारण महत्वपूर्ण है और हम सभी का कर्तव्य होना चाहिए कि हम वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, तभी हम सुरक्षित रहेंगे।



**दिलीप कुमार**
पोटमा, गढ़वा (झारखंड)

### पर्युषण अंतरमन व आत्मा को निर्मल बनाने का पर्व

**आज** से महापर्व पर्युषण का मंगल प्रारम्भ होने जा रहा है। इस महापर्व के आगमन के साथ ही जन-जन के मन में अपूर्व उल्लास उमड़ आया है। छोटे-छोटे बच्चों के मन में भी आज धर्म-साधना में संलग्न होने की एक होड़-सी दिखाई दे रही है। हर पर्व का उसका अपना एक इतिहास है। लौकिक पर्वों में खाने-पीने की, घूमने-फिरने की, नाचने-कूदने की, ऐशोआराम की दृष्टि होती है, पर इस लोकोत्तर पर्व में ऐसा कुछ भी नहीं है। लोकोत्तर पर्व का सम्बन्ध आध्यात्मिकता से है। आत्मा से है। पर्युषण पर्व भौतिकता को पुष्ट करने वाला पर्व नहीं है। यह पर्व आत्म-जागरण का पर्व है। अपने आप पर अनुशासन का पर्व है। विभाव से स्वभाव की ओर बढ़ने का पर्व है। अपने आपको बाहर से समेटकर भीतर से संलग्न करने का पर्व है। पर्युषण पर्व समग्र कषायों से विरति का संकल्प लेते हुए क्षमा-विनय-सरलता, समता, संतोष और सद्भाव-सौहार्द की अभिवृद्धि करने का पर्व है। सर्वथा विशुद्ध, इस आध्यात्मिक पर्व में आत्म-निरीक्षण, आत्म-चिंतन, आत्म-रमण और स्वभाव-रमण की विशुद्ध क्रियाएँ निहित हैं। जीवन के प्रति विशिष्ट चिंतन जगाने वाले इस पर्व की आराधना पूर्ण सजगता के साथ की जानी चाहिए। पर्युषण पर्व आत्मा को निर्मल बनाने आता है। आज के आदमी को दुनिया भर का ज्ञान है। दुनिया भर से उसका परिचय है पर स्वयं से वह बेखबर है। जब तक वह स्वयं निपुण नहीं बनेगा, उसके जीवन की समस्याएँ घटने के बजाय और अधिक बढ़ती चली जाएँगी। पर्युषण पर्व यही संदेश लेकर समुपस्थित हुआ है कि हम अपने आपसे संपर्क स्थापित करें।




**कांतिलाल मांडोत**

## राजीव गांधी की जयंती पर विशेष

# राजीव गांधी संवेदना भरी राजनीति के वाहक थे

राजनीति में विरोध होना स्वाभाविक है, लेकिन विरोध का उत्तर मानवता से देना दुर्लभ गुण है। भारत रत्न राजीव गांधी के लिए प्रधानमंत्री केवल पद नहीं उत्तरदायित्व था। उनका जीवन किसी चुनावी रणनीतिकार का नहीं, बल्कि एक सपनों में विश्वास रखने वाले नव निर्माणकर्ता का था जो पंचायती व्यवस्था से लेकर सूचना क्रांति तक और विपक्षी नेताओं के इलाज से लेकर गांव की चौपाल तक, भारत को एक नई पहचान देने में जुटा था।जब अटल बिहारी वाजपेयी जैसे सशक्त विपक्षी नेता गंभीर किडनी रोग से जूझ रहे थे, तब प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उन्हें सरकारी खर्च पर अमेरिका भेजा और उनका संपूर्ण इलाज करवाया। स्वयं अटल जी ने इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए कहा था—"मैं राजनीति में राजीव जी का विरोधी था, लेकिन उन्होंने मुझे एक बीमार इंसान की तरह देखा, और मेरी जिंदगी बचाई।"यह केवल उदारता नहीं थी—यह राजधर्म की सबसे ऊंची मिसाल थी। उन्होंने देखा कि सत्ता की ताकत दिल्ली में सिमटी है और गांव का आम आदमी उस शक्ति से कटा हुआ है। उन्होंने 73वां और 74वां संविधान संशोधन कर पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा दिया जिससे भारत के गांवों को नीति निर्माण और संसाधन नियोजन में प्रत्यक्ष भागीदारी मिली। लाखों महिलाएं, दलित, आदिवासी और हाशिये पर खड़े लोग अब जनप्रतिनिधि बनकर राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बनने लगे।यह लोकतंत्र की जड़ों में संवेदना और भागीदारी का पानी डालने का काम था।



उन्होंने कल्पना की थी कंप्यूटर, टेलीकॉम, सैटेलाइट, और डिजिटल शिक्षा आम नागरिक तक पहुंचे। जब लोग कंप्यूटर का विरोध कर रहे थे, तब वे NICNET और MTNL जैसी संस्थाओं की नींव रख रहे थे। आज जब हम 'डिजिटल इंडिया' की बात करते हैं, तो वह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, राजीव गांधी के स्वप्नों की साकारता है। उन्होंने विपक्ष को चाहे वह जॉर्ज फर्नांडिस हों, अटल बिहारी वाजपेयी हों या मधु लिमये—राजीव गांधी ने हर आलोचक को सम्मान दिया, संवाद किया और कई बार उनसे सहमत होकर नीतियाँ भी बदलीं। उनका यह विश्वास था कि भारत तभी उन्नत होगा जब उसका किसान आत्मनिर्भर होगा, और उसका गाँव आत्मसम्मानी। युवाओं को चुनावी रैली के चेहरे नहीं बनाया, उन्होंने उन्हें राष्ट्र के साझेदार के रूप में देखा। शिक्षा में नवाचार, रोजगार योजनाएं, और तकनीकी संस्थानों का विस्तार उनके कार्यकाल की उपलब्धियां हैं। राजीव गांधी को एक नृशंस आतंकी हमले में मार दिया गया, लेकिन वे केवल शरीर से गए—विचार से नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**हृदयानन्द मिश्र**
वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सदस्य, धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

रातों जैसे दिन गये, हवा गयी ज्यों गंध।
गुरु गुमान जैसे रहे, पलट गये मति मंद।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मनोरंजन से मन की बात तक- रेडियो की अमर प्रासंगिकता

20 अगस्त: राष्ट्रीय रेडियो दिवस पर विशेष

रेडियो, वह जादुई माध्यम, जिसने बीसवीं सदी से इक्कीसवीं सदी तक मानव जीवन को गहराई से प्रभावित किया, आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यह केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि एक ऐसा सेतु है, जो समाज को जोड़ता है, भावनाओं को आवाज़ देता है और बदलाव की प्रेरणा बनता है। रेडियो की तरंगें, जो कभी बिजली की अनुपस्थिति में भी गाँव-गाँव तक पहुँचती थीं, आज डिजिटल युग में भी अपनी आत्मीयता और पहुंच के कारण लाखों दिलों में बसी हैं। राष्ट्रीय रेडियो दिवस इस अनमोल धरोहर का उत्सव है, जो हमें याद दिलाता है कि कैसे रेडियो ने सूचना, मनोरंजन और एकता को हर घर तक पहुँचाया। रेडियो का उदय उस युग में हुआ जब संचार साधन सीमित थे। 1890 के दशक में मार्कोनी ने रेडियो तरंगों से संचार की क्रांति शुरू की। भारत में 1920 के दशक में बॉम्बे और कलकत्ता में रेडियो स्टेशन बने, और 1936 में आल इंडिया रेडियो ने इसे औपचारिक मंच दिया। टेलीविजन और इंटरनेट के अभाव में, रेडियो की सरलता-बिना साक्षरता या महंगे उपकरणों की आवश्यकता-ने गाँवों से शहरों तक हर दिल को जोड़ा। स्वतंत्रता संग्राम में आजाद हिंद रेडियो जैसे प्रसारणों ने नेताजी के संदेशों से ब्रिटिश शासन को चुनौती दी। स्वतंत्रता के बाद, रेडियो भारत की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना। रेडियो ने सूचना प्रसार के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन को भी बढ़ावा दिया। किसानों को कृषि कार्यक्रमों से आधुनिक तकनीक और मौसम की जानकारी मिली, जिसने उनकी आजीविका को सशक्त किया। गृहणियों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा के प्रसारणों से जागरूकता प्राप्त की। बच्चों की कल्पनाशीलता को कहानियों-कविताओं ने पंख दिए, तो बुजुर्गों को भक्ति और शास्त्रीय संगीत ने आत्मिक शांति दी। इस तरह, रेडियो हर वर्ग का प्रिय साथी बना। आपदा में इसकी भूमिका अनमोल रही-2004 की सुनामी और 2013 की उत्तराखंड बाढ़ में बैटरी चालित रेडियो ने जीवन रक्षक सूचनाएँ पहुँचाकर राहत कार्यों को दिशा दी। संयुक्त राष्ट्र भी इसे आपदा प्रबंधन का सबसे विश्वसनीय माध्यम मानता है। रेडियो ने मनोरंजन में अमिट छाप छोड़ी। 1950-60 के दशक में 'बिनाका गीतमाला' और 'विविध भारती' ने अमीन सायानी की आवाज़ में फिल्मी संगीत को घर-घर पहुँचाया, हर गाना उत्सव बन गया। क्रिकेट कमेंट्री ने श्रोताओं को स्टेडियम का रोमांच जिया, उन्हें घटनास्थल से जोड़ा। आज रेडियो ने ट्रांजिस्टर से एफ.एम. और इंटरनेट रेडियो तक का सफर तय किया। 400 से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थानीय भाषाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। इंटरनेट रेडियो और पॉडकास्ट ने इसकी वैश्विक पहुँच बनाई, जिससे मोबाइल पर दुनिया भर के स्टेशन सुने जा सकते हैं। रेडियो ने अर्थव्यवस्था को गति देते हुए रेडियो जॉकी, ध्वनि इंजीनियर, स्क्रिप्ट राइटर और विज्ञापन विशेषज्ञ जैसे पेशों में लाखों युवाओं, खासकर महिलाओं, को रोजगार दिया, जहाँ केवल आवाज़ मायने रखती थी, लैंगिक समानता को बढ़ावा मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम, जो 2014 से आल इंडिया रेडियो पर प्रसारित होता है, ने रेडियो को फिर से जन-जन का माध्यम बनाया। यह मासिक कार्यक्रम सामाजिक मुद्दों, सरकारी योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, डिजिटल इंडिया और प्रेरक कहानियों को स्थानीय भाषाओं में गाँव-शहर तक पहुँचाता है, लोगों को प्रेरित करता है। 'मन की बात' ने रेडियो की प्रभावशीलता और समावेशिता को पुनर्जनन दिया। राष्ट्रीय रेडियो दिवस रेडियो की विरासत और वर्तमान-भविष्य में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। टेलीविजन और इंटरनेट के युग में भी रेडियो की आत्मीयता अद्वितीय है, जो बिना स्क्रीन के लोगों को उनके रोजमर्रा के कामों के साथ जोड़ता है। शहरों में ट्रैफिक में फँसा व्यक्ति हो या गाँव का किसान, रेडियो उनकी भाषा में संवाद करता है। डिजिटल इंडिया में सामुदायिक रेडियो ग्रामीण भारत के लिए सूचना-शिक्षा का सशक्त साधन है, जो किसानों को बाज़ार भाव-मौसम की जानकारी, छात्रों को ई-लर्निंग, महिलाओं को स्वास्थ्य-स्वच्छता शिक्षा, और युवाओं को कौशल विकास प्रदान करता है। पॉडकास्टिंग ने नई पीढ़ी को, और इंटरनेट रेडियो ने स्थानीय संस्कृतियों को वैश्विक मंच से जोड़ा, जबकि प्रवासी भारतीय अपनी मातृभाषा में रेडियो सुनकर जड़ों से जुड़े रहते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**




**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिमाग को अंदर से पूरा खा जाता है ये छोटा कीड़ा, स्वास्थ्य विभाग ने दी चेतावनी

**एजेंसी। केरल**

केरल के कोझिकोड ज़िले में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस या 'दिमाग खाने वाले अमीबा' के कारण एक मौत सहित तीन मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी जारी की है। इस संक्रमण से नौ साल की एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो अन्य का कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इनमें से एक मरीज़ वेंटिलेटर पर है। ज़िला चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके राजाराम ने ज़ोर देकर कहा कि आगे के मामलों को रोकने के लिए निवासियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि अगर किसी को बुखार है और जिसने हाल ही में ठहरे हुए पानी में नहाया या तैराकी की है, तो उसे तुरंत डॉक्टर को सूचित करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए विस्तृत सावधानियाँ जारी की हैं। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे ठहरे हुए पानी में न नहाएँ या तैरें नहीं, तैरते समय नाक में क्लिप लगाएँ, और स्विमिंग पूल व वाटर थीम पार्क में पानी का उचित क्लोरीनीकरण सुनिश्चित करें। गंदे पानी में गोता लगाने या ठहरे हुए पानी से मुँह और चेहरा धोने से बचना चाहिए। जिन लोगों की नाक या कान की सर्जरी हुई है, या जिनके कान में मवाद है, उन्हें गोता लगाने से बचना चाहिए।



### ठहरे पानी में तैरने से बढ़ता है संक्रमण का खतरा

अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस तब होता है जब अमीबा परिवार के रोगजनक, जो पानी में स्वतंत्र रूप से रहते हैं, मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं। यह रोग आमतौर पर उन लोगों को प्रभावित करता है जो ठहरे हुए पानी में गोता लगाते हैं या तैरते हैं। अमीबा नाक और मस्तिष्क को अलग करने वाली पतली परत के छिद्रों या कान के पर्दे के छिद्रों के माध्यम से मस्तिष्क में प्रवेश कर सकता है। इस संक्रमण की मृत्यु दर बहुत ज़्यादा है और यह इंसानों से इंसानों में नहीं फैलता। इसके लक्षण आमतौर पर संपर्क में आने के पाँच से दस दिनों के भीतर दिखाई देते हैं और इनमें तेज़ सिरदर्द, बुखार, मतली, उल्टी, गर्दन घुमाने या रोशनी देखने में कठिनाई शामिल है। बच्चों में भूख न लगना, खेलने में हिचकिचाहट, स्थिर पड़े रहना, याददाश्त कमज़ोर होना, दौरे पड़ना या बेहोशी जैसे अतिरिक्त लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं।

## यूपी के जिला अस्पताल में मुन्नाभाई एमबीबीएस की खुली पोल

- **गले में आला, मुंह पर मास्क लगा खुद को बता रहा था सीनियर डॉक्टर**

**एजेंसी। उत्तर प्रदेश**



उत्तर प्रदेश के बस्ती ज़िला अस्पताल में लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जब तीमारदारों ने एक फ़र्ज़ी डॉक्टर को इमरजेंसी वार्ड में मरीज़ों का इलाज करते हुए पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राज कुमार नाम का एक व्यक्ति डॉक्टर की तरह मास्क और स्टेथोस्कोप पहने वार्ड में दाखिल हुआ। खुद को एक वरिष्ठ डॉक्टर बताते हुए, उसने गंभीर हालत वाले मरीज़ों सहित मरीज़ों का इलाज करना शुरू कर दिया। शक तब हुआ जब एक गंभीर रूप से बीमार मरीज़ के परिवार ने उससे दवाइयाँ लिखने को कहा। जवाब देने के बजाय, उसने कहा कि वह वार्डन से पूछकर बताएगा, जिससे उसकी विश्वसनीयता पर संदेह पैदा हो गया। जल्द ही, उसके परिजनों और रिश्तेदारों ने उससे पूछताछ की और पुष्टि की कि वह एक धोखेबाज़ है। लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटना तब सामने आई जब एक व्यक्ति अपनी पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल लाया। परिवार का आरोप है कि लगभग दो घंटे तक उसका इलाज नहीं किया गया और बाद में उसकी मौत हो गई। इस दौरान, फर्जी डॉक्टर आपातकालीन वार्ड में मेडिकल स्टाफ बनकर घूमता पाया गया। जिला अस्पताल के विशेष चिकित्सा अधिकारी डॉ. खालिद रिजवान ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि सूचना मिली थी कि एक अज्ञात व्यक्ति वार्ड में डॉक्टर बनकर मौजूद है।

## आवारा कुत्तों को पकड़ने गई एमसीडी की टीम पर हमला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पुलिस ने मंगलवार को बताया कि लगभग 15-20 लोगों के एक समूह ने रोहिणी में आवारा कुत्तों को पकड़ने के अभियान के दौरान दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। पुलिस के अनुसार, इस समूह ने एमसीडी कर्मचारियों पर हमला किया, दो पकड़े गए कुत्तों को छुड़ा लिया और एमसीडी वाहन में तोड़फोड़ की, उसकी खिड़कियाँ तोड़ दीं और रजिस्टर व लॉगबुक चुरा लीं। रोहिणी के डीसीपी राजीव रंजन ने कहा कि लगभग 15-20 तथाकथित कुत्ते प्रेमियों के एक समूह के खिलाफ कल शिकायत दर्ज की गई थी। उन्होंने कथित तौर पर आवारा कुत्तों को पकड़ने वाले एमसीडी वाहन में बाधा डाली, दो आवारा कुत्तों को छुड़ा लिया और एमसीडी कर्मचारियों पर हमला किया - इस घटना में तोड़फोड़ शामिल थी, जिसमें वाहन की खिड़कियाँ तोड़ना और रजिस्टर व लॉगबुक चुराना शामिल था। उन्होंने आगे कहा कि लोक सेवक को उनके कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने और चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले शुक्रवार को, 11 और 12 अगस्त को नई दिल्ली ज़िले में कई जगहों पर बिना पूर्व अनुमति के कुत्ता प्रेमियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में चार प्राथमिकी दर्ज की गईं।

### करोड़ों की संपत्ति पर कब्जे से डीएमके पर सवाल

# तमिलनाडु के 44,000 मंदिर बदहाल

**एजेंसी। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन अब यह अपने कथित हिंदू विरोधी रुख और हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ निधि (एचआर और सीई) विभाग के तहत मंदिरों के कुप्रबंधन को लेकर तीखी आलोचनाओं का सामना कर रही है। कई हिंदू संगठन और विपक्षी दल मंदिरों की बिगडती हालत, वित्तीय अनियमितताओं और पार्टी नेताओं के विवादास्पद बयानों पर लगातार चिंता जता रहे हैं।**

### मंदिरों की जर्जर हालत और कुप्रबंधन

तमिलनाडु में एचआर और सीई विभाग के अधीन 44,121 मंदिर हैं, जिनमें से कई सदियों पुराने हैं। इनमें से कई मंदिरों की स्थिति दयनीय है। पलक्कराई का सदियों पुराना सेल्वा विनयगर मंदिर इसका एक दुखद उदाहरण है, जहां पिछले 30 वर्षों से न कोई रखरखाव हुआ है और न ही कुंभाभिषेक (प्रतिष्ठा समारोह)। इस उपेक्षा ने तत्काल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक पुनरुद्धार की मांग को जन्म दिया है। यह उपेक्षा तब और चौंकाने वाली लगती है जब मंदिरों के पास मौजूद विशाल संपत्ति पर नजर डाली जाती है। मंदिरों के पास लगभग 4.78 लाख एकड जमीन और 22,600 से ज्यादा इमारतें हैं। इसके बावजूद, जुलाई 2022 से मार्च 2023 के बीच किराये से केवल ₹117.63 करोड की आय हुई। यह बडा अंतर मौजूदा प्रशासन के राजस्व प्रबंधन की दक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाता है।



### भूमि पर अवैध कब्जे और वित्तीय चिंताएं

खराब रखरखाव के अलावा, मंदिर की जमीनों पर अवैध क जा एक बडी समस्या बन गया है। तिरुनेलवेली के ऐतिहासिक श्री वरगुण पांडेश्वर और श्री नेल्लईअप्पार जैसे मंदिरों की हजारों एकड जमीन पर कथित तौर पर अवैध क जा हो चुका है। आलोचकों का तो यहां तक आरोप है कि सरकारी विभाग भी मंदिर की संपत्तियों पर अतिक्रमण करने वालों में शामिल हैं। वित्तीय कुप्रबंधन की परतें यहीं खत्म नहीं होतीं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) ने भी एचआर और सीई विभाग को राजस्व की बर्बादी और पारदर्शिता की कमी के लिए फटकार लगाई है। इसके अलावा, मंदिरों में काम करने वाले कर्मचारियों को बेहद कम वेतन दिया जाता है। एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पोन मनिकवेल के अनुसार, तंजावुर के पुल्लमंगई मंदिर के पुजारियों को केवल ₹300 प्रति माह मिलता है।

### राजनीतिक प्रभाव और आगे की राह

इन सभी मुद्दों पर सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन हुए हैं, और मठों, जैसे प्रभावशाली मदुरै अधीनम ने भी कडी प्रतिक्रिया दी है। कई लोग डीएमके पर हिंदू संस्कृति को कमजोर करने, मंदिरों की पवित्रता को नष्ट करने और राजनीतिक लाभ के लिए भडकाऊ बयानबाजी करने का आरोप लगाते हैं। परिणामस्वरूप, मंदिर प्रशासन और सांस्कृतिक संवेदनशीलता तमिलनाडु में एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन गए हैं। धार्मिक समूहों, विपक्षी दलों और नागरिक समाज के बढते दबाव के साथ, डीएमके सरकार खुद को कडी जांच के घेरे में पाती है, न केवल मंदिरों के प्रबंधन को लेकर, बल्कि लोगों की धार्मिक भावनाओं के प्रति अपने नेताओं के दृष्टिकोण को लेकर भी।

### भक्तों की असुविधा और दर्शन में अव्यवस्था

इन समस्याओं का सीधा असर भक्तों पर पडता है। कई मंदिरों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जैसे स्वच्छ पानी, शौचालय और प्रतीक्षालय। त्योहारों के दौरान भीड प्रबंधन की अव्यवस्था से अक्सर भगदड जैसी स्थिति बन जाती है। तिरुवन्नामलाई और तिरुचेंदूर जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों पर भक्तों ने बेहोश होने और प्रसाद के लिए घंटों इंतजार करने की शिकायतें की हैं।दर्शन के लिए भी अनियमितताएं सामने आई हैं। तिरुवन्नामलाई के एक रिक्शा चालक ने आरोप लगाया कि 50 की आधिकारिक टिकट के बावजूद, कुछ लोग वैकल्पिक द्वारों से जल्दी प्रवेश के लिए 1,000 तक की मांग करते हैं।

### डीएमके नेताओं के विवादास्पद बयान

प्रशासनिक मुद्दों के अलावा, डीएमके के शीर्ष नेताओं के विवादास्पद बयानों ने भी हिंदू समुदाय में आक्रोश पैदा किया है। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से करके देशव्यापी विवाद खडा कर दिया था और इसके 'उन्मूलन' की बात कही थी। इस विवाद को और हवा देते हुए, डीएमके के उप महासचिव ए. राजा ने हिंदू धर्म को 'वैश्विक खतरा' बताया। वहीं, मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन भी संस्कृत मंत्रों का उपहास उडाने के लिए आलोचना के घेरे में आ चुके हैं। इन बयानों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और डीएमके की छवि को और धूमिल किया है।

## गणेश मूर्ति हाईटेंशन तार से टकराई, हैदराबाद में 2 लोगों की दर्दनाक मौत



**हैदराबाद।** बंदलागुडा इलाके में सोमवार को आधी रात के बाद भगवान गणेश की मूर्ति ले जा रहे एक वाहन के हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की कथित तौर पर करंट लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। बंदलागुडा पुलिस थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना रात करीब एक बजे एक होटल के पास हुई, जब कुछ लोग मूर्ति को स्थापना के लिए एक वाहन में ले जा रहे थे।
बंदलागुडा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना एक होटल के पास रात करीब एक बजे हुई जब एक समूह वाहन में मूर्ति को स्थापना के लिये ले जा रहा था। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया और मामले की जांच की जा रही है।
पुलिस ने बताया कि ऐसी ही एक घटना में रविवार आधी रात को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा में एक बग्घी के बिजली के तारों के संपर्क में आने से करंट लगने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में चार लोग घायल हो गये थे।

## फिर विवादों में घिरे बालमुकुंद आचार्य, मुस्लिम युवक से कहा-वंदे मातरम् बोलो

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के विधायक बालमुकुंद आचार्य द्वारा एक शिक्षक को वंदे मातरम् और भारत माता की जय का नारा लगाने से कथित तौर पर इनकार करने पर फटकार लगाने का एक वीडियो वायरल हो गया है, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। यह घटना इस महीने की शुरुआत में जयपुर के वैशाली नगर स्थित एक होटल में हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आयोजित एक निजी सम्मान समारोह के दौरान हुई थी। शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर के स्कूलों के अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें 100 शिक्षक भी शामिल थे। आचार्य की हरकतों, जिसमें शिक्षक से बार-बार पूछताछ भी शामिल थी, ने काफी ध्यान आकर्षित किया है। महाराष्ट्र के अंसारी मोहम्मद राशिद नामक शिक्षक को उनकी दाढ़ी से मुसलमान बताते हुए, आचार्य ने उनसे वंदे मातरम का नारा लगाने पर ज़ोर दिया। राशिद के कथित इनकार के कारण ही आचार्य ने कार्यक्रम के दौरान इस मुद्दे पर बार-बार ज़ोर दिया। आचार्य ने रशीद की वफादारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप इस देश से खाते हैं, लेकिन इसके प्रति वफादार नहीं हैं। जयपुर के हवा महल से भाजपा विधायक ने आगे पूछा, आप वंदे मातरम क्यों नहीं कह रहे हैं? क्या आप बाहर से आए हैं? क्या आप हमारे देश के नहीं हैं? इधर-उधर देखते हुए उन्होंने मंच पर मौजूद अन्य लोगों से पूछा, वह इस देश में रहते हैं, लेकिन वंदे मातरम नहीं कहते। वह किस तरह के आदमी हैं? क्या उन्हें भारत या तिरंगे में विश्वास नहीं है?

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको परिवार से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। आज आप किसी नए बिजनेस को शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के योग बन रहें, आज बॉस आपके किसी काम से खुश होंगे। जिनकी जॉब अभी नई-नई शुरू हुई है, उनको ऑफिस में साथियों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बढ़िया लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपको शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन अगर आप विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिये जाना चाहते हैं, तो आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप किसी नई योजना के ऊपर काम शुरू कर सकते हैं, जिसका आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को दोगुनी मेहनत करने की जरूरत है। एक निर्धारित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ख़ुशी भरा रहेगा। आज आप ऐसी चीज़ हासिल कर पाएंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडिया आएंगे। आज ऑफिस में हर कोई आपके काम से खुश रहेगा और आपके जूनियर भी आपसे काम सीखने आयेंगे।

**कन्या :** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज किसी बड़े काम को शुरू करने से पहले किसी वरिष्ठ व्यक्ति से सलाह करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको होलसेल के बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा। आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप पुराने कार्यों को पूरा करके नए कार्यों में भी रुचि दिखाएंगे। आज आप बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील साइन करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। इस राशि की महिलाएं गृह उद्योग शुरू कर सकती हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपनी भावनाओं को कंट्रोल में रखें और किसी से भी ऐसी बात न बोले जिससे उसका दिल दुखे। आज अचानक आपके घर पर किसी रिश्तेदार का आगमन हो सकता है, अगर आप घर शिफ्टिंग का मन बना रहें तो आज आप कर सकते हैं।

**धनु :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। आज स्वास्थ्य सेवाएं दे रहें व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपको मनचाही जगह पर ट्रांसफर का ऑफर मिल सकता है।

**मकर :** आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं। आज आपको काम पूरा करने के लिये थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी, अंततः आपको अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर अपना खुद का होटल या रेस्टोरेंट ओपन कर सकते हैं।

**कुंभ :** आज आपका दिन पहले से ज्यादा लाभ दिलवाने वाला रहेगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जायेगी, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिये लाभकारी होगा। आज वाहन का प्रयोग करते समय आपको जरूरी कागजात अपने साथ रखने चाहिए।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने विवेक का इस्तेमाल करके सब कुछ हासिल कर सकते हैं, आज आपके करीबी आपकी प्रशंसा करेंगे। आज आप बेवजह की बातों से दूर रहें और अपने समय का सही सदुपयोग करें। आज लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप डिनर पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

## वोटर अधिकार यात्रा में तेजस्वी यादव का ऐलान अगली बार राहुल गांधी को पीएम बनाएंगे

**बिहार।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए विपक्ष मिलकर काम करेगा। उनकी टिप्पणी से इस बात के स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि 2029 के आम चुनावों में राहुल गांधी को इंडिया ब्लॉक के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश किया जा सकता है। राजद नेता ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव होने पर हम राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की दिशा में काम करेंगे। बिहार के नवादा में 'मतदाता अधिकार' रैली का नेतृत्व करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की मौजूदगी में यादव ने यह टिप्पणी की। रैली को संबोधित करते हुए, यादव ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि युवा पीढ़ी को राज्य चलाने का मौका मिले। यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार 'खटारा' हो गई है और इसे तुरंत बदलने की ज़रूरत है। युवाओं को अब मौका मिलना चाहिए... हमारे पास बिहार के लिए एक विज़न है। युवाओं ने संकल्प लिया है कि वे इस पुरानी और जर्जर सरकार को सत्ता से हटाएँगे और अगले लोकसभा चुनावों के बाद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएँगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास बिहार के लिए दृष्टिकोण हैं।

## लोकतंत्र बचाने निकले हैं या तार-तार करने?

### राहुल-तेजस्वी की यात्रा पर तेज प्रताप का तंज, दी ये सलाह

**एजेंसी। बिहार**



बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने मंगलवार को अपने छोटे भाई और राजद नेता तेजस्वी यादव को राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के भीतर गद्दारों से सावधान रहने की सलाह दी। तेज प्रताप ने एक्स पर लिखा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव लोकतंत्र बचाने के लिए निकले हैं या फिर लोकतंत्र को ताड़ ताड़ करने निकले हैं। क्योंकि जिस प्रकार से नबीनगर विधानसभा से विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह के गाड़ी चालक को और उसके साथ एक मीडिया पत्रकार भाई को जयचंद द्वारा मारा-पीटा और गाली गलौज किया गया है, यह बेहद ही गलत और शर्मनाक है। मैं इसकी कड़ी आलोचना करता हूँ। एक वीडियो साझा करते हुए तेज प्रताप ने एक्स पर लिखा कि मैं तेजस्वी को कहना चाहता हूं अभी भी समय है। अपने आस पास के जयचंदो से सावधान हो जाओ नहीं तो चुनाव में बहुत बुरा परिणाम देखने को मिलेगा। अब आप कितने समझदार हैं यह चुनाव परिणाम तय कर देगा। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, "कुछ गद्दार मेरे राजनीतिक करियर को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। लेकिन ये गद्दार नहीं जानते कि मेरा नाम तेज प्रताप यादव है। मैं और भी मज़बूती से आगे बढ़ता रहूँगा। चाहे कितनी भी बड़ी साजिश रची जाए, वे मुझे कभी नहीं हरा पाएँगे। तेज प्रताप ने इस साल के अंत में होने वाले पूर्वी राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पाँच छोटी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की थी। उन्होंने पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की, जिसमें पाँचों दलों - विकास वंचित इंसान पार्टी (वीवीआईपी), भोजपुरिया जन मोर्चा (बीजेएम), प्रगतिशील जनता पार्टी (पीजेपी), वाजिब अधिकार पार्टी (डब्ल्यूएपी) और संयुक्त किसान विकास पार्टी (एसकेवीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी शामिल हुए।

आमने सामने

## तेजस्वी यादव का आरोप, पीएमओ के इशारे पर बात कर रहे सीईसी

**एजेंसी। बिहार**



राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वह अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तथ्यों के साथ स्पष्ट जवाब देने में विफल रहे। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि सीईसी कुमार ने प्रधानमंत्री कार्यालय के इशारे पर बात की। तेजस्वी ने एएनआई से कहा कि उन्होंने अभी तक तथ्यों के साथ कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। हमें बताएँ कि जो लोग ज़िंदा थे उन्हें मृत क्यों घोषित कर दिया गया। ऐसे हज़ारों उदाहरण हैं जो हम पेश कर सकते हैं। उन्होंने सिर्फ़ वही पढ़ा है जो उन्हें पीएमओ से मिला था। वह वही कह रहे हैं जो उन्हें बताया गया था। अगर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली है, तो उन्हें बताना चाहिए। इसमें शर्म की क्या बात है?तेजस्वी की यह टिप्पणी रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हाल ही में किए गए "वोट चोरी" के दावों का खंडन करने और उन्हें सात दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करने के निर्देश के बाद आई है। बिहार में चल रही 'मतदाता अधिकार यात्रा' का समर्थन करते हुए, तेजस्वी यादव ने कहा कि लोग समझ रहे हैं कि कैसे भाजपा ने कथित तौर पर चुनाव आयोग को प्रभावित किया और वोट चुराए। राजद नेता ने कहा कि यात्रा को लोगों का अपार प्यार और समर्थन मिल रहा है और लोग अब समझ रहे हैं कि कैसे भाजपा के लोगों ने मिलकर सबसे पहले चुनाव आयोग को चुराया। अब जब वोटों की चोरी हो रही है, तो जनता जागरूक हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार लोकतंत्र को टूटने नहीं देगा। उन्होंने कहा, "बिहार की धरती, जहाँ लोकतंत्र का जन्म हुआ, वहाँ लोकतंत्र को खत्म नहीं होने दिया जाएगा। यह एक ऐतिहासिक यात्रा होगी।" 'मतदाता अधिकार यात्रा' रविवार को सासाराम से शुरू हुई।

**सुप्रीम कोर्ट** | 'मतदाता अधिकार यात्रा' पर सियासत गर्म, भाजपा ने कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप

# घुसपैठियों को मतदाता के रूप में चाहते हैं? : रविशंकर

- **मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस की यात्रा पर भाजपा और सहयोगी दलों ने हमला बोला है**

**एजेंसी। बिहार**



बिहार में चल रही कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के बीच, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर घुसपैठियों और मृत लोगों के नाम मतदाता सूची में बने रहने की इच्छा रखने का आरोप लगाया। प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उन्होंने पेगासस और राफेल जैसे प्रमुख मुद्दों पर लोगों को गुमराह किया है। एएनआई से बात करते हुए, रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वे क्या चाहते हैं- घुसपैठियों को मतदाता बनाया जाए? जो लोग मर चुके हैं उन्हें मतदाता के रूप में रखा जाए? क्या दो जगहों पर सूचीबद्ध लोगों को मतदाता के रूप में रखा जाना चाहिए? वे क्या चाहते हैं? वे अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं कर पाए हैं।रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मैं राहुल गांधी से एक बात कहना चाहता हूं, आपने पेगासस का मुद्दा उठाया, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, कहा गया कि जिन्हें समस्या है वे अपना फोन जांच के लिए दें, लेकिन आपने अपना नहीं दिया। राफेल मुद्दे पर आपको सुप्रीम कोर्ट के सामने माफी मांगनी पड़ी...देश आपको कभी माफ नहीं करेगा। जिस तरह से आपने संसद का अपमान किया है, आपको कभी वोट नहीं मिलेंगे। लोजपा (रामविलास) सांसद शांभवी चौधरी ने भी विपक्ष के अभियान की आलोचना करते हुए कहा कि इससे उनके गठबंधन को कोई फ़ायदा नहीं होगा।

### बिहार में राहुल की यात्रा के बीच एनडीए ने तैयार किया तगड़ा प्लान

- **23 अगस्त से बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए सम्मेलन आयोजित करेगा**
- **सम्मेलन के लिए एनडीए नेताओं की 14 संयुक्त टीमें बनाई गई हैं**

**बिहार।** बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी सहयोगी दल 23 अगस्त से सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ सम्मेलन आयोजित करेंगे। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार, इन विधानसभा सम्मेलनों के लिए एनडीए नेताओं की 14 संयुक्त टीमें बनाई गई हैं। बिहार में एनडीए में भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) शामिल हैं। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालाँकि, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने अभी तक तारीख की घोषणा नहीं की है। इस बीच, इंडिया ब्लॉक बिहार में 'मतदाता अधिकार यात्रा' आयोजित कर रही है, जो मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से भाजपा और ईसीआई द्वारा कथित मतदाता दमन और चुनावी हेराफेरी को उजागर करने के लिए 16 दिनों का अभियान है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को गयाजी से अपनी यात्रा के तीसरे दिन की शुरुआत की। चुनाव आयोग और भाजपा पर अपने "वोट चोरी" के आरोपों को दोहराते हुए, लोकसभा नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर "साझेदारी" कर रहे हैं।

## लद्दाख में पैंगोंग झील के पास बाढ़ में बह गया बाइकर



**लेह ।** केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां प्रसिद्ध पैंगोंग झील के पास एक बाइक सवार अचानक से आई बाढ़ में बह गया। बाइकर के बाढ़ में बहने की घटना कैमरे में कैद हो गई और इसका खतरनाक वीडियो सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लगातार भारी बारिश और बादल फटने के बीच हुई है। आइए जानते हैं इस पूरी घटना के बारे में विस्तार से। वहीं, बाढ़ में बहे बाइक सवार को बाद में भारतीय सेना के जवानों ने बचा लिया। हालांकि, बाइक बाढ़ के पानी में बह गई। यह घटना इस क्षेत्र में अप्रत्याशित मौसम की स्थिति और अचानक आई बाढ़ से जुड़े खतरों को उजागर करती है।

## फिनलैंड के सांसद ने संसद भवन के अंदर आत्महत्या की



**हेलसिंकी ।** फिनलैंड के एक सांसद ने संसद भवन के अंदर आत्महत्या कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को सुबह लगभग 11 बजे संसद भवन में एक व्यक्ति को मरा हुआ पाया गया। सांसद की पहचान फिलहाल अभी नहीं हो पाई है। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, इस घटना में किसी आपराधिक संलिप्तता की कोई जानकारी अब तक नहीं मिली है।

## क्या बड़ा गेम कर रहे हैं मोदी? पहले जिनपिंग के मंत्री से की मुलाकात अब जयशंकर को भेजा रूस



**नई दिल्ली ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने टैरिफ कार्ड के जरिए दुनियाभर के देशों को झुकाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में रूस से तेल खरीद को लेकर वो भारत को निशाना बना रहे हैं। पहले 25 प्रतिशत और उसके बाद 50 प्रतिशत तक का टैरिफ भारत पर थोपने का वो ऐलान कर चुके हैं। ट्रंप भारत को डराना और झुकाना चाहते हैं जिससे वो अमेरिका की शर्तों पर ट्रेड डील करने को राजी हो जाए। लेकिन भारत ने अमेरिका के आगे झुकने की बजाए टैरिफ वॉर का सामना करने का रास्ता चुना है।



# किश्तवाड़ में 65 की मौत, 200 लापता, अपनों की तलाश जारी

### 4 मंदिर समेत पूरा गांव मलबे में दबा, चश्मदीद बोले- एक धमाका और सब खत्म

**एजेंसी । किश्तवाड़**

'दोपहर का वक्त था। हम सब घर पर ही थे। तभी एक भयानक आवाज सुनाई दी। बेटी ने कहा- लगता है, कोई वीआईपी हेलिकॉप्टर से मचैल माता की यात्रा में शामिल होने आया है। हम जैसे ही बाहर निकले, हमें पहाड़ी के ऊपर अजीब सी धुंध और धूल दिखाई दी। पल भर में बड़े-बड़े पत्थर और मलबा पानी के साथ हमारी ओर आने लगा। चंद सेकेंड में पूरा गांव इस मलबे के नीचे दफन हो गया। किश्तवाड़ के चसोटी गांव में 14 अगस्त की दोपहर बादल फटने के बाद आए सैलाब को पूजा देवी ने बहुत करीब से देखा है। उनका मकान गांव के पास ही थोड़ी ऊंचाई पर है। लिहाजा घर तो सुरक्षित बच गया, लेकिन गांव के काली मंदिर में पूजा-पाठ करने गए अपने पिता को उन्होंने खो दिया। पूजा बताती हैं कि काली माता मंदिर के आस-पास ही गांव में 4 मंदिर थे, लेकिन किसी का नामोनिशान नहीं बचा। हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ के पड्डर सब-डिवीजन में चसोटी गांव पहुंचे थे। ये पैदल यात्रा का पहला पड़ाव है।

25 जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से ही यहां लंगर चल रहा था। रोज 5000 लोगों के लिए खाना बन रहा था। घटना के दिन भी यहां काफी श्रद्धालु थे। सैलाब में उनकी बसें, टेंट, लंगर, दुकानें सब बह गईं। हादसे में अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। 80 लापता लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना के 300 से ज्यादा जवान, व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। किश्तवाड़ के चसोटी गांव में दैनिक भास्कर की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची। हमने मौजूदा हालात और रेस्क्यू देखा। साथ ही घटना के चश्मदीदों और प्रभावितों से मिले।

### बादल फटने से नुकसान

**65** से ज्यादा की मौत | **5000** से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए | **200** लोग अब भी लापता

### क्या-क्या तबाह हुआ

**16** मकान | **04** मंदिर | **01** ब्रिज | सीआईएसएफ

### सब बाढ़-मलबे में दफन, गांव का नामोनिशान नहीं बचा

जम्मू से करीब 210 किमी का सफर तय कर हम किश्तवाड़ पहुंचे। चसोटी गांव यहां से लगभग 90 किलोमीटर और मचैल माता मंदिर के रास्ते में पहला गांव है। ये जगह पड्डर घाटी में आती है, जो 14-15 किलोमीटर अंदर की ओर है। इस इलाके के पहाड़ 1,818 मीटर से लेकर 3,888 मीटर तक ऊंचे हैं। इतनी ऊंचाई पर ग्लेशियर और ढलानें हैं, जो पानी के बहाव को तेज करती हैं। यहां बाढ़ और मलबे ने गांव को ऐसा ढंक लिया है, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि यहां कभी कुछ था ही नहीं। हादसे से पहले गांव में 300 लोग रहते थे, लेकिन अब ये वेस्टलैंड में तब्दील हो गया है। गांव वाले बताते हैं कि जब ये हादसा हुआ, तब मचैल माता तीर्थयात्रा चल रही थी। ये हर साल जुलाई से शुरू होकर 5 सितंबर तक चलती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। इसमें पड्डर से चसोटी तक 19.5 किमी तक सफर गाड़ियों से तय किया जा सकता है। इसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। जब हादसा हुआ, तब बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा के लिए चसोटी पहुंचे हुए थे। यहीं रहने वाली पूजा देवी बताती हैं, 'आपदा के वक्त मेरे पापा गांव के काली मंदिर पूजा करने गए थे। उसके बाद से उनकी कोई खबर नहीं मिली। बाढ़ के बाद से जब मंदिर का ही नामोनिशान नहीं बचा, तब मेरे पापा भला कैसे जिंदा हो सकते हैं। यहां हर तरफ इतना मलबा है कि अब तक उनकी डेडबॉडी भी नहीं मिल सकी है। गांव में हुए नुकसान के बारे में पूछने पर पूजा कहती हैं, 'अब यहां गांव बचा ही कहां है। यहां तो बस अब तबाही के निशान हैं। गांव के काली माता मंदिर के मुख्य पुजारी भी मंदिर के साथ इस सैलाब में बह गए। आपदा को लेकर उनकी बेटी मीना देवी कहती हैं, 'हमारे गांव के लोगों से पाप हुआ है। मेरे पिता लगातार चेतावनी दे रहे थे कि ये मां चंडी का श्राप है।

### चंद सेकेंड में हमारी पूरी दुनिया ही उजड़ गई, अब कहां जाएं

चसोटी इलाके का आखिरी गांव है, जहां तक गाड़ियां पहुंच सकती हैं। बादल फटने और बाढ़ के चलते अब यहां सब तबाह हो गया है। सैलाब अपने साथ सीआईएसएफ कैंप और करीब 16 मकान बहा ले गया। चसोटी में रहने वाली शांति चंद घटना को याद कर सिहर उठती हैं। वे कहती हैं, 'इस हादसे ने तो हमारी दुनिया ही उजाड़ दी। बाढ़ में हमारे दोनों घर बह गए। मेरे ससुर ठाकुर चंद और जेठ समेत कई रिश्तेदार इस तबाही में मारे गए। हमारा सब कुछ छिन गया। आखिर अब हम कहां जाएं, क्या करें। हमारे पास तो अब सिर छिपाने तक के लिए जगह नहीं है। घटना की चश्मदीद शांति चसोटी में होटल चलाती थीं। अब वो भी नहीं रहा। वो घटना के दिन का आंखों देखा हाल बताते हुए कहती हैं।

### कहा, भारत में बेरोजगारी का कारण है 95% सरकारी नौकरियों में बाजार से 5 गुना ज्यादा वेतन

## भारत का सार्वजनिक क्षेत्र अत्यधिक वेतन विकृति से ग्रस्त : मुरलीधरन

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कैलिफोर्निया वि.वि. में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर व विकास क्षेत्र के अर्थशास्त्री कार्तिक मुरलीधरन का कहना है कि भारत का सार्वजनिक क्षेत्र अत्यधिक वेतन विकृति से ग्रस्त है, जहां 95% सरकारी नौकरियों में बाजार दर से पांच गुना ज्यादा वेतन दिया जाता है जबकि शीर्ष स्तर के निर्णयकर्ताओं को बहुत कम वेतन दिया जाता है। उनके अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र में वेतन एक बड़ी समस्या है।उन्होंने कहा कि शीर्ष 1 या 2% लोग जो ज़्यादातर सीईओ की तुलना में कहीं ज्यादा जटिल फ़ैसले ले रहे हैं, उन्हें उन कौशलों के लिए बाज़ार द्वारा दिए जाने वाले वेतन की तुलना में बहुत कम वेतन मिलता है, लेकिन 95% सरकारी नौकरियों में आपको बाज़ार द्वारा दिए जाने वाले वेतन से पांच गुना ज़्यादा वेतन मिलता है। मुरलीधरन भारत में नौकरियों के विकृत पिरामिड पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिसमें उन्होंने उप्र का उदाहरण दिया, जहां 2.3 मिलियन लोगों ने उच्च वेतन और कम कार्य अपेक्षाओं के लालच में 368 चपरासी की नौकरियों के लिए आवेदन किया था। आवेदकों में एक बड़ी संख्या पीएचडी कर चुके लोग भी थे। उनके अनुसार यह वेतन असंतुलन चार प्रमुख प्रणालीगत विकृतियां पैदा करता है। पहला, यह बड़े पैमाने पर नियुक्तियों को रोकता है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र 101 कहेगा कि मुझे कम वेतन देना चाहिए और ज़्यादा लोगों को नियुक्त करना चाहिए लेकिन सारा पैसा मौजूदा कुछ लोगों को भुगतान करने में चला जाता है, इसलिए आपके पास नियुक्त करने के लिए पैसे नहीं बचते। इस दौरान मुरलीधरन ने तमिलनाडु के एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें 4,000-5,000 रुपये प्रति माह पर अतिरिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति से अभूतपूर्व परिणाम मिले। उन्होंने कहा, "हमने फिर भी सीखने के परिणामों में उल्लेखनीय सकारात्मक सुधार और कुपोषण में कमी देखी।" ऐसा करने का दीर्घकालिक आरओआई यानी लगभग 2,000% यानी 20 गुना रहा। इसके विपरीत उनके शोध पत्र 'डबल फॉर नथिंग' से पता चला कि मौजूदा कर्मचारियों का वेतन दोगुना करने से बिल्कुल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। दूसरी विकृति यह है कि इन नौकरियों का आकर्षक होना भर्ती को असहनीय बना देता है। उन्होंने कहा कि आपको आवेदकों की संख्या लगभग 100 गुना ज़्यादा मिलती है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया को चलाना इतना मुश्किल हो जाता है कि एक व्यवस्थित वार्षिक प्रक्रिया के बजाय, आपको इसे तीन, चार, पाँच साल में एक बार चलाना पड़ता है। बिहार और झारखंड जैसे राज्यों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सैन्य स्तर की सुरक्षा भी घोटालों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। पेपर लीक का जोखिम बहुत ज़्यादा है, इसलिए आप बाज़ार से ज़्यादा भुगतान करके अपने सिस्टम को पंगु बना देते हैं।

### युद्ध समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

## ट्रंप और यूरोपीय नेताओं से वार्ता के बाद बोले जेलेंस्की

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ अहम वार्ता की। जेलेंस्की ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कीं। उन्होंने कहा कि यह वार्ता युद्ध समाप्त करने और यूक्रेन व हमारे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, "कल वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बातचीत हुई। यह युद्ध समाप्त करने और यूक्रेन तथा उसके लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम था। हम सुरक्षा गारंटियों के ठोस पहलुओं पर पहले से ही काम कर रहे हैं। आज हम नेताओं के स्तर पर समन्वय जारी रखेंगे। चर्चाएं होंगी और हम इसके लिए उपयुक्त प्रारूप तैयार कर रहे हैं।

### ईसी ने जारी किए बिहार मतदाता सूची से बाहर हुए 65 लाख नाम

## मतदाता सूची में शामिल होने के लिए अब आधार कार्ड भी होगा मान्य

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले हुए वोटर लिस्ट के रिवीजन यानी एसआईआर के ड्राफ्ट में से 65 लाख नाम हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आयोग उन नामों की लिस्ट जारी करें। अब आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का पालन करते हुए लिस्ट जारी कर दी है। इसके साथ ही बिहार निर्वाचन आयोग के सीईओ विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि लिस्ट से छूट गए लोग अपने आधार कार्ड का उपयोग करके दावा कर सकते हैं। राज्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, "ऐसे सभी मतदाता, जो ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं हैं, अपने ईपीआईसी नंबर के माध्यम से कारण सहित इस सूची में अपने प्रवेश की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे मतदाता जो 01.08.2025 को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं हैं, उनसे संबंधित सूची सभी प्रखंड कार्यालयों, पंचायत कार्यालयों, नगर निकाय कार्यालयों और मतदान केंद्रों पर भी प्रदर्शित की गई है, जिसके माध्यम से ऐसे मतदाता कारण सहित अपने प्रवेश से संबंधित जानकारी और सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा, "असंतुष्ट व्यक्ति अपने आधार कार्ड की एक प्रति के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।" हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसे मतदाताओं को अपना नाम पुनः सूची में दर्ज कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा अनिवार्य 11 दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा या नहीं।" बीते रविवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण में मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का विवरण प्रकाशित किया था। यह तब हुआ जब सर्वोच्च न्यायालय एसआईआर के विरुद्ध याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि वह उन लोगों का विवरण प्रकाशित करे जिनके नाम मसौदा मतदाता सूची से हटा दिए गए थे , और हटाने के कारण भी बताए।

विपक्षी दलों और अन्य कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान संभावित गलतियों पर चिंता जताई है। उनका दावा है कि इस प्रक्रिया के दौरान मृत घोषित किए गए कई लोग, जिनके नाम हटा दिए गए थे, वे वास्तव में जीवित हैं। मालूम हो कि बिहार के 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ के नाम चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए पहले ड्राफ्ट में हैं। सूची से हटाए गए 65 लाख नामों में से 36 लाख स्थायी रूप से कहीं और चले गए हैं, और 22 लाख मृत बताए गए हैं।

## हमास ने टेक दिए घुटने, 60 दिनों के सीजफायर को तैयार





**रामल्लाह ।** इजरायल और हमास के बीच चल रही जंग को दो बरस बीतने वाले हैं। 7 अक्टूबर 2023 को ये जंग शुरू हुई थी। अब खबर आई है कि हमास सीजफायर के लिए तैयार है। फिलिस्तीन के अधिकारी ने अलजजीरा और बीबीसी जैसे संस्थानों से बताया है कि हमास अब सीजफायर के लिए तैयार है। गाजा युद्ध में हालात और भी भयावह हो गए हैं। फिलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक 62 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और डेढ़ लाख से ज्यादा घायल हुए हैं। मंत्रालय का कहना है टू स्टेज कॉम्प्रिहेंसिव प्लान मीडिल ईस्ट में अमेरिका के राजदूत स्टीव विटकॉफ की देखरेख में तैयार हुआ है। इसके तरत इजरायल के बंधकों को हमास छोड़ेगा।





*मैडॉक फिल्म्स की आगामी हॉरर-कॉमेडी 'थामा' के निर्माताओं ने मंगलवार, 19 अगस्त 2025 को इसका बहुप्रतीक्षित टीज़र जारी कर दिया है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में हैं।*


**शुरुआत में आयुष्मान की आवाज "रह पाओगी मेरे बिना 100 साल तक**

**जवाब में रश्मिका की आवाज़: "100 साल क्या, एक पल के लिए भी नहीं**

कहानी फिल्म जगत की

## फिल्म थामा का लेटेस्ट टीजर हुआ रिलीज...

### लोगों को पसंद आएगी आयुष्मान और रश्मिका की जोड़ी?



फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना भी हैं। टीज़र से संकेत मिलता है कि दोनों मुख्य कलाकार अलौकिक किरदार निभा रहे हैं, जिसे दर्शकों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 1 मिनट 49 सेकंड के इस टीज़र की शुरुआत एक आवाज़ से होती है, जो आयुष्मान खुराना की आवाज़ लगती है, "रह पाओगी मेरे बिना 100 साल तक", और जवाब में, ऐसा लगता है कि रश्मिका मंदाना जवाब देती हैं, "100 साल क्या, एक पल के लिए भी नहीं"। आधिकारिक टीज़र एक्शन दृश्यों और रोमांचक दृश्यों से भरपूर है, जिससे दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है कि आगे क्या होने वाला है। यह नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी के एक अनोखे हास्य संवाद के साथ समाप्त होता है।

# अबुआ आवास योजना बनी अबुआ निराशा योजना : प्रतुल शाहदेव

- हेमंत सरकार ने गरीबों को छत नहीं, अधूरा सपना दिया
- योजना ने सिर्फ 15% लक्ष्य की प्राप्ति की है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार की अबुआ आवास योजना को लेकर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह योजना गरीबों के लिए छत का सपना नहीं बल्कि निराशा का प्रतीक बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2026 तक 8 लाख पक्के मकान देने का वादा किया था और इसके लिए 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट तय किया था। लेकिन आज की हकीकत यह है कि पूरे राज्य में अब तक लक्ष्य का मुश्किल से 15 प्रतिशत प्राप्ति हो पाई है वो भी आधा अधूरा। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था उसके अनुसार में 2023-24 में 2 लाख मकान,2024-25 में 3.5 लाख मकान, 2025-26 में 2.5 लाख मकान बनाने का लक्ष्य था।

## लातेहार में हाल के सर्वे में जमीन संबंधी त्रुटि, सुधार जरूरी : प्रतुल



**रांची/चंदवा।** लातेहार जिले में जमीन संबंधी हाल में हुए सर्वे में व्यापक पैमाने पर त्रुटियों के कारण जिले वासियों को हो रही परेशानी पर भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही, जिले के उपायुक्त से सर्वे में त्रुटि व विसंगतियों को दूर करने की दिशा में समुचित पहल करने की मांग भी की है। शाहदेव कहा कि विगत लंबे समय से चंदवा अंचल समेत संपूर्ण लातेहार जिले के रैयत व आम लोग हालिया सर्वे में हुई त्रुटि के कारण परेशान हैं। पूर्वजों की खतियानी जमीन भी सर्वे में आनाबाद बिहार सरकार में चली गई है, लोगों के जमीन का रकबा में त्रुटि है। इस कारण लोगो के बीच विवाद भी बढ़ता जा रहा है। जमीन संबंधी विसंगतियों को दूर करने को लेकर आमलोग अंचल व कोर्ट कहचरी का चक्कर काटते-काटते थक रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि जिनके पूर्वजों का नाम भी रजिस्टर टू में अंकित है, उनकी जमीन को भी सरकारी बता दिया जा रहा है। प्रतुल ने कहा कि सर्वे में हुई त्रुटि का फायदा उठाकर भू-माफिया जमीन की हेराफेरी भी कर रहे हैं, जो गंभीर समस्या बनती जा रही है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि लातेहार जिले में हिंडाल्को चकला कोल परियोजना, बनहरदी कोल परियोजना, रजवार कोल परियोजना, एनएच 39 फोरलेन सड़क चौड़ीकरण योजना से प्रभावित हो रहे रैयतों के माध्यम से भी त्रुटि से संबंधित मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हाल के सर्वे में त्रुटि के कारण रैयत जमीन के बदले मिलने वाले मुआवजे व हक से भी वंचित हो रहे है।

प्रतुल ने अनेक उदाहरण देते हुए बताया कि ये योजना अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है और भ्रष्टाचार का भी शिकार हो गई है प्रतुल ने कहा कि रांची (खलारी प्रखंड): 1033 मकानों का लक्ष्य, पूरे हुए सिर्फ 337।गढ़वा (भंडरिया प्रखंड): 850 मकानों का लक्ष्य, तैयार हुए महज 210। दुमका (रामगढ़ प्रखंड): 720 का लक्ष्य, पूरे हुए केवल 150। पाकुड़ जिला: 950 मकानों का वादा, पूरे नहीं हुए 200 भी। चतरा व लातेहार में तो स्थिति और भी बदतर है।अधूरे मकानों में लोग बिना छत के रहने को मजबूर है। प्रतुल ने कहा कि कमोबेश पूरे राज्य की यही स्थिति है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार ने फाइलों में तो 6.5 लाख मकानों की स्वीकृति दिखा दी, लेकिन जमीन पर स्थिति यह है कि गरीबों के घर आधे-अधूरे खड़े हैं। फंड की समय पर उपलब्धता नहीं होने, भुगतान में देरी और कामकाज की सुस्ती के कारण लोग बरसात में बिना छत के जीने को मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल विज्ञापन और घोषणाओं तक सीमित है। गरीबों के नाम पर बजट तो दिखाया जाता है, पर जमीन पर कुछ नहीं उतरता। प्रतुल ने कहा कि जनता पूछ रही है कि इतने बड़े बजट और वादों के बावजूद गरीबों के हिस्से में सिर्फ अधूरे मकान और टूटा हुआ सपना ही क्यों आया।

# जानबूझकर विनय चौबे के खिलाफ चार्जशीट दायर नहीं किया गया : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाला में जेल में बंद आईएएस अधिकारी विनय चौबे को जमानत मिलने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई शुरू से शक के घेरे में है। कहा कि राज्य सरकार तकरीबन 1000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में हेमंत सोरेन के पूर्व सचिव के खिलाफ एसीबी ने जानबूझकर 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिससे उनकी जमानत का रास्ता आसान हो गया। कहा कि दरअसल हेमंत सरकार ने अपने ही पूर्व सचिव की गिरफ्तारी का नाटकीय षडयंत्र इसलिए रचा था, ताकि ईडी की जांच प्रभावित हो सके और सबूतों को मिटाया जा सके। कहा कि ईडी के निदेशक को जनता के हजारों करोड़ की लूट में शामिल इन भ्रष्टाचारियों पर कठोर और विधिसम्मत कार्रवाई कार्रवाई करनी चाहिए।

## न्यायालय पर टिप्पणी करना बाबूलाल मरांडी की आदत : डॉ तनुज खत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के ताजा बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की आदत बन चुकी है कि वे हर रोज अदालत और जाँच एजेंसियों की प्रक्रिया पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। डॉ तनुज ने कहा कि कल ही सुप्रीम कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी की झूठी जनहित याचिका को खारिज करते हुए तल्ख टिप्पणी की थी कि राजनीतिक दुश्मनी के लिए न्यायालय का इस्तेमाल न किया जाए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की सख़्त टिप्पणी के बावजूद बाबूलाल मरांडी ने कोई सबक नहीं लिया और आज फिर झूठ और मनगढ़ंत आरोपों के सहारे मीडिया में बयानबाजी करने लगे।

उन्होंने कहा कि शराब घोटाले के मामले में अदालत और एसीबी



- सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी नहीं सुधरे

की प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से चल रही है। राज्य सरकार की भूमिका पूरी तरह पारदर्शी है। बावजूद इसके बाबूलाल मरांडी केवल भ्रम फैलाने और मीडिया की सुर्ख़ियाँ बटोरने का काम कर रहे हैं।

डॉ. तनुज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की फटकार और जनता का अविश्वास, दोनों ही बाबूलाल मरांडी की राजनीति की सच्चाई को उजागर कर चुके हैं। अब उनका हर रोज का झूठ किसी काम का नहीं रहा।

## हत्या के मामले में निशि पांडेय को हाईकोर्ट से मिली जमानत



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने निशि पांडेय को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। सोमवार को निशि पांडेय की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। निशि पांडेय की ओर से अधिवक्ता हेमंत कुमार सिकरवार ने बहस की। हाईकोर्ट ने निशि पांडेय को बीस-बीस हजार रुपये के निजी मुचलके भरने की शर्त पर जमानत दी है। निशि पांडेय को भरत पांडेय और दीपक साव गैंगवार मामले में बेल मिली है। भरत पांडेय के पिता के आवेदन के आधार पर रामगढ़ पतरातू के रहने वाले विकास तिवारी, निशि पांडेय, आकाश तिवारी, विकास साव, अमित साव, सुभाष सिंह उर्फ बाघा सिंह अनिल यादव, सुनील धोबी, बबलू ठाकुर, संदीप ठाकुर, निशांत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। भरत और दीपक साव की जनवरी में हत्या हुई थी। इसी केस में निशि पांडेय को गिरफ्तार किया गया था।

## सप्ताह में दो दिन होगी मनी लांड्रिंग मामलों की सुनवाई

**रांची।** झारखंड और राजधानी रांची से जुड़े मनी लांड्रिंग (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए सप्ताह में दो विशेष दिन तय किए गए हैं। इस संबंध में झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर रांची के न्यायायुक्त ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार, अपर न्यायायुक्त-18 सह सीबीआई और पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश श्याम नंदन तिवारी की अदालत में मनी लांड्रिंग मामले हर बुधवार और शनिवार को सुने जाएंगे। वहीं, अपर न्यायायुक्त प्रथम सह पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में यह सुनवाई हर महीने के प्रथम और तृतीय शनिवार को होगी। आदेश में कहा गया है कि यदि निर्धारित दिन अवकाश पर पड़ता है, तो अगले कार्य दिवस को मामले सुनवाई के लिए जाएंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**यूरिया खाद पर कालाबाजारी बर्दाश्त...**
उन्होंने निर्देशित किया कि हर दुकान पर स्टॉक और दर सूची अनिवार्य रूप से बाहर प्रदर्शित हो। जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू ने जानकारी दी कि जिले में करीब 280 खाद-बीज अनुज्ञप्ति धारक दुकानदार हैं, लेकिन इनमें से कई यूरिया की बिक्री एमआरपी से अधिक दर पर कर रहे हैं। किसानों के लिए यह गंभीर समस्या बन चुकी है। उपायुक्त ने चेतावनी दी कि खाद-बीज विक्रेता केवल प्राधिकृत थोक दुकानों से ही खरीदारी करें और प्रति किसान सिर्फ एक पैकेट यूरिया ही उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि औचक जांच लगातार चलती रहेगी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी यूरिया एमआरपी से अधिक पर बिकता है या जबरन अन्य सामान थोपने की कोशिश की जाती है, तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचना दें।

**राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधी...**
तलाशी के क्रम में उन लोगों के पास से दो पिस्टल, 50 रांउड कारतूस, दो बाइक और लेवी के 22 हजार रुपये बरामद किया गया। बरामद पिस्टल में से एक विदेशी ब्लॉक वेपन पिस्टल पाया गया, जो झारखंड में बहुत ही कम फोर्स के पास मिलता है। ब्लॉक वेपन पिस्टल की कीमत सात से आठ लाख रुपये बतायी जा रही है। पकड़े गए सभी अपराधी राहुल सिंह गिरोह के लिए काम करते हैं। चार अपराधी में से तीन का इतिहास अपराधिक रहा है। सभी अपराधी मेदिनीनगर और आसपास के हैं। रेकी और गोली चलाने का खर्च राहुल सिंह देता था।

**सिंगरा फ्लाई ओवर गोलीकांड में थे शामिल** : चार जुलाई को हुई सिंगरा फ्लाई ओवर फायरिंग में सहजाद आलम, साहिल कुमार और रोहित कुमार शामिल थे। सहजाद आलम ने बाइक से जाकर गोली चलाई थी, जिसमें एक मजदूर को गोली लगी थी। सिंगरा फायरिंग में प्रयोग किए गए बाइक और हथियार को बरामद कर लिया गया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ सदर मणीभूषण, सुरेश राम पुलिस निरीक्षक शहर अंचल, सदर थाना प्रभारी लालजी, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, संजय कुमार चैनपुर थाना, रंजीत कुमार-02 सदर थाना, नबी अंसारी सदर थाना, चंद्रशेखर दुबे सदर थाना शामिल थे।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 148/PR/JBVNL/ 2025-26 | Providing PCC in front of IB Daltonganj Under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 522100/– | (03) Three Months | 10500.00 | 1475.00 (Including 18% GST ) | 3/09/2025 upto 03:00 PM | 3/09/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Account officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 359821 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D



**कार्यालय–जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा**

**सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि आपके वाहन का पथकर बकाया है। आपको निदेश दिया जाता है कि अपने वाहन का पथकर का भुगतान प्रकाशन की तिथी से एक सप्ताह के अंदर ऑन–लाईन जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम 1988 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उक्त सभी वाहनों की सूची निम्नवत् है।

| SI. No. | Registration No | Registration Date | Owner Name | Father Name | Arrear from | Arrear upto |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BR420698 | 27-Dec-1993 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C G.M | 01-Jan-2025 | 31-Dec-2025 |
| 2 | BR42G0032 | 06-Jan-2000 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C HINDALCO | 01-Oct-2024 | 30-Sep-2025 |
| 3 | BR42G0033 | 22-Jan-2000 | M/S HINDALCO IND LTD | I/CM/S HINDALCO IND LTD | 01-Oct-2024 | 30-Sep-2025 |
| 4 | BR42G0034 | 06-Jan-2000 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C HINDALCO | 01-Jan-2025 | 31-Dec-2025 |
| 5 | BR42G0035 | 06-Jan-2000 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C HINDALCO | 01-Oct-2024 | 30-Sep-2025 |
| 6 | BR42G0039 | 06-Jan-2000 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C G.M | 01-Jul-2024 | 30-Sep-2025 |
| 7 | BR42G0041 | 22-Feb-2000 | M/S HINDALCO IND LTD | NA | 01-Jul-2025 | 30-Sep-2025 |
| 8 | CG15A0003 | 29-Dec-2000 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C HINDALCO | 01-Jul-2020 | 30-Sep-2025 |
| 9 | CG15A0004 | 29-Dec-2000 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C HINDALCO | 01-Jul-2020 | 30-Sep-2025 |
| 10 | CG15A0006 | 05-Dec-2001 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C G.M | 01-Jul-2020 | 30-Sep-2025 |
| 11 | JH08A2857 | 23-Aug-2003 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C HINDALCO | 01-Jul-2025 | 30-Jun-2026 |
| 12 | JH08B5895 | 19-Oct-2011 | M/S HINDALCO IND LTD | NA | 19-Apr-2025 | 18-Apr-2026 |
| 13 | MP26A4927 | 22-Dec-1997 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C G.M | | 27-Jul-2025 |
| 14 | MP26D4925 | 22-Dec-1997 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C M/S HINDALCO IND LTD | 01-Oct-2024 | 30-Sep-2025 |
| 15 | MP26D4926 | 22-Dec-1997 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C M/S HINDALCO IND LTD | 01-Oct-2024 | 30-Sep-2025 |
| 16 | MP26D4928 | 22-Dec-1997 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C G.M | 01-Oct-2024 | 30-Sep-2025 |
| 17 | MP26D4929 | 22-Dec-1997 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C G.M | 01-Jan-2025 | 31-Dec-2025 |
| 18 | MP26D4930 | 22-Dec-1997 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C G.M | 01-Jul-2024 | 30-Sep-2025 |
| 19 | UP647545 | 21-Oct-1992 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C G.M | 01-Apr-2014 | 12-Aug-2025 |
| 20 | USM8661 | 05-Jan-1980 | M/S HINDALCO IND LTD | I/C HINDALCO | 01-Jul-2014 | 12-Aug-2025 |
| 21 | JH08F0447 | 15-Mar-2018 | M/S HINDALCO INDUSTRIES LTD | NA | 10-May-2025 | 09-May-2026 |
| 22 | JH08F7316 | 01-Feb-2018 | M/S HINDALCO INDUSTRIES LTD | NA | 22-Sep-2024 | 21-Sep-2025 |
| 23 | JH08F7964 | 01-Feb-2018 | M/S HINDALCO INDUSTRIES LTD | NA | 22-Mar-2025 | 21-Mar-2026 |
| 24 | JH08F8893 | 01-Feb-2018 | M/S HINDALCO INDUSTRIES LTD | NA | 22-Mar-2025 | 21-Mar-2026 |
| 25 | JH08A2507 | 06-Jun-2003 | M/S LAXMI NARAYAN MEGHOTIA | I/C L.N.MEGHTIO | 06-Jun-2007 | 24-Jul-2025 |
| 26 | JH08A2508 | 06-Jun-2003 | M/S LAXMI NARAYAN MEGHOTIA | NA | 06-Jun-2007 | 24-Jul-2025 |
| 27 | JH08A2509 | 06-Jun-2003 | M/S LAXMI NARAYAN MEGHOTIA | NA | 06-Jun-2007 | 24-Jul-2025 |
| 28 | JH08A2510 | 06-Jun-2003 | M/S LAXMI NARAYAN MEGHOTIA | NA | 06-Jun-2007 | 23-Jul-2025 |
| 29 | JH08A2512 | 06-Jun-2003 | M/S LAXMI NARAYAN MEGHOTIA | NA | 06-Jun-2007 | 27-Jul-2025 |
| 30 | MP07G2734 | 13-Apr-1998 | M/S SHEKHAR COSTRATION PVT LTD | I/C KAMLENDU DUBEY | 01-Sep-2009 | 27-Jul-2025 |
| 31 | MP07G2832 | 05-Aug-1998 | M/S SHEKHAR COSTRATION PVT LTD | I/C KAMLENDU DUBEY | 01-Sep-2009 | 23-Jul-2025 |
| 32 | JH01AJ6322 | 28-Dec-2010 | MANOJ KUMAR | S/O AWDHESH SINGH | 28-Jun-2019 | 27-Sep-2025 |
| 33 | JH01AN8222 | 19-Sep-2011 | MANOJ KUMAR | S/O AWDHESH SINGH | 19-Jun-2019 | 18-Sep-2025 |
| 34 | JH08A5780 | 18-Apr-2006 | MD HALIM | S/O LATE SALIM | 18-Apr-2008 | 23-Jul-2025 |
| 35 | MOT9531 | 04-Mar-1989 | MD HALIM | S/O LATE SALIM AHMAD | 01-Apr-2015 | 06-Aug-2025 |
| 36 | JH08C1337 | 01-Dec-2012 | MD YASIN | S/O ABDUL RASID | 01-Jun-2014 | 12-Aug-2025 |
| 37 | OR09E2046 | 17-Aug-2004 | MD YASIN | S/O ABDUL RASHID | 01-Apr-2017 | 30-Sep-2025 |
| 38 | BR13G1194 | 18-Feb-1992 | MD YASIN ANSARI | S/O MD SHAFIK ANSARI | 18-Aug-2012 | 26-Jul-2025 |
| 39 | OR09E6004 | 10-Nov-2004 | MD YASIN ANSARI | S/O MD SHAFIKE ANSARI | 14-Dec-2012 | 27-Jul-2025 |
| 40 | JH08C6133 | 04-Mar-2014 | MD YASIN CONSTRUCTION PVT LTD | I/C MD YASIN | 04-Mar-2025 | 03-Sep-2025 |
| 41 | JH08C6133 | 04-Mar-2014 | MD YASIN CONSTRUCTION PVT LTD | I/C MD YASIN | 04-Mar-2025 | 03-Sep-2025 |
| 42 | JH08D3968 | 17-Jan-2015 | MD YASIN CONSTRUTION PVT LTD | I/C MD TASIN | 17-Jul-2024 | 16-Oct-2025 |
| 43 | JH08D9819 | 17-Jan-2015 | MD YASIN CONSTRUTION PVT LTD | I/C MD TASIN | 17-Jul-2025 | 16-Oct-2025 |
| 44 | JH08B5818 | 17-Oct-2011 | MD. TIPU ANSARI | HAJI MD. TANWEER ALAM ANSARI | 17-Jul-2025 | 16-Oct-2025 |
| 45 | JH08B5820 | 17-Oct-2011 | MD. TIPU ANSARI | HAJI MD. TANWEER ALAM ANSARI | 17-Jul-2025 | 16-Oct-2025 |
| 46 | BR420322 | 04-Dec-1991 | MINRALS AND MINRALS LTD | I/C G.M | 01-Oct-2024 | 30-Sep-2025 |
| 47 | BR42G0019 | 14-Sep-1998 | MINRALS AND MINRALS LTD | I/C G.M | 01-Oct-2024 | 30-Sep-2025 |
| 48 | JH08B4089 | 11-Mar-2011 | MOIN ANSARI | S/O SAJAD ANSARI | 11-Jun-2011 | 27-Jul-2025 |
| 49 | JH08C4093 | 08-Jun-2013 | MOIN ANSARI | S/O SAJAD ANSARI | 30-Mar-2023 | 29-Mar-2033 |
| 50 | JH08B4523 | 29-Apr-2011 | MS PLR PROJECTS PVT LTD | I/C SRI D NAGESHWAR RAO | 29-Apr-2021 | 28-Apr-2026 |
| 51 | JH08B4524 | 29-Apr-2011 | MS PLR PROJECTS PVT LTD | I/C SRI D NAGESHWAR RAO | 29-Apr-2021 | 28-Apr-2026 |
| 52 | BEN9437 | 15-Apr-1988 | MUKHTAR ANSARI | S/OGPHAR ANSARI | 01-Jul-2013 | 27-Jul-2025 |
| 53 | JH11B6237 | 03-Mar-1998 | MUKHTAR ANSARI | S/O GAFAR ANSARI | 26-Feb-2014 | 12-Aug-2025 |
| 54 | UP817923 | 19-Jul-1990 | MUKHTAR ANSARI | S/O GAFFAR ANSARI | 01-Oct-2012 | 27-Jul-2025 |
| 55 | BHN6770 | 20-May-1977 | MUNDRIKA YADAV | S/O-S.YADAV | 01-Jan-2006 | 24-Jul-2025 |
| 56 | UP83L9989 | 12-Jun-2008 | MUNDRIKA YADAV | S/O LALI YADAV | 21-Jun-2019 | 20-Sep-2025 |
| 57 | WB03A5965 | 12-Jun-1997 | MUSLIM ANSARI | S/O MD HANIF | 01-Jan-2014 | 13-Aug-2025 |
| 58 | OR04E5740 | 18-Aug-2005 | NAFIR ANSARI | S/O SALAMAT ANSARI | 01-Jul-2014 | 12-Aug-2025 |
| 59 | OR09E8457 | 10-Jan-2005 | NAFIR ANSARI | S/O SALAMAT ANSARI | 01-Jul-2014 | 12-Aug-2025 |
| 60 | JH08C6652 | 26-Aug-2013 | NARAYAN CONSTRUCTION | W/O RITA DEVI | 26-Nov-2013 | 09-Aug-2025 |
| 61 | JH08C6735 | 26-Aug-2013 | NARAYAN CONSTRUCTION | I/C RITA DEVI | 26-Nov-2013 | 09-Aug-2025 |
| 62 | JH08C8047 | 26-Aug-2013 | NARAYAN CONSTRUCTION | I/C RITA DEVI | 26-Nov-2013 | 11-Aug-2025 |
| 63 | JH08C8801 | 26-Aug-2013 | NARAYAN CONSTRUCTION | I/C RITA DEVI | 26-Nov-2013 | 12-Aug-2025 |
| 64 | JH08A3830 | 29-Sep-2004 | NAVIN KUMAR | S/O BIJAY PRASAD | 29-Dec-2015 | 28-Dec-2025 |
| 65 | JH08A5412 | 09-Jan-2006 | NAVIN KUMAR | S/O BIJAY PD. | 09-Apr-2011 | 27-Jul-2025 |
| 66 | JH08B9256 | 11-Apr-2009 | NEXUS SHIPPING AND LOGISTIC PVT LTD | I/C DEEPAK KUMAR NAHATA | 16-Dec-2012 | 26-Jul-2025 |
| 67 | JH08B9257 | 11-Apr-2008 | NEXUS SHIPPING AND LOGISTIC PVT LTD | I/C DEEPAK KUMAR NAHATA | 16-Dec-2012 | 23-Jul-2025 |
| 68 | JH08B4406 | 13-Apr-2011 | NILESH KUMAR SINGH | KASHINATH SINGH | 13-Jul-2019 | 12-Jul-2026 |
| 69 | JH08B4406 | 13-Apr-2011 | NILESH KUMAR SINGH | KASHINATH SINGH | 13-Jul-2019 | 12-Jul-2026 |
| 70 | JH08A5866 | 11-May-2006 | OM PRAKASH GUPTA | S/O MANHOHAR PD SAHU | 11-Nov-2006 | 26-Jul-2025 |
| 71 | JH08A7574 | 27-Jul-2007 | OM PRAKASH GUPTA | S/O MANOHAR PRASAD | 27-Apr-2008 | 27-Jul-2025 |
| 72 | JH08D1072 | 16-Sep-2014 | P.K.S. INFRACON PRIVATE LIMITED | I/C PAWAN KUMAR SINGH | 16-Dec-2021 | 15-Dec-2025 |
| 73 | JH08D1998 | 16-Sep-2014 | P.K.S. INFRACON PRIVATE LIMITED | I/C PAWAN KUMAR SINGH | 16-Dec-2021 | 15-Dec-2025 |
| 74 | OR05AD2491 | 20-Sep-2008 | PRAKASH MEHTA | S/O SHADEO MAHTO | 13-Dec-2013 | 23-Jul-2025 |
| 75 | OR05AD2493 | 28-Sep-2008 | PRAKASH MEHTA | S/O SAHDEO MAHTO | 16-Dec-2013 | 26-Jul-2025 |
| 76 | JH08C0751 | 05-Oct-2012 | PRASAD EXPLOSIVES AND CHEMICALS | I/C PLANT IN CHARGE | 05-Jan-2024 | 04-Oct-2025 |
| 77 | JH08C0755 | 05-Oct-2012 | PRASAD EXPLOSIVES AND CHEMICALS | I/C PLANT IN CHARGE | 05-Jan-2024 | 04-Oct-2025 |
| 78 | JH08D2334 | 17-Jan-2008 | RABBANI ANSARI | S/O IMAMMUDDIN ANSARI | 01-Jan-2018 | 30-Sep-2025 |
| 79 | JH08H2464 | 01-Sep-2012 | RABBANI ANSARI | EMAMUDDIN ANSARI | 30-Apr-2025 | 29-Jul-2025 |
| 80 | OR09F8027 | 16-Aug-2005 | RABBANI ANSARI | S/O EMAMUDDIN ANSARI | 01-Feb-2018 | 31-Jul-2025 |
| 81 | BR14H9419 | 22-May-1990 | RATISH KUMAR SINGH | S/O MADAN MOHAN PD SINGH | 01-Jul-2025 | 30-Sep-2025 |
| 82 | JH08B6938 | 12-Jan-2012 | RATISH KUMAR SINGH | S/O MADAN MOHAN PD SINGH | 12-Oct-2019 | 11-Oct-2025 |
| 83 | JH08D0560 | 12-May-2005 | RATISH KUMAR SINGH | S/O MADAN MOHAN PRASAD SINGH | 01-Jul-2025 | 30-Sep-2025 |
| 84 | JH06C4176 | 30-Oct-2007 | RAVI KUMAR SINGH | S/O MUKTI NATH SINGH | 01-Aug-2017 | 31-Jul-2025 |
| 85 | JH08C4384 | 10-Feb-2007 | RAVI KUMAR SINGH | S/O RAM NARESH SINGH | 08-May-2022 | 07-Aug-2025 |
| 86 | JH08C4385 | 15-Jan-2008 | RAVI KUMAR SINGH | S/O RAMNARESH SINGH | 01-Jun-2022 | 31-Aug-2025 |
| 87 | JH08B3676 | 13-Jan-2011 | RUKMANI INFRA PROJECTS PVT LTD | I/C U.S. SAHOO | 13-Jan-2013 | 27-Jul-2025 |
| 88 | JH08B3677 | 13-Jan-2011 | RUKMANI INFRA PROJECTS PVT LTD | I/C U.S. SAHOO | 13-Jan-2013 | 27-Jul-2025 |
| 89 | JH08B3678 | 13-Jan-2011 | RUKMANI INFRA PROJECTS PVT LTD | I/C U.S SAHOO | 13-Jan-2013 | 27-Jul-2025 |
| 90 | JH08J0290 | 05-May-2017 | SABIR QURESHI | MD MOKHTAR QURESHI | 14-Jul-2025 | 13-Oct-2025 |
| 91 | JH08K3261 | 06-May-2015 | SABIR QURESHI | MD MOKHTAR QURESHI | 18-Apr-2025 | 17-Oct-2025 |
| 92 | JH08K3822 | 20-Aug-2015 | SABIR QURESHI | MD MOKHTAR QURAISHI | 06-May-2025 | 05-Aug-2025 |
| 93 | JH08K8975 | 17-Jun-2015 | SABIR QURESHI | MD MOKHTAR QURESHI | 19-Jul-2025 | 18-Oct-2025 |
| 94 | BR42G4210 | 08-Feb-1999 | SAFDAR ALAM | S/O BASHI AHMED | 01-Feb-2014 | 13-Aug-2025 |
| 95 | BR42G7205 | 04-Feb-1998 | SAFDAR ALAM | S/O WASHI AHMAD | 01-Feb-2014 | 13-Aug-2025 |
| 96 | HR38L4768 | 25-Apr-2005 | SANJAY KUMAR AGRAWAL | S/O KUNDAN LAL AGRWAL | 01-Oct-2017 | 30-Sep-2025 |
| 97 | WB37A5041 | 29-Jun-2004 | SANJAY KUMAR AGRAWAL | S/O KUDAN LAL AGRWAL | 26-Aug-2017 | 25-Aug-2025 |
| 98 | JH08A3214 | 10-Feb-2004 | SANJAY KUMAR TIWARI | S/O DOMAN NATH TIWARI | 30-Mar-2010 | 24-Jul-2025 |
| 99 | JH08A4078 | 08-Dec-2004 | SANJAY KUMAR TIWARI | S/O DOMANNATH TEWARY | 20-Feb-2010 | 23-Jul-2025 |
| 100 | JH12B6922 | 05-Jun-2003 | SANJAY SUMAN | S/O M.P.SINGH | 16-Mar-2013 | 30-Jul-2025 |
| 101 | JH12B6923 | 05-Jun-2003 | SANJAY SUMAN | S/O M.P.SINGH | 16-Mar-2013 | 30-Jul-2025 |
| 102 | BR42G7911 | 03-Feb-1986 | SATISH KUMAR JAISWAL | S/O RAMKISHUN JAISWAL | 01-Jul-2016 | 30-Sep-2025 |
| 103 | JH08A2869 | 31-May-2000 | SATISH KUMAR JAISWAL | S/O RAMKISHUN JAISWAL | 01-Jun-2016 | 31-Aug-2025 |
| 104 | JH08G4947 | 25-Jan-2008 | SHAKIL AHMAD | LATE ABDUL HAMID | 07-Apr-2019 | 06-Oct-2025 |
| 105 | JH08G6371 | 08-Jul-2009 | SHAKIL AHMAD | LATE ABDUL HAMID | 13-Mar-2019 | 12-Sep-2025 |
| 106 | OR16B3244 | 18-Aug-2005 | SHAKIL AHMAD | ABDUL HAMID | 23-Sep-2019 | 22-Sep-2025 |
| 107 | BR15G2250 | 27-Jan-1992 | SHANKAR PRASAD | S/O BHIKHARI PRASAD | 27-Apr-2014 | 11-Aug-2025 |
| 108 | UP44A7051 | 19-Feb-1997 | SHANKAR PRASAD | S/O BHIKHARI PRASAD | 20-Mar-2014 | 28-Jul-2025 |
| 109 | JH08D1499 | 10-Oct-2015 | SHYAM LAL | S/O SHRI FAGU LAL | 31-Jul-2024 | 30-Jul-2034 |
| 110 | JH08D1499 | 10-Oct-2015 | SHYAM LAL | S/O SHRI FAGU LAL | 31-Jan-2019 | 30-Jan-2029 |
| 111 | BR42G9789 | 27-Nov-1998 | SUNIL BHAGAT | S/O HARINARAYAN BHAGAT | 01-Mar-2025 | 31-Aug-2025 |
| 112 | JH08B1889 | 21-Apr-2010 | SUNIL BHAGAT | S/O LATE HARINARAYAN BHAGAT | 21-Apr-2025 | 20-Oct-2025 |
| 113 | JH08A4826 | 20-Mar-1989 | UMESH JAIN | S/O SRI RAM JAIN | 20-Dec-2016 | 19-Sep-2025 |
| 114 | JH08A4828 | 24-Nov-1992 | UMESH JAIN | S/O SRI RAM JAIN | 20-Jun-2016 | 19-Sep-2025 |
| 115 | JH08B5709 | 01-Oct-2011 | VIKASH CHANDRA SINGH | S/O MADAN MOHAN PRSADA SINGH | 01-Jul-2025 | 30-Sep-2025 |
| 116 | JH08D3055 | 21-Jul-2005 | VIKASH CHANDRA SINGH | S/O MADAN MOHAN PRASAD SINGH | 01-Jul-2025 | 30-Sep-2025 |
| 117 | JH08B1665 | 10-Mar-2010 | VIKASH KUMAR | BANSI PRASAD AGARWAL | 10-Jun-2018 | 09-Sep-2025 |
| 118 | JH08B8145 | 09-Apr-2012 | VIKASH KUMAR | S/O LATE BANSI PD AGRAWAL | 09-Apr-2018 | 08-Oct-2025 |
| 119 | BR42G2786 | 08-Jun-2000 | VIKASH KUMAR SINGH | S/O RAM SINGH | 01-Apr-2012 | 27-Jul-2025 |
| 120 | JH08B6773 | 26-Dec-2011 | VIKASH KUMAR SINGH | S/O BALIRAM SINGH | 26-Sep-2019 | 25-Sep-2025 |
| 121 | JH08H4747 | 12-Apr-2017 | VISHAL GUPTA | RAESHCHAND OMSHARAN GUPTA | 19-Mar-2021 | 18-Sep-2025 |
| 122 | JH08H8585 | 12-Apr-2017 | VISHAL GUPTA | RAESHCHAND OMSHARAN GUPTA | 19-Mar-2021 | 18-Sep-2025 |
| 123 | BR423921 | 04-Apr-1992 | WARISH ANSARI | S/O REYAJUL ANSARI | 01-Apr-2018 | 30-Sep-2025 |
| 124 | JH08C2892 | 19-Nov-1994 | WARISH ANSARI | REYAJUL ANSARI | 01-Jul-2021 | 30-Sep-2025 |
| 125 | JH08B8318 | 21-Apr-2012 | A TWO WASTE MANAGMENT RANCHI LTD | I/C ARUN KUMAR SINGH | 21-Jul-2013 | 11-Aug-2025 |
| 126 | JH08B6696 | 24-Dec-2011 | A TWO Z WASTE MANAGMENT LTD RANCH | I/C ARUN KUMAR SINGH | 24-Mar-2013 | 23-Jul-2025 |
| 127 | JH08B7072 | 20-Jan-2012 | A TWO Z WASTE MANAGMENT | I/C MANEGAR | 20-Apr-2013 | 09-Aug-2025 |
| 128 | JH08B6556 | 10-Dec-2011 | A TWO Z WASTE MANAGMENT RANCHI LTD | I/C ARUN KUMAR SINGH | 10-Mar-2013 | 27-Jul-2025 |
| 129 | JH08B6553 | 10-Dec-2011 | A TWO Z WASTE MANAGMENT RANCHI LTD | I/C ARUN KUMAR SINGH | 10-Mar-2013 | 27-Jul-2025 |
| 130 | JH08C1908 | 31-Dec-2012 | A TWO Z WASTE MANEGEMENT | I/C A.K SINGH | 31-Mar-2013 | 26-Jul-2025 |
| 131 | JH08C1909 | 31-Dec-2012 | A TWO Z WASTE MANEGEMENT LTD | I/C A.K.SINGH | 31-Mar-2013 | 26-Jul-2025 |
| 132 | JH08B8320 | 21-Apr-2012 | A TWO Z WASTE MANEGMENT RANCHI LTD | S/O I/C ARUN KUMAR SINGH | 21-Jan-2013 | 26-Jul-2025 |
| 133 | JH08C1925 | 31-Dec-2012 | A TWO Z WASTE MANGEMENT LTD | I/C A.K.SINGH | 31-Mar-2013 | 26-Jul-2025 |
| 134 | JH08B6552 | 10-Dec-2011 | A TWO Z WASTE MANGEMENT RANCHI LTD | I/C ARUN KUMAR SINGH | 10-Mar-2013 | 24-Jul-2025 |
| 135 | JH08B6554 | 10-Dec-2011 | A TWO Z WASTE MANGMENT RANCHI LTD | I/C ARUN KUMAR SINGH | 10-Mar-2013 | 27-Jul-2025 |
| 136 | JH08B6549 | 10-Dec-2011 | A TWO Z WASTE MANGMENT RANCHI LTD | I/C ARUN KUMAR SINGH | 10-Mar-2013 | 24-Jul-2025 |
| 137 | JH08B8330 | 21-Apr-2012 | A TWO Z WATE MANEGMENT RANCHI LTD | I/C ARUN KUMAR SINGH | 21-Jul-2013 | 11-Aug-2025 |
| 138 | JH08B6557 | 10-Dec-2011 | A TWO ZWASTE MANGMENT RANCHI | I/C ARUN KUMAR SINGH | 10-Mar-2013 | 27-Jul-2025 |

जिला परिवहन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 359846 Lohardaga(25-26)#D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, चतरा**

**एक दिवसीय भर्ती–कैम्प, दिनांक– 21.08.2025**

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक– 21.8.2025 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ACME Education Solution Pvt. Ltd. | Cook | 3 | Matric | 18-35 | 2 Year Experience Cooking | Chatra/ Ranchi/ Itkhori | 9000-11000 | Only For Male |
| | | Guard | 2 | Matric/Inter | 18-40 | 1 Year Experience | Ranchi | 9000-10000 | |
| | | Driver | 2 | Matric | 21-35 | 3 Year Experience and DL-LMV/HMV | Chatra/Ranchi | 10000-12000 | |
| 02 | M/S Sri Ganpati Downa Plate Loga Wodha | Helper | 06 | Non Matric | 18+ | Non | Chatra | 7,500/- | Only for female |
| | | Driver | 01 | Matric+ Inter | | 1 Year | | 9,000/- | Only For Male |
| | | Flour Mile Operator | 01 | | | 2 Years | | 15,000/- | |
| 03 | R.B Hospital Chatra | Recipticnist | 01 | B.A + ADCA | 18-35 | Ms Word/Excel 2 Year | Awall Mohalla Chatra | 6000-8000 | Only For Female |
| | | Computer Operator | 01 | B.A + ADCA | | Ms Word/Excel 2 Year | | 6000-8000 | Only For Male |
| | | Sweeper | 02 | 8th to 10th | | -- | | 4000-5000 | Only For Female |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan. jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोटः– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 359841 (Labour Employment and Traning)25-26*D



# वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान, शेफाली को नहीं मिला मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला वनडे विश्व कप 2025 के लिए मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय महिला टीम का एलान कर दिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी और स्मृति मंधाना की उपकप्तानी में भारतीय टीम पहली बार खिताब जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। इस टीम में फिटनेस हासिल कर चुकी रेणुका सिंह ठाकुर की वापसी हुई है जबकि शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल महिला वनडे विश्व कप का आयोजन होगा। यह वैश्विक टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा जिसका फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बंगलूरू का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है।

### आठ टीमें लेंगी हिस्सा

महिला वनडे विश्व कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट में गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। उसने 2022 में न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को हराया था। ऑस्ट्रेलिया सात बार खिताब जीत चुकी है और वह टूर्नामेंट इतिहास की सबसे सफल टीम है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बंगलूरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए भारत नहीं आयेगा और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी।

भारतीय टीम श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ खेलने के बाद नौ अक्तूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में खेलेगी। टीम 19 अक्तूबर को इंदौर में इंग्लैंड से भिड़ेगी और फिर 23 अक्तूबर को गुवाहाटी में उसके सामने न्यूजीलैंड की चुनौती होगी। भारतीय टीम 26 अक्तूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी।

1. भारत-श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे मुकाबले
2. रेणुका सिंह ठाकुर की टीम में वापसी हुई है
3. फाइनल मुकाबला दो नवंबर को होगा

***महिला विश्व कप 2025*** के भारतीय महिला टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर) और स्नेह राणा। इसके अलावा बीसीसीआई की चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का एलान किया है।

## एमएफएन कंटेंडर्स सीरीज में पहली बार झारखंड के सूरज और स्वास्तिक जलवा बिखेरने को है तैयार



**रांची।** 22-24 अगस्त तक शहीद विजय सिंह पथिक इनडोर स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में होने वाली एमएफएन (मैट्रिक्स फाइट नाइट) कंटेंडर सीरीज़ में झारखंड के सूरज पाठक एवं स्वस्तिक कुमार अपना प्रतिभा बिखेरने के लिए तैयार है मैट्रिक्स फाइट नाइट का एक फॉर्मेट है. यह भारत में एमएमए (मिश्रित मार्शल आर्ट) के उभरते हुए और होनहार फाइटर्स को एक बड़ा प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। यह एक तरह का "फीडर" इवेंट है, जिसका मतलब है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले फाइटर्स को एमएफएन के मुख्य इवेंट "इंटरनेशनल फाइट नाइट" में लड़ने का मौका मिलता हैं, इसका संचालन भारतीय फिल्म जगत के सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ करते हैं, एमएफएन कंटेंडर सीरीज़ भारतीयएमएमए फाइटर्स के लिए एक लॉन्चपैड है, फाइटर बड़े मंचों पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

# भारतीय टीम इंडिया का ऐलान



## सूर्यकुमार कप्तान, गिल उपकप्तान, जायसवाल बाहर

### एशिया कप के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह

*एशिया कप 2025 टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के साथ होगा। वहीं, 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होना है।*

**एजेंसी। मुंबई**


बीसीसीआई ने एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। सूर्यकुमार यादव टीम के कप्तान हैं, जबकि शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टीम से बाहर हो गए हैं। एशिया कप के लिए यशस्वी जायसवाल को जगह न मिलने की खबरें सही साबित हुई हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने यशस्वी जायसवाल को ड्रॉप करते हुए तीसरे ओपनर के रूप में टीम में शुभमन गिल को जगह दी है। गिल को टीम का उपकप्तान भी बनाया गया है। संजू सैमसन विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं। दूसरे विकेटकीपर के रूप में जितेश शर्मा को जगह दी गई है।

टीम में बतौर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और रिंकू सिंह को जगह मिली है। वहीं, बतौर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को जगह दी गई है। एशिया कप यूएई में खेला जाएगा। वहां की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। ऐसे में टीम में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को जगह दी गई है। बतौर तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा को जगह दी गई है।

# 29 अगस्त से सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए इसी प्रतियोगिता से सिमडेगा जिला का टीम चयन किया जाएगा। राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर हॉकी सिमडेगा के द्वारा विगत 19 वर्षों से सिमडेगा जिला के हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सीनियर महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता आयोजित किया जाता आ रहा है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दिनांक 29 अगस्त से 10 सितंबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 20 वीं मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 आयोजित है। जिसमे सिमडेगा जिला के वैसे खिलाड़ी और टीम भाग ले सकते है जो सिमडेगा जिला में रहने हो एवम वर्तमान समय में वर्तमान समय में सिमडेगा में रहते है और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला टीम का प्रतिनिधित्व करते है। जिला के बाहर वैसे खिलाड़ी जो सिमडेगा जिला के हॉकी का ट्रेनिग सेंटरो में रह कर हॉकी का ट्रेनिग लेते है (सिर्फ झारखंड के)। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए इसी प्रतियोगिता से सिमडेगा जिला का टीम चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष जितनी भी टीम भाग लेगी। जिन्हे 4=4 या 3=3 टीमों का पिछले वर्ष के रैंकिंग के आधार पर अलग अलग पूल बनाकर ,किसी भी पूल में सामिल टीमों को अपने पूल के सभी टीमों का आपस में लीग मैच कराया जाएगा। तत्पश्चात सभी पूल विजेता टीम नॉक आउट दौड़ में सामिल होंगे। प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला के जो टीम भाग लेने की ईक्षा रखते है वे ,अपना टीम का निबंधन ,टीम इंट्री फॉर्म के साथ हॉकी सिमडेगा के कार्यालय में 25 अगस्त तक जमा कर सकते है या हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी के 9973839163, पंखरासियुस टोप्पो 9973838868 से संपर्क कर भेज सकते है।




## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 2.14 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें डिजिटली कनेक्ट हुई : केंद्र सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए, देश में भारतनेट परियोजना के तहत 2,14,325 ग्राम पंचायतों (जीपी) को डिजिटल तौर पर जोड़ा गया है। यह जानकारी मंगलवार को सरकार की ओर से संसद में दी गई।

इसके साथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि जून तक देश में विभिन्न सरकारी वित्त पोषित मोबाइल परियोजनाओं के तहत 21,748 मोबाइल टावर चालू किया गया है।

उन्होंने बताया कि देश के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में 4जी मोबाइल सेवाओं से वंचित गांवों में सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा 26,316 करोड़ रुपए की लागत से एक परियोजना चलाई जा रही है। कवरेज से वंचित देश के दूरदराज और ग्रामीण इलाकों और द्वीपों में उच्च-बैंडविड्थ क्षमता वाली इंटरनेट/ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा कई कदम और परियोजनाएं शुरू की गई हैं।




सरकार ने बताया कि विभिन्न ऑप्टिकल फाइबर केबल परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जैसे चेन्नई और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (2,312 किमी) के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल, मुख्य भूमि (कोच्चि) और लक्षद्वीप द्वीप समूह (1,869 किमी) के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल, और लक्षद्वीप द्वीप समूह में 225 किमी ओएफसी नेटवर्क का निर्माण करना। इन परियोजनाओं से द्वीपों में फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड/इंटरनेट सेवाओं, मोबाइल सेवाओं (4जी/5जी) और अन्य हाई-स्पीड डेटा सेवाओं को तेजी से शुरू करने में मदद मिली है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया, "भारतनेट परियोजना के तहत निर्मित बुनियादी ढांचा एक राष्ट्रीय संपत्ति है, जो सेवा प्रदाताओं के लिए बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध है और इसका उपयोग ब्रॉडबैंड सेवाएं जैसे फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन, लीज्ड लाइनें, डार्क फाइबर, मोबाइल टावरों तक बैकहॉल आदि प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।" देश के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट/डेटा और मोबाइल सेवाओं के प्रावधान के लिए विभिन्न परियोजनाएं भी कार्यान्वित की गई हैं।